
राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 नए सर्वे में अहम राज्यों में कमला हैरिस को पछाड़ रहे हैं ट्रंप.....

भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में..... 10

वर्ष : 12 | अंक : 189 | पटना, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## मोदी-पुतिन वार्ता: भारत ने एक बार फिर दिया शांति का संदेश



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को रूसी शहर कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर वार्ता से पूर्व द्विपक्षीय बैठक की। रूस-यूक्रेन संघर्ष में शांति और स्थिरता को पूरा समर्थन देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे सभी प्रयास मानवता को प्रमुखता देते हैं। आने वाले समय में भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और यूक्रेन संघर्ष को लेकर कहा कि वे लगातार दोनों देशों के संपर्क में रहे हैं। वे मानते हैं और पहले दोहरा चुके हैं कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से ही होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज कजान पहुंचे हैं। ब्रिक्स के सदस्य देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नेता इसमें भाग ले रहे हैं। ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूस को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स ने 15 वर्षों में अपनी अलग पहचान बनाई है और अब विश्व के अनेक देश इससे जुड़ना चाहते हैं। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने मित्रता एवं गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए राष्ट्रपति पुतिन का आभार व्यक्त किया। बैठक के स्थान को लेकर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि इस शहर के साथ भारत के गहरे और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। कजान में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास खुलने से रूस के साथ संबंध और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि दोबारा सरकार में आने के बाद तीन महीने में यह रूस की उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने कहा कि यह दशार्ता है कि दोनों देशों के बीच करीबी समन्वय और गहरी मित्रता है।

## जल संसाधनों का संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : मुर्मू



नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि जल संसाधनों का संरक्षण और संवर्द्धन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारी सक्रिय भागीदारी के बिना जल-सुरक्षित भारत का निर्माण संभव नहीं है। राष्ट्रपति मुर्मु ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा घोषित नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं की सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में पहला पुरस्कार ओडिशा को, उत्तर प्रदेश को दूसरा और गुजरात और पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, हमें अपने घरों के नल खुले नहीं छोड़ने चाहिए, इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ओवरहेड वॉटर टैंक से पानी ओवरफ्लो न हो, घरों में जल संचयन की व्यवस्था करनी चाहिए और सामूहिक रूप से पारंपरिक जलाशयों का जीर्णोद्धार करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि पानी हर व्यक्ति के लिए एक बुनियादी आवश्यकता और मौलिक मानव अधिकार है। स्वच्छ जल तक पहुंच सुनिश्चित किए बिना स्वच्छ और समृद्ध समाज का निर्माण नहीं किया जा सकता। पानी की अनुपलब्धता और खराब स्वच्छता का वंचितों के स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आजीविका पर अधिक प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि पृथ्वी पर सीमित मात्रा में ताजा पानी के संसाधन उपलब्ध हैं, फिर भी हम जल संरक्षण और प्रबंधन की अनदेखी करते हैं। ये संसाधन मानव निर्मित कारणों से प्रदूषित और समाप्त हो रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय जल पुरस्कार जल संसाधनों के प्रति प्रासंगिक दृष्टिकोण और कार्यों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## संक्षिप्त खबरें

### आंतकी हमला : बिहार के 3 मजदूरों का शव पटना पहुंचा

पटना। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के शिकार हुए बिहार के तीन मजदूरों का शव मंगलवार सुबह पटना पहुंचाया गया। एयरपोर्ट से अलग-अलग एंबुलेंस के जरिए श्रमिकों के शवों को उनके घर पहुंचने की व्यवस्था बिहार सरकार की तरफ से की गई। तीनों मजदूरों के शवों को सोमवार की रात श्रीनगर से विमान से दिल्ली लाया गया। इसके बाद शवों को मंगलवार सुबह दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट से पटना एयरपोर्ट लाया गया। आतंकी हमले में मारे गए मधेपुरा के रहने वाले हनीफ के रिश्तेदार ने कहा कि वह भी घटनास्थल पर अपने जीजा के साथ मौजूद था।

### झारखंड में दूसरे चरण की 38 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

रांची। झारखंड में दूसरे चरण के तहत 38 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले चुनाव की अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी गई। इसके साथ ही इन सीटों पर उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो रहा है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर निर्धारित है, जबकि पर्चों की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी। 1 नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पहले चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर होने वाले चुनाव की अधिसूचना 18 अक्टूबर को ही जारी की गई थी। इन सीटों पर नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पहले चरण के लिए अब तक 30 से अधिक उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए हैं। इस बार नामांकन पत्र ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में भरे जा रहे हैं।

## बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्रैवल और टूरिज्म फेयर की शुरूआत

# मुख्यमंत्री ने ट्रैवल एण्ड टूरिज्म फेयर-2024 का किया उद्घाटन

### बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में कई गुना होगी वृद्धि : शेखावत



प्रात : किरण

पटना। बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय ट्रैवल और टूरिज्म फेयर का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर स्थित ज्ञान भवन में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर-2024 का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर में लगी विभिन्न प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और संबंधित उत्पाद और सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

**बिहार विविधताओं से भरा प्रदेश :**

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बिहार निश्चित रूप से असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है। बिहार विविधताओं से भरा प्रदेश है। एक प्रदेश को विजिट करने के लिए एक पर्यटक को जितनी भी तरह की अपेक्षाएं हो सकती हैं, वह सभी संभावनाएं बिहार में मौजूद हैं। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि पर्यटन मंत्री के नेतृत्व में जिस तरह से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए सिरे से कार्य किए जा रहे हैं, निश्चित रूप से आने वाले समय में बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में कई गुना वृद्धि होगी। टीटीएफ में देश के 15 राज्यों से 100 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में टूर ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स की भी भागीदारी हो रही है। सभी प्रतिनिधि पटना में बिहार के पर्यटन स्थलों की जानकारी लेंगे और फिर उसे अपने देश और राज्य में प्रचारित और प्रसारित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यवसायियों और संस्थानों के लिए पर्यटन केंद्रों की सैर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, इन्वेस्टर समिट, कार्यशाला आदि का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों को बिहार के पारंपरिक-धार्मिक के साथ नए इको पर्यटन केंद्रों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वहीं महाराष्ट्र टूरिज्म के उप निदेशक विजय जाधव ने महाराष्ट्र के पर्यटन स्थलों को लेकर एक प्रजेंटेशन लोगों के बीच प्रस्तुत किया। उन्होंने महाराष्ट्र के विभिन्न स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**स्वाति मिश्रा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में माहौल को भक्तिमय बनाया**

टीटीएफ 2024 में पहले दिन संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चर्चित कलाकार स्वाति मिश्रा ने अपने गायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी से लेकर मिथिला के पारम्परिक भजनों को सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनको सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा, पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं पर्यटन से जुड़े हुये संगठन और कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बोधगया को बुद्धिस्ट सर्किट से जोड़ा जाएगा : सतपाल

### पटना साहिब गुरुद्वारा को पोंटा साहिब से जोड़ने का होगा प्रयास

प्रात : किरण



पटना। बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उत्तराखंड सरकार ने पर्यटन धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि बोधगया को बुद्धिस्ट सर्किट से और पटना साहिब गुरुद्वारा को पोंटा साहिब से जोड़ने का प्रयास होगा। बिहार सरकार की मेजबानी में दो दिवसीय यात्रा एवं पर्यटन मेला के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का अहम योगदान होता है। पर्यटन के माध्यम से ही हमें नई जगह की संस्कृति और वहां के इतिहास का पता चलता है। हमारे देश के ऋषि मुनियों ने भी पर्यटन को प्रथम महत्व दिया है। प्राचीन गुरुओं, ब्राह्मणों, ऋषियों और तपस्वियों ने कहा है कि बिना पर्यटन मानव अन्धकार प्रेमी होकर रह जायेगा। पाश्चात्य विद्वान आगस्टिन ने कहा है कि बिना विश्व दर्शन ज्ञान ही अधूरा है। महाराज ने कहा कि बिहार स्थित गंगा की सहयक नदी पुनपुन और गया को, जहां पिंड दान करने का महत्व है उसे बद्रीनाथ धाम में स्थित ब्रह्मकपाल से जोड़ते हुए देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम को भी उत्तराखंड स्थित केदारनाथ से जोड़ा जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को इनके पौराणिक और धार्मिक महत्व की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुव्यवस्थित मास्टर प्लान के तहत केदारनाथ धाम एवं बद्रीनाथ धाम के साथ ही जागेश्वर धाम, महासू, टिम्मरसैण आदि का विकास कर रही है। इस वर्ष अभी तक लगभग 42.00 लाख श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आ चुके हैं।

महाराज ने कहा कि हमारी सरकार राज्य में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सीमांत गांवों, दूरस्थ गतंव्यों में केंद्र सरकार की वाईब्रेंट विलेज योजना के तहत पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों के पलायन की समस्या को रोकने की दिशा में कार्य कर रही है। उत्तराखण्ड पर्यटन द्वारा शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के लिए एक नई पहल शुरू की गयी है, जिसमें यात्रियों, श्रद्धालुओं को हैली के माध्यम से भगवान शिव के निवास स्थान आदि कैलाश तथा ॐ पर्वत के दर्शन कराये जा रहे हैं। इसके अलावा राज्य में खगोलीय पर्यटन (एस्ट्रो टूरिज्म) को बढ़ावा दिये जाने के लिए कार्य किया जा रहा है। महाराज ने कहा कि उत्तराखंड में एस्ट्रो टूरिज्म गंतव्यों की बहुतायत है। उत्तराखंड अपने विशाल वन क्षेत्र, प्रकृति आधारित पर्यटन और होम-स्टे के साथ एस्ट्रो टूरिस्ट की पसंद बनने के लिए विशिष्ट स्थिति में है। उत्तराखण्ड पर्यटन द्वारा राज्य के विभिन्न स्थानों पर नक्षत्र सभा (एस्ट्रो टूरिज्म) का आयोजन शुरू किया गया है, जो भारत का पहला वार्षिक अभियान है। उत्तराखण्ड पर्यटन द्वारा आयोजित प्रथम दो नक्षत्र सभा (एस्ट्रो टूरिज्म) की अपार सफलता को देखते हुए अब 08 से 10 नवम्बर तक बेनीताल, चमोली में तृतीय नक्षत्र सभा (एस्ट्रो टूरिज्म) का आयोजन होगा।

## प्रत्यय अमृत बने विकास आयुक्त, कई अफसरों को नई जिम्मेदारी

पटना। बिहार सरकार ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक दर्जन अधिकारियों को इधर से उधर किया है। वरिष्ठ आइएएस अधिकारी प्रत्यय अमृत को राज्य का नया विकास आयुक्त नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद मुख्य जांच आयुक्त बनाये गये है। मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने छह आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपे जाने संबंधी अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के तहत वर्तमान विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद को स्थानांतरित करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग में मुख्य जांच अधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रत्यय अमृत को पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से मुक्त कर दिया गया है। हालांकि वे स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार में बने रहेंगे। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह को पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है। वे सामान्य प्रशासन विभाग के मुख्य जांच आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जायेंगे। गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल को खान एवं भूतत्व विभाग के प्रधान सचिव सह खान आयुक्त की जिम्मेदारी दी गयी है। वे बिहार राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड और बिहार राज्य खनन निगम लिमिटेड के एमडी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। एससी-एसटी कल्याण विभाग के सचिव दिवेश सेहरा को पंचायती राज विभाग के सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। पथ निर्माण विभाग के सचिव बी कार्तिकेय धनजी को गन्ना उद्योग विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## हम विश्वास बहाल करने की कर रहे हैं कोशिश : सेना प्रमुख

### भारत-चीन वार्ता की सफलता पर बोलें- उपेंन्द्र द्विवेदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली। भारत-चीन समझौते के एक दिन बाद भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने आज कहा कि हम अप्रैल, 2020 की स्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। उसके बाद हम सैनिक वापसी, तनाव घटाने और एलएसी की सामान्य स्थिति की ओर चरणबद्ध तरीके से बढ़ेंगे। हम एक-दूसरे के साथ विश्वास बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत और चीन ने डेप्सांग मैदानों और डेमचोक क्षेत्र में एक-दूसरे को गश्त करने के अधिकार बहाल करने पर सहमति व्यक्त की है, जहां अप्रैल, 2020 से पहले समस्याएं मौजूद थीं। इससे पहले पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ के कारण गतिरोध पैदा हुआ था। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा थिंक टैंक यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 28वें कर्नल प्यारा लाल स्मारक व्याख्यान के एक संवाद सत्र में बोल रहे थे। जनरल द्विवेदी ने कहा कि हम अप्रैल, 2020 की यथास्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। इसके बाद हम वास्तविक नियंत्रण रेखा के विघटन, डी-एस्केलेशन और सामान्य प्रबंधन पर विचार करेंगे। एलएसी का यह सामान्य प्रबंधन सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें भी चरण हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक हम विश्वास बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री की ओर से सोमवार को घोषित समझौते का अर्थ है कि भारत और चीन डेप्सांग मैदानों और डेमचोक क्षेत्र में एक-दूसरे को गश्त करने के अधिकार बहाल करने पर सहमत हो गए हैं, जहां अप्रैल, 2020 से पहले समस्याएं मौजूद थीं। साथ ही सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वे विश्वास बहाल करने और एक-दूसरे को आश्वस्त करने की कोशिश कर रहे हैं और एक बार यह बहाल हो जाने के बाद अन्य चरण जैसे पीछे हटने, तनाव कम करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा के सामान्य प्रबंधन में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख के डेप्सांग मैदानों और डेमचोक क्षेत्र में बनाए गए बफर जोन में हम नहीं घुस रहे हैं लेकिन गश्त करने से पहले दोनों को एक दूसरे को आश्वस्त करना होगा।

## ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से एक परिवार के 6 की मौत



बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में सोमवार रात ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों शवों का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया है। दरअसल, पूरा मामला सिकंदराबाद के गुलावठी रोड स्थित आशापुरी कॉलोनी का बताया जा रहा है। दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतक एक ही परिवार के थे। हादसे में जान गंवाने वालों में रियाजुद्दीन 58 वर्ष, पत्नी रुखसाना 45 वर्ष, बड़ा बेटा आस मोहम्मद 26 वर्ष, छोटा बेटा सलमान 11 वर्ष, बहू तमन्ना 24 वर्ष और उसकी बेटी हिफजा 3 वर्ष शामिल है। तमन्ना नौ महीने की गर्भवती बताई जा रही है। मकान में अन्य लोग भी रह रहे थे, जो घायल हो गए। बताया जा रहा है कि रियाजुद्दीन की पत्नी की तबियत खराब चल रही थी, जिसको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार रात को उनको घर शिफ्ट किया गया और सांस लेने में दिक्कत होने के कारण ऑक्सीजन का सिलेंडर लगाया गया था, जो ब्लास्ट हो गया। हादसे के वक्त मकान में कुल 19 लोग मौजूद थे। वहीं, धमाका इतना तेज था कि पूरा दो मंजिला मकान ध्वस्त हो गया।

## बैठक

### सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हई कैबिनेट की बैठक, 25 एजेंडों पर लगी मुहर

# कैबिनेट फैसला : मोईनुल हक स्टेडियम का होगा पुनर्निर्माण

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में कुल 25 एजेंडों पर मुहर लगी। गई है। बैठक में मोइनुल हक स्टेडियम पटना के पुनर्निर्माण के लिए बीसीसीआई के द्वारा बिहार के लिए संबद्धता प्राप्त संस्था को दीर्घकालिक लीज पर सौंपने को लेकर एमओयू किए जाने के लिए अनुमति दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि स्वीकृत एमओयू प्रारूप में प्रविधान किए गए हैं कि स्टेडियम के निर्माण के लिए बीसीए से जो करार होगा वह एक रुपये की दर पर होगा। यह प्रविधान सात वर्ष तक रहेगा। सात वर्ष के बाद लीज की अवधि 30 वर्ष की होगी। इस दौरान जो लाभ होगा उसमें 50 प्रतिशत हिस्सा बीसीसीआई और 50 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार को प्राप्त होगा। स्टेडियम का पुनर्निर्माण होगा : स्टेडियम में डे और नाइट के क्रिकेट मैच हो सकेंगे। स्टेडियम की क्षमता 40 हजार होगी। 76 कॉर्पोरेट बॉक्स और 225 लोगों की क्षमता वाली मीडिया गैलरी होगी। साथ ही बास्केटबॉल कोर्ट, स्विमिंग ताल और 70 कमरों का पांच स्टार होटल का निर्माण किया जाएगा जहां रेस्टोरेंट और डिनर हाल होगा।

**होमगार्ड जवानों को मिलेगा अतिरिक्त वेतन :**

कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया है कि छुट्टी के दिनों में काम करने पर होमगार्ड जवानों को अब एक महीने का अतिरिक्त वेतन दिया जाएगा। ये वेतन उन्हें मिलने वाले नियमित मानदेय के अतिरिक्त होगा। इसके साथ ही होमगार्ड जवानों को 20 दिनों के अतिरिक्त क्षतिपूर्ति अवकाश की सुविधा भी दी जाएगी।

**मुंबई में बिहार भवन के लिए राशि मंजूर :**

कैबिनेट ने मुंबई में बिहार भवन के निर्माण के लिए मुंबई पतन प्राधिकरण द्वारा आवंटित जमीन के लिए स्टांप शुल्क की राशि 5 करोड़ 92 लाख 42 हजार 300 रुपए मुंबई के जिलाधिकारी को भुगतान किए जाने की मंजूरी दे दी है।

**बैठक में अन्य प्रस्तावों को दी गई मंजूरी :**

इसके अलावा कैबिनेट द्वारा स्वीकृत होने वाले अन्य प्रस्तावों में बिहार स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण सेवा संशोधन नियमावली 2024, बिहार कृषि विभागीय लिपिक संवर्ग भर्ती प्रोन्नति एवं सेवा शर्त नियमावली 2024 का गठन, स्वास्थ्य विभाग बिहार पटना के अधीन बिहार नर्स संवर्ग के मूल कोटि एवं प्रोन्नति पदों पर नियुक्ति के लिए बिहार नर्स संवर्ग नियमावली 2024 का गठन तथा उनकी सेवा शर्त का निर्धारण तथा वित्त विभाग के अधीन वित्तीय विशेषज्ञ एवं बजट सलाहकार के एक-एक पद का दो वर्षों के लिए कार्यकाल विस्तार शामिल है। जिला सैनिक कार्यालय में कार्यालय परिचारी एवं रात्रि प्रहरी के पदों पर भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती को लेकर कार्यालय परिचारी एवं रात्रि प्रहरी संवर्ग नियमावली 2024 के स्वीकृति दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत एक-रे टेक्नीशियन नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई । बिहार स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला संशोधन नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बिहार परिधाापक 2024 को मंजूरी दी गई । पीएमसीएच में बिजली का नया ग्रिड लगाने को लेकर तीन अरब रुपए की मंजूरी। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय छपरा के निर्माण के लिए तीन अरब 49 लाख रुपए की मंजूरी दी गई। कृषि विभाग के अंतर्गत विभागीय लिपिक नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई। सारण तटबंध को बनाने को लेकर 60 करोड़ की मंजूरी ।तिरहुत मुख्य नहर को लेकर 181 करोड रुपए की मंजूरी।

## संक्षिप्त खबरें

### स्काउट्स एवं गाइड्स के 7वें जिला रैली का आयोजन किया

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे दानापुर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 7वें जिला रैली का आयोजन ईसीआर सिनियर सेकेन्ड्री स्कूल में किया गया है। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सीपीएम गतिशक्ति सुनील कुमार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी सह जिला आयुक्त स्काउट दानापुर अशोक कुमार द्वारा गुब्बारा उड़ाकर किया गया। विकसित भारत @2047 थीम पर आयोजित जिला रैली के प्रतिभागी टीमों द्वारा परिचय, मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से रैली की शुरूआत की गई। 26 अक्टूबर तक चलने वाले इस रैली में प्रतिभागी टीम शारीरिक दक्षता, पेंटिंग, गीत-संगीत, आदि से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागी टीमों का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर रेलवे स्कूल के प्राचार्य ज्ञानेश्वर मौजूद थे।

### राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति बीएस कॉलेज पहुंच तैयारी का जायजा लिया

दानापुर नगर के अंतर्गत। राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को पटना विश्वविद्धालय के कुलपति प्रो डॉ आर के सिंह व प्रतिकुलपति प्रो गणेश महतो ने बीएस कॉलेज पहुंच तैयारी का जायजा लिया। इनके साथ ही विश्वविद्धालय के पदाधिकारी व प्राचार्य डा मधु प्रभा व कॉलेज कर्मी उपस्थित थे। कुलपति शिलान्यास स्थल व भूमिपूजन को लेकर तैयारी के बारे में जानकारी दी। साथ आवश्यक निर्देश दिया। वही सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने भी जायजा लिया। कार्यक्रम को लेकर कॉलेज प्रशासन ने सारी तैयारी पुरी कर ली है। सनद हो कि बुधवार को कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर बीएस कॉलेज में स्नातकोतर अकादमीक परिषद द्वारा बनने वाले भवन का के निर्माण को लेकर भूमि पूजन सह शिलान्यास करेगे।

### रामजीचक घाट से लेकर बाटा तक अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत मंगलवार को जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार नगर परिषद ने रामजीचक घाट से लेकर बाटा तक अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया। नगर प्रबंधक ब्रजेश सिंह व अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ दस्ता रामजीचक घाट पर उतरी। अतिक्रमण हटाओ दस्ता ने सड़क पर व्याप्त अतिक्रमण को हटाया। अतिक्रमण हटाओ के दस्ता पहुंचते ही अतिक्रमण करने वालो मे हड़कंप मच गया। लोग सामान लेकर भागने लगे। उधर अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर परिषद का हथौड़ा चलने लगा। नगर परिषद का दस्ता स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। सड़क के दोनो ओर फैले अतिक्रमण पर नगर परिषद का हथौडा चलता रहा। इस क्रम में आधा दर्जन अतिक्रमण करने वालो से आर्थिक दंड स्वरूप 21 हजार रुपए वसुले। नगर प्रबंधक ने बताया कि अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया गया है। आगे भी जारी रहेगा।

### ओवर लोड जांच के खिलाफ वाहन चालकों ने किया प्रदर्शन

पटना सिटी, मालसलामी थाना क्षेत्र के कटरा बाजार पावर सब-स्टेशन के पास वाहन चालकों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे वाहन चालकों का आरोप था कि एमवीआई की ओर से मालवाहक वाहनों पर ओवर लोडिंग की जांच के नाम पर जबरन वसूली की जा रही है। ऐसे में वाहन चालकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि यदि एमवीआई का यही रैवया रहा, तो इसके खिलाफ माल ढुलाई का कार्य बंद कर देंगे और वाहन को खड़ा कर देंगे। प्रदर्शन में शामिल वाहन चालक और मालिकों का कहना था कि जो वाहन ओवरलोड नहीं है, उस पर भी जबरन रोक कर मनमाना जुमार्ना किया जा रहा है। विदित हो कि इससे पहले भी बाइपास थाना क्षेत्र में वाहन चालकों ने वाहन जांच अभियान चलाए जाने के खिलाफ एनएच 30 को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। बाद में मौके पर पहुंची बाइपास थाना की पुलिस मामले को समझने और लोगों को समझाने पहुंची, तो उन्हीं लोगों से हाथापाई करते हुए रोड़ेबाजी कर दिया था। इस संबंध में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को तितर-बितर कर दिया। कुछ लोगों को गिरफ्तार कर उन सबों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जेल भी भेजा था। आंदोलन पर उतरे चालकों का कहना है कि उनकी मांगों को नहीं माना गया, तब इसके खिलाफ आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# स्वास्थ्य उपकेंद्रों के एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन आवेदन के लिए तय की गयी समय सीमा

## जिलों से एनक्यूएएस आवेदन की कमियों को पूरा करने को कहा

● वर्ष 2024–25 में लक्ष्य की पूर्ति के लिए उठाया गया कदम

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर (एचडब्ल्यूसी/एचएससी) पर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट (एनक्यूएएस) के लिए प्रयास तेज कर दिया गया है। राज्य में एनक्यूएएस के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बीके मिश्र ने बताया कि अपर सचिव एवं मिशन निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समीक्षा के क्रम में वर्ष 2024–25 के लिए राज्य में एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए निर्धारित लक्ष्य तय किए गए थे। इसमें जिलों को प्रमाणीकरण के आवेदन भेजने के लिए समय सीमा निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा जिलों से प्रमाणीकरण के लिए भेजे गए आवेदन में चेक लिस्ट के लिए अनुसार कमियों को भी पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इस कुल 673 स्वास्थ्य उपकेंद्रों को प्रमाणीकरण का लक्ष्य डॉ मिश्रा ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए अलग-अलग समय सीमा तय की गयी है। इसमें 20 नवंबर तक प्रति अनुमंडल एक आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, 20 दिसंबर या उत्तरवर्ती महीनों में प्रति प्रखंड एक आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन की समय सीमा तय की गयी है। एनक्यूएएस के राष्ट्रीय असेसर डॉ माहताब सिंह ने बताया कि ए नक्यूएएस के प्रमाणीकरण में समय सीमा रखने से लक्ष्य की पूर्ति के साथ स्वास्थ्य संस्थान की सेवाओं में गुणोत्तर वृद्धि होगी। कमियों को कम समय में पूरा किया जा सकेगा। इसका असर स्वास्थ्य के आंकड़ों और मरीजों के फुटफॉल में वृद्धि देखने को मिलेगी।

# राष्ट्रीय नाशीजीव निगरानी प्रणाली एप के उपयोग के लिए किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र पटना द्वारा मंगलवार को कैमूर जिले के संयुक्त कृषि भवन में किसानों के लिए राष्ट्रीय नाशीजीव निगरानी प्रणाली,एनपीएसएस, एप के उपयोग के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

केंद्र के विवेक कांत गुप्ता, वनस्पति संरक्षण अधिकारी, की अध्यक्षता में प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनपीएसएस, एप के उपयोग एवं महत्व के विषय में, आईपीएम के महत्व एवं आईपीएम के सिद्धांत एवं उसके विभिन्न आयामों के बारे में, ट्राईकोडर्मा से बीज उपचार का प्रदर्शन, कीटनाशकों के सुरक्षित एवं संतुलित इस्तेमाल, मनुष्य पर होने वाले कीटनाशकों का दुष्प्रभाव, कीटनाशकों के लेवल एवं कलर कोड, यांत्रिक विधियों जैसे पेलो स्टिकी, ब्लू स्टीकी, फेरो मैन ट्रैप, फल मक्खी जाल, लाइट ट्रैप के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जैविक विधि के इस्तेमाल, मित्र एवं शत्रु कीटों की पहचान, नीम आधारित एवं अन्य वानस्पतिक कीटनाशक के महत्व के बारे में तथा विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट व्याधि की पहचान के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेवती रमन, जिला कृषि पदाधिकारी, सुनील कुमार, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, अभय कुमार गौरव, सहायक निदेशक उद्यान, अनिल कुमार सिंह, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, कैमूर, राहुल कुमार, पौधा संरक्षक निरीक्षक, कैमूर, कुलदीप कुमार, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, रश्मि शंकर, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, राजेश यादव, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, विकास रजक, तकनीकी सहायक एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक और सहायक तकनीकी प्रबंधक उपस्थित रहे।

# गंगा घाटों पर पैदल गश्त करेगी पुलिस, नशेड़ियों व अपराधियों पर कसेगी नकेल



● गंगा घाटों का सोमवार की रात जायजा लिया एसडीओ व एएसपी ने

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

छठ को लेकर सिटी अनुमंडल के गंगा घाटों पर अपराधियों व नशेड़ियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस पदाधिकारी व जवान पैदल गश्त करेंगे। डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह के निर्देश के आलोक में अनुमंडल प्रशासन की ओर से यह व्यवस्था की गयी है। एसडीओ सत्यम सहाय ने बताया कि राजा घाट से लेकर पथरी घाट के बीच दो पुलिस पदाधिकारी एवं छह पुलिसकर्मी और पथरी घाट से लेकर लॉ कॉलेज घाट के बीच भी दो पुलिस पदाधिकारी व छह पुलिस कर्मी पैदल गश्त करेंगे। इसके लिए पुलिस पदाधिकारी व बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीओ के अनुसार, गंगा घाटों पर पर्याप्त रोशनी और बिजली व्यवस्था करने के लिए नगर निगम को निर्देशित किया गया है। इसमें कहा गया है कि जहां पर आवश्यकता हो, वहां पर लाइट लगाने का कार्य कराया जाए। इससे पहले सोमवार की देर रात एसडीओ सत्यम सहाय और एएसपी अतुलेश झा ने गंगा घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने साथ रहे पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल से संदिग्ध की जांच भी करवाई। एसडीओ ने बताया कि यह व्यवस्था प्रभावी कर दिया गया है, ताकि गंगा घाटों पर अपराधियों और नशेड़ियों का जमावड़ा नहीं हो पाए। इस दौरान गंगा नदी के किनारे विभिन्न घाटों पर चल रहे छत को लेकर तैयारी के दौरान ठेकेदार का सामान भी गायब नहीं हो सकेगा।

# राज्यस्तरीय कला विधा के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

## खेल विदधा का आयोजन पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, कंकड़बाग में कल व परसों

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के महेंद्रू स्थित परिसर में तरंग कला एवं खेल उत्सव का आयोजन किया गया है। इसके तहत कला विधा के छह विधाओं की प्रतियोगिता, जिसमें नृत्य, गायन, मूर्ति कला, चित्रकला, रंगोली एवं निबंध लेखन का अंतिम दिन रहा। इसमें प्रतिभागियों ने अपने जोश खरोश के साथ प्रस्तुति दी एवं अपना हूनर दिखाया। साथ ही परिसर में बच्चों के सर्वांगीण विकास में कला एवं खेल की भूमिका पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। इसमें राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के पदाधिकारी डायट के संयुक्त निदेशक डॉ रश्मि प्रभा, प्रशासनिक निदेशक श्रीमती सुषमा कुमारी, खेल पदाधिकारी डॉ करुणेश कुमार, डायट लखीसराय के व्याख्याता राजीव रंजन एवं व्याख्याता डायट सिवान डॉ सैयद अहमद अयूब ने भाग लिया। कला विधा की विभिन्न प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा। नृत्य कला में प्रथम जहानाबाद डायट की मिट्ठू कुमारी, द्वितीय डायट पूरबसराय मुंगेर की दीपा कुमारी, तृतीय डायट सीतामढ़ी की सोनाक्षी कुमारी, गायन कला में प्रथम डायट लखीसराय का सरगम सम्राट, द्वितीय डायट बांका की आराध्या कुमारी, तृतीय डायट पूरब सराय मुंगेर की सादिया परवीन रहीं। मूर्ति कला में प्रथम स्थान डायट माधवपट्टी दरभंगा के मुकेश कुमार, द्वितीय डायट दिग्घी वैशाली के अभिषेक कुमार, तृतीय डायट कुमारबाग पश्चिम चंपारण की जूही कुमारी, चित्रकला में प्रथम डायट रामबाग मुजफ्फरपुर की तन्नू कुमारी, द्वितीय पीटीईसी विष्णुपुर बेगूसराय के आयुष कुमार व तृतीय डायट रोहतास का रिया राज रहा। रंगोली में प्रथम डायट रोहतास की वर्षा कुमारी, द्वितीय पीटीईसी बिहिया भोजपुर की पूजा कुमारी, तृतीय पीटीईसी हवेली खड़गपुर मुंगेर की कुमकुम कुमारी और निबंध लेखन में प्रथम डायट पूसा समस्तीपुर की ऋषिका कुमारी, द्वितीय डायट सिवान की पूनम कुमारी व पीटीईसी बाढ़ का सिद्धांत कुमार रहा। पुरस्कार वितरण के दौरान एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर, संयुक्त निदेशक (डायट) डॉ रश्मि प्रभा, संयुक्त निदेशक (प्रशासन) सुषमा कुमारी, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं व्याख्याता मौजूद रहे। कला के हर विधा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं सात-सात सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किया गया। सभी विजेताओं के साथ सभी प्रतिभागियों को अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ का हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। निदेशक सज्जन आर के अनुसार कला विधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बिहार दिवस पर प्रस्तुति देने का मौका मिलेगा। विदित हो कि इस राज्यस्तरीय कला एवं खेल प्रतियोगिता का अगला चरण खेल विदधा का आयोजन 24 एवं 25 अक्टूबर को पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में आयोजित किया गया है।

# उपचुनाव में एआईएमआईएम की एंट्री, बेलागंज व इमामगंज से उतारे प्रत्याशी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार में चार विधानसभा सीटों पर हो रहा उपचुनाव दिलचस्प होता जा रहा है। यहां उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज है। इस बीच, मंगलवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन ने भी इस उपचुनाव में एंट्री मार दी है। एआईएमआईएम ने बेलागंज और इमामगंज से अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। इधर, प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए सुशील कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान ने उप चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए कहा कि चारों सीट के बारे में जो वहां की जमीनी हकीकत है और पार्टी के लोगों की राय है और अनुशंसा है, उसके आधार पर प्रत्याशियों के नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेजा था। वहां से मंगलवार को दो सीटों बेलागंज और इमामगंज से प्रत्याशी के नाम तय कर दिए गए है। बेलागंज से मोहम्मद जामिन अली और इमामगंज से कंचन पासवान को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। बताया जा रहा है कि तरारी और रामगढ़ से भी ओवैसी की पार्टी जल्दी ही अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर सकती है। इधर, जनसुराज पार्टी ने रामगढ़ से सुशील कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है। जन सुराज के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज भारती ने कैमूर में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि सुशील कुशवाहा जमीनी राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में बसपा प्रत्याशी के तौर पर 80 हजार वोट प्राप्त किया था। ये बसपा में प्रदेश महासचिव भी रह चुके हैं। उल्लेखनीय है कि जनसुराज पहले ही तीन सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। एनडीए और महागठबंधन पहले ही अपने -अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। बिहार में चार विधानसभा सीटों तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज पर उपचुनाव हो रहे हैं। यह उप चुनाव गठबंधनों एनडीए और महागठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। तरारी में सीपीआई के सुदामा प्रसाद, बेलागंज में राजद के सुरेंद्र यादव, इमामगंज में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतनराम मांझी और रामगढ़ में राजद के सुधाकर सिंह के लोकसभा पहुंच जाने से ये चारों सीटें खाली हुई हैं। सभी सीटों पर 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को चुनाव नतीजे आएंगे।

# भवन निर्माण विभाग के सचिव ने पटना में निमार्णाधीन नए समाहरणालय भवन का किया निरीक्षण

## पदाधिकारियों को समय से पूरा करने का दिया निदेश



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि द्वारा पटना के निमार्णाधीन नए समाहरणालय भवन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य में भौतिक प्रगति की समीक्षा की एवं अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर पटना के जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, एसएसपी राजीव मिश्रा, भवन निर्माण विभाग के अपर सचिव समेत विभागीय पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। सचिव ने फ्लोरवाईज एवं ब्लॉकवाइज टाईमलाईन के अनुसार प्रगति, प्रवेश-निकास कन्ट्रोल, आपातकालीन स्थिति में व्यवस्थित निकासी की सुविधा, अन्य सुरक्षात्मक एवं आपातकालीन व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा, पीएएस एवं इंटरकॉम की व्यवस्था, शौचालय, वेंटिलेशन, प्रकाश, कॉमन एरिया सहित सभी बिन्दुओं पर एक-एक कर समीक्षा की तथा पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में भौतिक प्रगति काफी अच्छी है। काम तेजी से हो रहा है। समाहरणालय की सामान्य आवश्यकता के साथ-साथ हरएक कार्यालय की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उन्होंने आम जनता एवं आगंतुकों की सहायता के लिए हरएक फ्लोर पर साईनेज लगाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि उन्नत सेक्युरिटी प्रोटोकॉल पर आधारित अत्याधुनिक तकनीकों से समाहरणालय भवन का कंट्रोल एवं कमांड रहेगा। नए भवन में आम जनता के लिए उत्कृष्ट सुविधा रहेगी। बैठने के लिए पर्याप्त जगह के साथ-साथ शौचालय एवं पेयजल की बेहतरीन व्यवस्था रहेगी। यहाँ दिन-रात काम चल रहा है ताकि जिलेवासियों को यह अतिशीघ्र प्राप्त हो जाए। नए समाहरणालय भवन निर्माण के कार्य में प्रगति का नियमित अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अभियंतागण, पदाधिकारीगण तथा एजेंसी के कर्मी दिन-रात लगे हुए हैं। निर्धारित समय सीमा के अंदर इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। फर्निशिंग, फिटिंग एवं फर्निचर का कार्य चल रहा है। अगले माह 15 नवंबर तक नए समाहरणालय का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को बचे हुए कार्य को तेजी से कराने का निर्देश दिया गया है। नए समाहरणालय भवन के रख-रखाव के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। गंगा नदी के किनारे अवस्थित नया समाहरणालय परिसर स्थापत्य कला का एक उत्कृष्ट उदाहरण होगा। उच्च तकनीकों पर आधारित एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह भवन निर्माण के बाद राज्य की राजधानी में एक महत्वपूर्ण केन्द्र होगा। जिलेवासियों के लिए यह वन-स्टॉप सॉल्युशन का काम करेगा। एक छत के नीचे जिला प्रशासन के सभी कार्यालय अवस्थित रहेंगे। इससे कार्य-संस्कृति और सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को अधिक सुगमता से सेवा प्रदान की जा सकेगी। गौरतलब है कि इसका निर्माण भवन निर्माण विभाग के निर्माण प्रमंडल-1 द्वारा किया जा रहा है। भू-खण्ड का क्षेत्रफल (प्लॉट एरिया) 43,454 वर्ग मीटर है। प्रस्तावित नए समाहरणालय भवन परिसर के उत्तर में गंगा नदी एवं दक्षिण में गाँधी मैदान है। इसका डिजायन विद्यमान एवं आधुनिक वास्तुशैली का सरलीकृत मेल है। मुख्य भवन में 39 विभाग संचालित होगा। समाहरणालय में बेसमेन्ट एवं भूतल के अलावा पाँच फ्लोर होगा। केन्द्रीय समाहरणालय भवन के अतिरिक्त परिसर में दो और ब्लॉक- एसडीओ एवं डीडीसी ब्लॉक तथा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ऑफिस एवं बहुउपयोगी (मल्टी-यूटिलिटी) भवन ब्लॉक रहेगा। एसडीओ एवं डीडीसी ब्लॉक में बेसमेन्ट एवं भूतल के अलावा चार फ्लोर होगा। सभी विभागों का अलग-अलग प्रवेश रहेगा। परिसर में एक केन्द्रीय हरित पब्लिक प्लाजा भी होगा। अंडरग्राउण्ड एवं खुला पार्किंग भी रहेगा। पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश एवं हवा की सुविधा रहेगी। भवन वीआरवी प्रणाली आधारित केन्द्रीकृत एयर कंडिशनर से लैस रहेगा। कैन्टीन एवं बैंक की भी सुविधा रहेगी। प्रस्तावित नया समाहरणालय भवन परिसर में लगभग 205 ओपेन पार्किंग एवं लगभग 240 बेसमेन्ट पार्किंग की सुविधा रहेगी। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से इस परिसर में उत्कृष्ट मापदण्डों का अनुपालन किया जाएगा। सीसीटीवी सर्विलैन्स, अत्याधुनिक अग्नि सुरक्षा तंत्र, प्रवेश-निकास कन्ट्रोल, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, भूकम्प रोधी संरचना तथा आपातकालीन स्थिति में व्यवस्थित निकासी की सुविधा से यह भवन लैस रहेगा। 200 से 225 की संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगा रहेगा। 200 लोगों के बैठने के लिए एक कॉन्फ्रेन्स रूम, 80 लोगों के लिए दूसरा कॉन्फ्रेन्स रूम तथा 40 लोगों के लिए एक अन्य कॉन्फ्रेन्स रूम रहेगा। सभी कॉन्फ्रेन्स रूम प्रोजेक्टर एवं ऑडियो-विजुअल प्रणाली से सुसज्जित रहेगा। परिसर में चार उद्यान रहेगा जिसका कुल हरित क्षेत्र लगभग 3,484 वर्गमीटर होगा। मानदण्डों के अनुसार रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा ऊर्जा संरक्षण हेतु सोलर पैनल अधिष्ठापित की जाएगी। इस भवन के निर्माण से आम जनता को सर्वोत्तम सुविधाएँ प्राप्त होंगी।

# मेडिकल दुकान को निशाना साध दो गोली चलाया, एक को पेट को छूते निकला

## घटनास्थल से एक खोखा व एक जिंदा गोली बरामद, कारोबारी दहशत में

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



खाजेकलां थाना क्षेत्र के सुदर्शन पथ के किनारे होलसेल मेडिकल दुकान पर अपराह्न में अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। हालांकि बाद में एक जिंदा गोली भी लोगों ने वहां से उठाकर दुकानदार को दिया है। पहले एक हवाई फायरिंग की गई। इसके बाद दुकान की ओर निशाना साधते हुए सड़क के दक्षिणी छोर से दो गोली चलाई गई, जो काउंटर से भेदते हुए निकल गई। हालांकि बाद में एक जिंदा गोली भी पुलिस के वहां से जाने के बाद लोगों ने ढूंढ निकाला और पुलिस को सूचित किया। इस संबंध में मोगलपुरा सूई की मस्जिद मोड़ के पास गौरव मेडिकल हॉल के प्रोप्राइटर गौरव कुमार पिता राजकुमार ठाकुर ने बताया कि वह लगभग रोज दोपहर में दवा की खरीदारी करने पटना चला जाता है। इस दौरान दुकान पर चार स्टाफ और मां रहती हैं। चूंकि आज ही हाजीपुर में रहने वाले उनके नाना का निधन हो गया था। इस कारण से उसकी मां अपने पिता के अंतिम दर्शन को चली गई थी। दुकान पर घटना के समय उनका भतीजा आदित्य और स्टाफ सारिक था। वैसे दुकान पर उनका दो भतीजा और दो स्टाफ रहता है। एक अन्य स्टाफ के बहन की तबीयत अधिक खराब होने के कारण वह मध्याह्न में छुट्टी लेकर डॉक्टर से दिखाने चला गया था। मंगलवार को अपराह्न करीब तीन बजे रेल लाइन की ओर से पहले एक हवाई फायरिंग की गई। इसके करीब 15 मिनट के बाद सुदर्शन पथ के दक्षिणी छोर से निशाना साधते हुए दो गोली चलाई गई। यह काउंटर में आकर लगी और छेद कर दिया। एक गोली उनके भतीजा आदित्य के पेट को छूते हुए निकल गई। मौके पर मौजूद उनके स्टाफ तारिक और भतीजा आदित्य बच गया। इसके बाद वे दोनों घबरा गए। उन्हें कॉल कर घटना की जानकारी दी गई। वह भागते हुए अपनी दुकान को पहुंचे। तब तक खाजेकलां थाना की पुलिस भी आ चुकी थी। गौरव ने बताया कि दवा की दुकान करीब दो साल से अधिक से चला रहा है। कभी किसी से कोई विवाद नहीं हुआ है और न कभी उससे किसी तरह की कोई रंगदारी की मांग की गई है और उन्होंने देने से इनकार किया है। इसके बावजूद पता नहीं किन कारणों से उनके दुकान को लक्षित करते हुए गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। पुलिस दवा दुकानदार गौरव कुमार से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। दुकानदार रेलवे लाइन के दक्षिण की ओर ही बने मकान में रहता है। उसने बताया की गोली चलाने वाला नौजवान था। वह भगवा रंग का गमछा चेहरे पर बांध रखा था और रेल लाइन से सटे ट्रांसफार्मर के थोड़ा पश्चिम की ओर से वह फायरिंग किया है। रेल लाइन के दक्षिण की ओर सीसीटीवी लगा है संभवत उसमें गोली चलाने वाले की तस्वीर कैद हुई हो गोली चलाने वाला भी फायरिंग करने के बाद रेलवे लाइन के रास्ते होते हुए भागा है। पुलिस पूछताछ करने के बाद जैसा ही लौटी, इस दौरान घटनास्थल के पास से लोगों ने एक गोली उठा कर दुकानदार को दिया। इसकी सूचना थानाध्यक्ष को कॉल कर दी गई। थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची है घटना के बारे में जानकारी ली गई है गोली चलाने वाले का फुलिया पहनावा की जानकारी ली गई है आसपास में रहे सीसीटीवी को भी खाना लेने का काम किया जा रहा है फिलहाल पुलिस अपराधी की शिनाख्त करने व दबोचने में लगी है।

# विस उपचुनाव : बीजेपी ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी ने बिहार की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में पार्टी ने सोमवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। भाजपा की ओर से जारी 40 स्टार प्रचारकों की सूची में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को भी जगह दी गई है। इसके अलावा, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सतीश चंद्र दुबे और डॉ. राज भूषण निषाद जैसे चेहरे भी अपनी चुनावी रणनीतियों के साथ जनता के बीच जाएंगे। सभी स्टार प्रचारक भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का काम करेंगे। स्टार प्रचारकों की सूची में विनोद तावड़े, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, भीखूभाई दलसानिया, दीपक प्रकाश, राधा मोहन सिंह, संजय जायसवाल, गोपाल नारायण सिंह, मंगल पांडे, ऋतुराज सिन्हा, राजीव प्रताप रूडी, रवि शंकर प्रसाद, अश्विनी कुमार चौबे, डॉ. प्रेम कुमार, राज कुमार सिंह, सैयद शाहनवाज हुसैन, अमरेंद्र प्रताप सिंह, नितिन नबीन, तारकिशोर प्रसाद, रेनू देवी, नीरज कुमार बब्लू, संतोष सिंह, हरि साहनी, जनक चमार, केदार प्रसाद गुप्ता, नीतीश मिश्रा, विवेक ठाकुर, सुशील सिंह, डॉ. धर्मशीला गुप्ता, भीम सिंह, अनिल शर्मा, मिथिलेश तिवारी, शिवेश राम, राजेश वर्मा का भी नाम शामिल है। बता दें कि बिहार विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं।

# झारखंड में एनडीए गठबंधन की बनेगी सरकार : विजय

## बोलें- सीट बंटवारे में महागठबंधन का आंतरिक दरार हुआ उजागर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सूबे के जलसंसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी ने महागठबंधन की एकता पर सवाल खड़ा किया है। मंगलवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन का आंतरिक दरार अब सार्वजनिक हो चुका है और ऐसे दिखावे के गठबंधन पर झारखंड की जनता कभी भरोसा नहीं जताएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी, इसमें कहीं कोई संदेह नहीं है। श्री चौधरी ने कहा कि वृहद राजनीति के परिपेक्ष्य में जदयू का एनडीए के साथ सीटों का समझौता हुआ है और हमारी पार्टी दोनों सीटों पर बड़ी जीत दर्ज करेगी। आगे उन्होंने कहा कि बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम बिहार आई है और हम सभी पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि क्षति के अनुरूप केंद्र सरकार की तरफ से हमें पूरी मदद मिलेगा।

### उप-चुनाव की सभी 4 सीटों पर जीत दर्ज करेगा एनडीए:

मंत्री जनाब जमा खां ने कहा कि बिहार विधानसभा उपचुनाव की सभी 4 सीटों पर एनडीए गठबंधन बड़ी जीत दर्ज करेगा। विपक्ष के दावे में कहीं कोई दम नहीं है, जनता उनकी असलियत को पहचान चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 के बाद बिहार में विकास की लंबी लकीर खींची है, जबकि बिहार को लूटना विपक्ष की एकमात्र मंशा है। हमारे नेता के नेतृत्व में प्रदेश में अमन-चैन का माहौल कायम है, साथ ही नीतीश कुमार पर समाज के सभी वर्ग का अटूट विश्वास है। इससे पहले मंत्रीगण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुचें आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की। मौके पर वरीय नेता प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं प्रदेश महासचिव लोकप्रकाश सिंह मौजूद रहे।

# पटना में भी अंतर्राष्ट्रीय मैच का होगा आयोजन : सम्राट

## कहा-बिहार के खिलाड़ी भी आईपीएल मैच खेलेंगे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मोईनुलहक स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिये भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के द्वारा बिहार राज्य हेतु सम्बद्धता प्राप्त संस्था को दीर्घकालीन लीज पर सौपने के निमित्त एमओयू किये जाने हेतु मंत्रिमंडल द्वारा आज अनुमति प्रदान की गयी है। मोईनुलहक स्टेडियम राज्य में अवस्थित एक प्रतिष्ठित स्टेडियम है। पूर्व में यहाँ कई अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहा है। वर्तमान में यह काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। नगर विकास एवं आवास विभाग इस स्टेडियम के पुनर्निर्माण हेतु खेल विभाग बिहार द्वारा सशर्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया था।

### 40,000 से अधिक की दर्शक क्षमता :

श्री चौधरी ने बताया कि स्टेडियम में निम्नलिखित सुविधाएं होंगी- 40,000 से अधिक की दर्शक क्षमता, एक मुख्य एवं 9 पिच मैदान, फ्लडलाइट के साथ रात्रि क्रिकेट, सदस्य मंडप और एक मीडिया स्टैंड 250, टेनिस और बास्केट बॉल कोर्ट, स्विमिंग पूल, जिम और स्पा सहित सदस्यों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं, 76 कॉर्पोरेट आतिथ्य बॉक्स, आवासीय आवास के साथ इनडोर क्रिकेट अकादमी, मेहमानों के लिए 70 कमरे जिनमें 5 सितारा होटलों के समकक्ष सुविधाएं सहित मल्टी लेवल पार्किंग रेस्तरां और डिनर हॉल भी होगा जिनका उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जायेगा, मोईनुलहक स्टेडियम, राजेन्द्र नगर, पटना के पुनर्निर्माण होने के उपरांत अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय स्तर के कई क्रिकेट मैचों के आयोजन होने की संभावना है। इससे राज्य के क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा एवं साथ ही राज्य में खेल के विकास को भी बल मिलेगा एवं राज्य की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

विदित हो कि देश के कई अन्य राज्यों में भी भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के द्वारा सम्बद्धता प्राप्त संस्था को दीर्घकालीन लीज पर जमीन उपलब्ध करा कर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा मोईनुलहक स्टेडियम के पुनर्निर्माण हेतु भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के द्वारा बिहार राज्य हेतु सम्बद्धता प्राप्त संस्था को दीर्घकालीन लीज पर सौंपने के निमित्त हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित भूमि का कुल रकवा 31.36 एकड़ भूमि का वास्तविक बाजार मूल्य 20 लाख 25 हजार रुपए प्रति डिसमील यानि कुल 6,35,04,00,000 रुपए उक्त भूमि को पट्टा पर दिये जाने की परिस्थिति में कुल मूल्य का 5 प्रतिशत वार्षिक व्यवसायिक लगान प्रतिवर्ष देय होता। यानि कुल 31,75,20,000 रुपए प्रतिवर्ष देय होगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के अनुसार लीज प्रपत्र के सुसंगत शर्तों के आलोक में नये लीज हेतु निर्धारित दर को शिथिल राज्य सरकार द्वारा किया गया है।

# तारारी विस उपचुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित : दिलीप

## एनडीए के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में विशाल प्रशांत का नामांकन दाखिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



तारारी विधानसभा उपचुनाव के लिए एनडीए प्रत्याशी विशाल प्रशांत के भव्य नामांकन समारोह का आयोजन भोजपुर जिले के आरा में किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने एनडीए को समर्थन देने का संकल्प लिया। जनता के इस विशाल समर्थन से यह स्पष्ट होता है कि एनडीए की जीत सुनिश्चित है और तारारी का भविष्य विकास के नए मार्ग पर अग्रसर होगा। इस नामांकन समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल शामिल हुए साथ ही बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा,जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, एवं एनडीए के अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इन नेताओं ने विशाल प्रशांत की उम्मीदवारी का समर्थन करते हुए जनता को एनडीए सरकार की विकास योजनाओं से अवगत कराया और एक बार फिर एनडीए की जीत के लिए समर्थन की अपील की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा, यह चुनाव केवल एक राजनीतिक मुकाबला नहीं है, बल्कि यह तारारी के विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने का अवसर है। एनडीए सरकार ने अब तक जो विकास कार्य किए हैं, वे जनता के सामने हैं, और आगामी चुनावों में जनता का समर्थन हमें और भी आगे बढ़ाने में मदद करेगा। विशाल प्रशांत के नेतृत्व में तारारी का समग्र विकास होगा। डॉ. जायसवाल ने कहा कि इस चुनाव में जनता एनडीए को समर्थन देकर अपने क्षेत्र की प्रगति और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे भारी संख्या में मतदान कर एनडीए प्रत्याशी श्री विशाल प्रशांत को विजयी बनाएं और एनडीए के विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाएं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,विजय सिन्हा और जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने भी अपने संबोधन में तारारी वासियों से अपील की कि वे एनडीए को अपना समर्थन दें। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव एनडीए के विकासशील योजनाओं और जनता की भलाई के लिए किए गए कार्यों को जनता तक पहुँचाने का एक और अवसर है। इस नामांकन समारोह में शामिल हजारों लोगों के उत्साह और समर्थन से यह साफ हो गया है कि एनडीए को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। क्षेत्रीय विकास, रोजगार सृजन, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसे मुद्दों पर एनडीए का ध्यान केंद्रित है, और जनता ने इन योजनाओं पर भरोसा जताया है। समारोह के अंत में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में एनडीए की जीत के लिए संकल्प लिया और चुनाव के दिन जनता से भारी मतदान करने की अपील की।

# राजद की राजनीति अब अंतिम पड़ाव पर : उमेश कुशवाहा

## नकारात्मक राजनीति के झांसे में नहीं आएगी जनता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव राजनीतिक बौखलाहट में अनर्गल बयान देने के आदी हो चुके हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर ट्वीट के माध्यम से तेजस्वी यादव द्वारा किया गया निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग उनके राजनीतिक परवरिश को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि मयादाओं के विपरीत राजनीति करना राजद की पुरानी शैली है और नेता प्रतिपक्ष भी अपने उसी परंपरा को अब आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि नीतीश सरकार की उपलब्धियों और विकासकार्यों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष के नेतागण व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप पर उतर गए हैं। वर्ष 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की कृपादृष्टि नहीं पड़ती तो राजद का आज राजनीतिक अस्तित्व भी नहीं होता। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे नेता की देन है कि तेजस्वी यादव को राजनीतिक पहचान हासिल हुई है, इसलिए उन्हें किसी भी तरह का अनर्गल बयान देने से पहले श्री नीतीश कुमार के राजनीतिक उपकार को जरूर याद करना चाहिए। श्री कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी यादव को विरासत में बनी-बनाई राजनीतिक दुकान जरूर मिल सकती है लेकिन अपने व्यवहारिक समझ को विकसित करने के लिए हर व्यक्ति को संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की होशियार जनता नकारात्मक राजनीति करने वालों के झांसे में कभी नहीं आएगी। लगातार मिल रही राजनीतिक विफलता की कुंठा में नेता प्रतिपक्ष पूरी तरह से अपना आपा खो चूकें हैं। राजद की राजनीति अब अंतिम पड़ाव पर है इसलिए उनके नेताओ की बौखलाहट और बेचैनी स्वभाविक है।

# एनडीए की मजबूत सरकार 2025 में भी प्रचंड बहुमत से सुनिश्चित हो : चिराग

## लोजपा रामविलास के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय श्री कृष्णा चेतना परिषद में आयोजित की गई। बैठक को बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान नें संबोधित करते हुए मौजूद पार्टी के सभी वरीय पदाधिकारियों से आगामी 28 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में आयोजित पार्टी की रैली को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। श्री चिराग ने रैली से संबंधित तमाम व्यवस्था और तैयारी का जायजा लिये और सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक पार्टी के पदाधिकारी से विमर्श कियें। इस ऑफर पर बैठक को संबोधित करते हुए चिराग ने कहा कि 2021 में पार्टी के टूट के बाद आप सबों का अपार सहयोग ने आज 100 परसेंट स्ट्राइक रेट के साथ जिस तरह लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है आगे विधानसभा में भी उससे बेहतर करने का प्रयास किया जाए इसके लिए संगठन का मजबूत होना बहुत आवश्यक है। 2025 विधानसभा ध्यान में रखते हुए संगठन को लेकर युद्ध स्तर पर मजबूत करने की जरूरत है जिससे एनडीए को भी हमारी पार्टी की मजबूती मिल सके और बिहार में एनडीए की मजबूत सरकार 2025 में भी प्रचंड बहुमत से सुनिश्चित हो सके। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने की । श्री चिराग ने बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कुछ लोग उनको और उनके प्रधानमंत्री के बीच दूरी पैदा करना चाहते हैं जिसमें वह कभी कामयाब नहीं होंगे। प्रधानमंत्री के साथ किसी भी तरीके के विवाद में जाएं, वह संभव नहीं है। वहीं, उन्होंने कहा कि झारखण्ड में एक सीट मिलने से वे खुश हैं। उन्होंने चतरा की सीट मिलने पर खुशी जाहिर की। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने बताया कि अवसर पर सांसद राजेश वर्मा, शांभवी चौधरी, सत्यानंद शर्मा , डॉ शहनवाज अहमद कैफी, प्रदेश मीडीया प्रभारी कुंदन कुमार,निशांत मिश्रा मौजूद थे।

# बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाये: राजा

● भाकपा राज्य परिषद की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक को लखीसराय में संपन्न हुई। बैठक में कई राजनीतिक और संगठिनक प्रस्ताव पारित किये गये तथा जन संघर्ष तेज करने का आह्वान किया गया। बैठक का उदघाटन राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने किया। बैठक को राष्ट्रीय सचिव व पूर्व सांसद नागेन्द्र नाथ ओझा सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। जबकि अध्यक्षता ओमप्रकाश नारायण, जितेंद्र कुमार और इरफान अहमद फातमी की अध्यक्षमंडली ने की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में अगले साल 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने,पार्टी का सदस्यता, नवीकरण के कार्य को अभियान चलाकर 31 दिसम्बर तक पूरा करने, बिहार पार्टी का 85 वां स्थापना दिवस समारोह गांव गांव आयोजित करने और केंद्र व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का फैसला लिया गया। बैठक में किसानों, खेत मजदूर और ट्रेड यूनियन के द्वारा 26 नवम्बर को आयोजित चेतावनी रैली को समर्थन देने का निर्णय लिया गया।

### बढ़ती महंगाई व बाढ़ पीड़ितों के सवालों पर प्रस्ताव पारित :

बैठक में बढ़ती महंगाई के खिलाफ, एंव राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के विरोध में और बाढ़ पीड़ितों के सवालों पर प्रस्ताव पारित किए गए। पूरे देश में जनगणना के साथ साथ जातीय जनगणना कराने की मांग की गई। बाढ-सुखाड़ के स्थाई के निदान के लिए ठोस कदम उठाने और कोशी, कमला और बागमती नदी के उदगम स्थल पर बहुउद्देश्यीय हाई डैम निर्माण कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। बाढ़ पीड़ितों को 25 हजार रुपये सहायता देने और प्रति एकड़ 20 हजार रुपये फसल का मुआवजा देने की मांग की गई।

### न विरोधी एनडीए सरकार को हटाना है :

बैठक का उदघाटन करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने कहा कि बिहार की डबल इंजन की सरकार सभी मोर्चे पर पूरी तरह विफल है। उन्होंने कहा कि अगले साल 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दी जाये। बिहार की सत्ता से जन विरोधी एनडीए सरकार को हटाना है। नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था चैपट हो गई है। सरकार सभी फैसले पूंजीपतियों के हित में लेती है। कॉरपोरेट घरानों की संपत्ति लगातर बढ़ती जा रही है जबकि गरीब और गरीब हो रहे हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 में भारत का स्थान 105 वां है। मोदी सरकार में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, पर हमले बढ़े हैं। राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि बिहार में हत्या, लूट, अपराध की घटना लगातार बढ़ रही है। कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो गई है। राज्य सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बढ़ते अपराध, महँगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ व विभिन्न ज्वलंत सवालों को लेकर संघर्ष तेज करेगी।

# छठ पर शिक्षकों की छुट्टियां काटना धर्म नहीं :राठौड़

## छठ पर्व पर मिले शिक्षकों को चार दिन की छुट्टी

पटना। बिहार सरकार के द्वारा निकाले गए ताजा आदेश में जहां महापर्व छठ पर राज्य के शिक्षकों के छुट्टियों में कटौती को बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने असामाजिक और अधार्मिक सोच करार दिया है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि बिहार में महापर्व छठ का विशेष महत्व होता है और इस पर्व को विधिवत और बहुत ही शुद्धता के साथ सभी बिहारवासी मनाते हैं। इस पर्व में चार दिनों का विधिवत पूजन होता है और बिहार सरकार के ताजा आदेश में इस छुट्टी में शिक्षा विभाग ने कटौती कर दी है जो अधार्मिक और गैर न्याय संगत प्रतीत हो रहा है। जदयू और भाजपा की जोड़ी केवल जनता और शिक्षकों को परेशान करने पर उतारू है। सभी को पता है कि महापर्व छठ पर बिहार के लोग दूर दूर से परिवार के साथ इस अनुष्ठान में भाग लेने आते हैं और ऐसे में लगातार अध्यापन से अल्प अवकाश मिलने पर परिवार के साथ समय बिताने का भी मौका मिलता है लेकिन सनातन धर्म का झूठा अलम्बरदार बनने वाले भाजपाई कहीं से भी इस फैसले का विरोध नहीं किए क्योंकि उन्हें केवल चुनावों में ऐसे मामले दिखते हैं। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार को अविलंब जनहित और महापर्व को देखते हुए अपने इस छुट्टी में कटौती के फैसले को वापस लेना चाहिए अन्यथा कांग्रेस पार्टी इसका जमकर विरोध करेगी जब तक ये फैसला नीतीश भाजपा सरकार वापस नहीं ले लेती।

# बिहार आने वाले समय में ईको टूरिज्म का होगा सबसे बेहतर पर्यटन स्थल : नन्द किशोर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में ईको टूरिज्म की बड़ी सम्भवनाएं है। आने वाले समय में बिहार इसका सबसे बड़ा केंद्र होगा। उक्त बातें बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नन्द किशोर ने कही। वह पर्यटन विभाग की ओर से पटना के ज्ञान भवन में आयोजित टीटीएफ 2024 के दूसरे सत्र में प्रकृति और पोषणः एक जिम्मेदार इको-पर्यटन मॉडल का निर्माण विषय पर आयोजित समूह परिचर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अभी बिहार में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने को लेकर पर्यटन विभाग काम कर रही है। इस समूह परिचर्चा में जो भी सुझाव आये हैं उसपर आगे काम किया जाएगा। भोजपुर के वन प्रमंडल अधिकारी, आईएफएस प्रदीप गौरव ने ईको टूरिज्म के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि रोहतास व कैमूर में इसकी अपार सम्भवनाएं है। पूर्व में नक्सल समस्या के कारण उस क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे स्थल हैं जहां तक लोग पहुंच ही नहीं सके थे। अब धीरे धीरे वे स्थल चिह्नित किये जा रहे हैं। ये स्थल विश्व के पटल पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने ईको टूरिज्म पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इकोटूरिज्म का मतलब संरक्षण, समुदायों और संधारणीय यात्रा को एकजुट करना है।

### बिहार में होम स्टे की संख्या बढ़ाने की जरूरत :

सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश सरकार के पर्यटक विभाग के सलाहकार राज बसु ने ईको टूरिज्म के दौरान होम स्टे को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि उन पर्यटन स्थलों पर एकदम से ग्राम्य जीवन जैसा अनुभव पर्यटकों को तभी मिल सकता है जब वे होटल की जगह वहां प्रकृति परिवेश में अपना समय गुजारें। इसके लिए उन पर्यटन स्थलों के पास गांव में होम स्टे की सुविधा बेहतर होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिहार पौराणिक काल से ही पर्यटन का केंद्र रहा है। महाभारत व भगवान बुद्ध के समय को देखें तो इसका प्रमाण मिलता है। जो लोग बोध गया आते हैं वे वेणु वन भी जाएं।

# किसानों के बीच करोड़ों की अनुदान राशि का ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्र वितरित : मंगल

## अब खेती के लिए भाड़े पर भी उपलब्ध होंगे सभी आवश्यक कृषि यंत्र

● किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राज्य के विभिन्न जिलों में कृषि यंत्र बैंक स्थापना के लिए लाभार्थियों के बीच कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना हेतु कृषि यंत्रों का वितरण किया। इस दौरान सूबे के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर राज्य के किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार लगातार कार्यरत है। उसी क्रम में राज्य के किसानों को आधुनिक तरीके से खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग अत्याधुनिक कृषि यंत्रों की खरीदारी के लिए अनुदान दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सहयोग से राज्य के किसान खुशहाल हो रहे हैं। किसानों की स्थिति में सुधार के लिए सरकार कृषि यंत्र, सिंचाई, बीज, खाद, बाजार व कृषि यंत्रों के साथ-साथ हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध की जा रही है।

### 75 प्रकार के कृषि यंत्रों के लिए 186 करोड़ रुपए अनुदान देने का लक्ष्य :

श्री पांडेय ने बताया कि वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल कुल 1 हजार 617 कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना की जा चुकी है। इसी कड़ी में 17 जिलों के कुल 39 किसानों/समूहों के बीच 19 कस्टम हायरिंग सेन्टर, 03 फार्म मशीनरी बैंक एवं 17 स्पेशल कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना के लिए 3.04 करोड़ रुपए अनुदान पर ट्रैक्टर सहित अन्य कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। किसानों के विकास के लिए कई महत्त्वपूर्ण योजनाएँ चलायी जा रही है, जिसका लाभ बिहार के किसानों को मिल रहा है। कृषि यांत्रिकरण राज्य योजना एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के किसानों को 75 प्रकार के विभिन्न कृषि यंत्रों की खरीदारी तथा राज्य में कस्टम हायरिंग सेन्टर, फार्म मशीनरी बैंक एवं स्पेशल कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना पर कुल 186 करोड़ रुपए अनुदान देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार द्वारा इसके लिए 40 से 80 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में लगभग 97 प्रतिशत किसान सीमांत एवं लघु श्रेणी के हैं। इनको खेती की सुविधा प्रदान करने के लिए न्यूनतम भाड़े पर आवश्यकतानुसार कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए कस्टम हायरिंग सेंटर की योजना चलायी जा रही है। वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल 75.07 करोड़ रुपए अनुदान राशि के कृषि यंत्रों की आपूर्ति किसानों को की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 267 कस्टम हायरिंग सेन्टर, 101 फार्म मशीनरी बैंक एवं 115 स्पेशल कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापित करने का लक्ष्य है।

### खेती को उन्नत बनाने के लिए आधुनिक तकनीक की आवश्यकता :

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सचिव, कृषि विभाग संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि किसी भी खेती को उन्नत बनाने के लिए आधुनिक तकनीक की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर कृषि विभाग के विशेष सचिव वीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, अपर सचिव शैलेन्द्र कुमार, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, अपर निदेशक धनंजयपति त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण)-सह-राज्य नोडल पदाधिकारी, यांत्रिकरण आलोक कुमार सिंह सहित विभाग के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# विस उपचुनाव : बीजेपी ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में पार्टी ने सोमवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। भाजपा की ओर से जारी 40 स्टार प्रचारकों की सूची में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को भी जगह दी गई है। इसके अलावा, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सतीश चंद्र दुबे और डॉ. राज भूषण निषाद जैसे चेहरे भी अपनी चुनावी रणनीतियों के साथ जनता के बीच जाएंगे। सभी स्टार प्रचारक भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का काम करेंगे। स्टार प्रचारकों की सूची में विनोद तावड़े, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, भीखूभाई दलसानिया, दीपक प्रकाश, राधा मोहन सिंह, संजय जायसवाल, गोपाल नारायण सिंह, मंगल पांडे, ऋतुराज सिन्हा, राजीव प्रताप रूडी, रवि शंकर प्रसाद, अश्विनी कुमार चौबे, डॉ. प्रेम कुमार, राज कुमार सिंह, सैयद शाहनवाज हुसैन, अमरेंद्र प्रताप सिंह, नितिन नबीन, तारकिशोर प्रसाद, रेनू देवी, नीरज कुमार बब्लू, संतोष सिंह, हरि साहनी, जनक चमार, केदार प्रसाद गुप्ता, नीतीश मिश्रा, विवेक ठाकुर, सुशील सिंह, डॉ. धर्मशीला गुप्ता, भीम सिंह, अनिल शर्मा, मिथिलेश तिवारी, शिवेश राम, राजेश वर्मा का भी नाम शामिल है। बता दें कि बिहार विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। भाजपा ने चार में से दो सीट तरारी और रामगढ़ सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा, इमामगंज में जीतन राम मांझी की पार्टी हम की दीपा मांझी और बेलागंज में जेडीयू उम्मीदवार मनोरमा देवी को भाजपा ने अपना समर्थन दिया है। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है और 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। मतदान 13 नवंबर को होगा और परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2,
संयुक्त कार्यालय भवन, छज्जुबाग, बुद्धमार्ग, पटना 800001

भवन निर्माण विभाग, पटना

सूचना

इस कार्यालय के अल्पकालीन ई0–निविदा आमत्रण सूचना संख्या–14 वर्ष 2024–25 जिसका PR No- 007959 (BCD) 2024-25 है अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है। विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमण्डल, सं0–2, पटना

PR- 010995 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना सिटी भवन प्रमंडल, गुलजारबाग, पटना
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 03/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी, भवन प्रमंडल, गुलजारबाग, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 01/11/2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति के तिथि एवं समय :– दिनांक 02/11/2024 को 2:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 02/11/2024 को 2:30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्रि का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पटना भवन अंचल, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना सिटी, भवन प्रमंडल, गुलजारबाग, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. निविदा तिथि को अपरिहार्य कारण से अवकाश घोषित होने के उपरान्त अगले कार्य दिवस को निविदा प्राप्त / खोला जायेगा।
8. कार्य का विवरण

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू. में) | अग्रधन की राशि (रू. में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of 2 Nos. gate and painting work of boundary wall in the campus of block nursery office building at Bakhtiyarpur Block, Patna for the year 2023-24 | ₹ 3,39,604.00 | ₹ 6800.00 | ₹ 750.00 | One Month |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता पटना सिटी भवन प्रमंडल गुलजारबाग, पटना

PR- 010847 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त खबरें

### आवास योजना को लेकर हुई बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड मुख्यालय के परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में तेजी लाने को लेकर मुखिया, आवास सहायक, राज मिस्त्री, सीमेंट के दुकानदार की बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वीडीओ देवेंद्र कुमार ने की। वहीं बैठक में बीडीओ ने कहा कि आवास निर्माण के कार्य को लेकर आप सभी लोग समय अनुसार सामग्री लाभुक को देने का की अपील किया। वहीं लाभुक को 100 दिनों के अंदर आवास निर्माण का कार्य पूरा कर लेने की बात कही। मौके पर राजू सिंह, अब्दुल रहमान सहित सभी मौजूद थे।

### नहाने के क्रम में डूबने से छात्र की मौत

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मंदा गांव में स्कूल से छुट्टी होने के बाद मछली पालन करने वाले गड्ढे में स्नान करने गए एक 14 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मंदा गांव के जितेश साह के पुत्र रामदेव कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रामदेव उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंदा के आठवीं वर्ग का छात्र था। स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह स्नान करने स्कूल से कुछ दूरी पर स्थित मछली पालन वाले गड्ढे में चला गया। गड्ढे की गहराई काफी होने के कारण वह डूबने लगा। जब तक लोगों ने उसे निकालने का प्रयास किया तब तक वह डूब चुका था। गड्ढे से निकाले जाने के बाद वह मृत पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही उसकी मां संगीता देवी और दो बड़े भाई गौतम, लक्की सभी का रो रोकर बुरा हाल था। बताया जाता है कि उसके पिता एक टेंट के कारोबारी है ।घटना की सूचना पर स्थानीय मुखिया मनोज कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष आलोक कुमार आदि ने पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना देने में जुटे थे। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रविशंकर अध्यक्ष तो अरूण बने सचिव

विभूतिपुर, प्रखंड के महथी दक्षिण पंचायत निवासी पूर्व प्रमुख स्वर्गीय राम छबीला यादव के आवासीय परिसर में जनसंपर्क अभियान एवं संगठन निर्माण के क्रम में समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान के द्वारा बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता रविशंकर प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष रविशंकर प्रसाद एवं सचिव अरुण दास को चुना गया ।वही संबोधित करते हुए विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान ने कहा कि इस तरह से पंचायत स्तर पर संगठन निर्माण होने से आम लोगों तक आसानी से पहुंच सकते हैं उनकी सेवा कर सकते हैं। संगठन निर्माण होने से पंचायत की गतिविधि की खबर सीधे मुझ तक पहुंच सकती है,जिसपर गरीब ,दलित, शोषित की मदद की जा सकती है ।मौके अनिल कुमार यादव,प्रमोद पंडित,गजेंद्र कुमार, रामेश्वर महतो, सुजीत कुमार यादव, सोनू राउत, मनोज कुमार यादव ,सहित कई लोग मौजूद थे।

### अपराधियों ने गोली मारकर कर दी हत्या, मचा कोहराम

मधुबनी बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के धनौजा गांव में सोमवार की देर रात अपराधियो ने एक ठेकेदार को गोली मारकर हत्या कर दी मृतक की पहचान हरी मोहन झा उम्र करीब 50 के रूप में हुई है। बताया जा रहा है की हरी मोहन झा को फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने चौक पर बुलाया था जिसके बाद वो जैसे ही अपने घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित चौक के पास पहुंचे तभी अज्ञात हमलावर ने उन्हे गोली मार दी गोली लगने के बाद हरी मोहन झा की मौके पर ही मौत हो गया घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। बता दे की जिले में इन दिनो अपराधियो का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे बिना किसी भय के अपराध कर रहे है इस हत्या से पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे है, क्यो कि जिले में अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ ता ही जा रहा है ।पुलिस मामले की जांच कर रहे है लेकिन अब तक हमलावरो की पहचान नही हो पाया है। स्थानीय लोगो में इस घटना को लेकर आक्रोश भरा हुआ है। लोगो ने अपराधियो की गिरफ्तारी जल्द करने की मांग की है।

# केंद्रीय टीम ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया दौरा, प्रभावित परिवारों से लिया फीडबैक



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव जी पार्थ सारथी, जल शक्ति मंत्रालय के निदेशक संदीप कुमार, अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के ए सुरेश बाबू तथा बिहार सरकार आपदा प्रबंधन विभाग के उप सचिव नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी के द्वारा संयुक्त रूप से दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड अंतर्गत कोसी पश्चिमी तटबंध के भुवौल गाँव टूटान स्थल पर पहुंचकर बाढ़ से हुई क्षति का जायाजा लिया।

केंद्रीय टीम ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई फसल,सड़क, स्कूल पुल-पुलिया,बिजली एवं जन धन के संबंध में स्थानीय बाढ़ प्रभावित परिवारों से जानकारी लिया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बाढ़ के समय जिला प्रशासन के द्वारा आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 23 दिनों से यहां पर सामुदायिक रसोई घर का संचालन हो रहा है जिसमें हम लोग दोनों शाम खाना खा रहे हैं। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने जिलास्तरीय एवं बाढ़ प्रभावित प्रखंड के पदाधिकारीयों के साथ दिल्ली मोड़ स्थित ग्रेसिया होटल में समीक्षा बैठक किया।

बैठक में अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सलीम अख्तर द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से केंद्रीय टीम को बाढ़ के दौरान किए गए कार्य से अवगत कराया गया ।साथ ही उन्होंने बाढ़ से क्षति का प्रारंभिक प्रतिवेदन से भी केंद्रीय टीम को अवगत कराया।

# युवा संकल्प लें कि खुद मादक द्रव्यों का सेवन नहीं करेंगे न दूसरों को करने देंगे : प्रो प्रेम मोहन



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा ।ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर रसायनशास्त्र विभाग में नेहरु युवा केन्द्र, दरभंगा के तत्वावधान में नशीली दावाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन पीजी रसायन विभागाध्यक्ष एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो प्रेम मोहन मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में ललित कला के संकायाध्यक्ष प्रो पुष्पम नारायण, मुख्य अतिथि के रूप में एनएसएस समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया, विशिष्ट वक्ता के रूप में स्नातकोत्तर एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सोनू राम शंकर, एनवाईके मुकेश कुमार झा, राम नारायण पंडित, सुधा नंदन झा, मणिकांत ठाकुर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो प्रेम मोहन मिश्रा ने सेमिनार के विषय को गंभीर एवं उपयोगी बताते हुए कहा कि छात्र- युवाओं में शैक्षणिक नशा होना चाहिए, क्योंकि नशीली दावाओं एवं मादक द्रव्यों के सेवन हमेशा विनाश ही करता है। उन्होंने कहा कि यदि हर युवा संकल्प ले लें कि वे खुद मादक द्रव्यों का सेवन नहीं करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे तो इसका उत्पादन एवं व्यापार स्वतः समाप्त हो जाएगा। मुख्य वक्ता प्रो पुष्पम नारायण ने कहा कि आनुवांशिक, मनोवैज्ञानिक, कार्यतनाव तथा अभिभावकों के समयाभाव से दिग्भ्रमित होकर युवा नशापान का शिकार होते हैं। नशापान के लिए युवाओं से ज्यादा दोषी उनके समाज एवं अभिभावक हैं। उन्होंने आह्वान किया कि छात्र संयमित होकर अपनी पढ़ाई के द्वारा चरित्र निर्माण की लत लगाएं न कि नशापान का। वे समाज में मादक द्रव्यों के प्रति लोगों को जागरुक एवं प्रेरित कर खुद दूसरों के लिए उदाहरण बनें ।मुख्य अतिथि डॉ आर एन चौरसिया,विशिष्ट वक्ता डॉ सोनू रामशंकर ने सम्बोधित किया। सुधा नंदन झा के संचालन में आयोजित सेमिनार में स्वागत भाषण मुकेश कुमार झा ने दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मणिकांत ठाकुर ने किया।

# मिथिला क्षेत्र से गुजरनेवाली हर ट्रेन में भोजन के रूप में चूरा दही अनिवार्य हो : सांसद

## रेल मंत्रालय के स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में सांसद ने विभिन्न मुद्दों पर दिए सुझाव



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। रेल भवन के सभागार में रेलवे स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कमिटी के अध्यक्ष सीएम रमेश की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमे मे सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक डा गोपाल जी ने दरभंगा में निमार्णाधीन विभिन्न परियोजनाओं, मिथिला क्षेत्र से गुजरनेवाली लंबी दूरी ट्रेनों में यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी दरभंगा से लंबी दूरी की ट्रेनों की संख्या बढ़ाने जैसे दर्जनों मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर अपने सुझाव दिए। बैठक के क्रम में सांसद डा ठाकुर ने अध्यक्ष सीएम रमेश को मिथिला की परंपरा और संस्कृति के हिसाब से मखाना का माला,पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया। बैठक में सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा से दिल्ली के लिए राजधानी एक्सप्रेस व वंदे भारत ट्रेन चलाने की पुरजोर वकालत करते हुए कहा कि दरभंगा सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र का केंद्र बिंदु है तथा नेपाल बांग्लादेश की सीमा से लेकर उत्तर पूर्व की ओर जाने वाली ट्रेनों को दरभंगे से जोड़े जाने की जरूरत है जिसके लिए डिब्रूगढ़ राजधानी को दरभंगा होकर चलाने दरभंगा अहमदाबाद, दरभंगा अजमेर जैसे महत्वपूर्ण ट्रेनों को नियमित करने वंदे भारत ट्रेन को जयनगर दिल्ली तथा दरभंगा मुंबई के बीच चलाने तथा दरभंगा से टाटा, इंदौर, जोधपुर , एनार्कुलम, रामेश्वरम कन्याकुमारी जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के लिए ट्रेन चलाने का अपना सुझाव मजबूती से रखा। संसद डा ठाकुर ने सुरक्षा की दृष्टि से कंकरघट्टी बायपास के बीच तार से घेरकर वेंडिंग जोन के रूप में चिन्हित करने, बायपास स्थित न्यू दरभंगा स्टेशन पर तीसरा वाशिंग पीट का निर्माण करने इसी मार्ग से दिल्ली जानेवाली ट्रेनों को चलाने दरभंगा नरकटियागंज मार्ग का दोहरीकरण करने दरभंगा समस्तीपुर पर चल रहे दोहरीकरण कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने सकरी हसनपुर बहुप्रतीक्षित रेल मार्ग के कार्य पूरा करने दरभंगा स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में तेजी से विकसित करने अमृत भारत योजना के अंतर्गत लहेरियासराय, सकरी स्टेशन के रूप विकसित करने के साथ ही मिथिला के हर स्टेशन पर मैथिली भाषा में उद्घोषणा व मिथिला क्षेत्र से गुजरनेवाली हर ट्रेन में भोजन के रूप में चूरा दही चीनी को अनिवार्य करने दरभंगा सहारे तथा दरभंगा मुजफ्फरपुर नए रेललाइन की सभी औपचारिकताओं को जल्द पूरा हो।

# फायरिंग की घटना में जख्मी युवक का डीएमसीएच में ईलाज जारी

## फायरिंग की घटना से दहशत में हैं लोग

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

चकमेहसी थाना क्षेत्र के कामती टोल सोमनहा में फायरिंग में एक युवक को गोली लगने से जख्मी हो गया। फायरिंग की घटना सोमवार के देर रात की बताई गई है। जख्मी युवक की पहचान सोमनहा गांव निवासी कामेश्वर राय के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई। जख्मी युवक को ईलाज के लिए सीएचसी में देर रात भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया ।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवक सोमनाहा के ही मोशाय डीह चौक पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता था। जहां रात्रि अपना दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी क्रम में कामती टोल के पास सड़क पर आठ से दस की संख्या में बदमाशों ने घटनास्थल के पास खड़े थे। पास से गुजरने के दौरान जैसे ही वह खड़ा हुआ जब तक कुछ समझ पाता किसी ने तबा तोड़ पांच राउंड फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली युवक के बाएं हाथ की उंगली में जा लगी। जिसमें उक्त युवक जख्मी हो गया। वहीं फायरिंग की धटना से सोमनहा गांव के लोग दहशत में हैं ।इसके बाद ग्रामीणों द्वारा चकमेहसी पुलिस को सूचित किया गया ।चकमेहसी पुलिस की सूचना पर पहुंचकर युवक को ईलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं चकमेहसी पुलिस ने मौके से चार खोखा बरामद किया। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति का बताना है कि युवक के बाएं हाथ में गोली लगी है। घटनास्थल पर से चार खोखा मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस निगरानी में डीएमसीएच में ईलाज चल रहा है। युवक के परिजनों द्वारा आवेदन दिए जाने के आधार पर अग्रतर कार्रवाई की जाने की बात कही है। वहीं चकमेहसी थाना क्षेत्र में कई बार अपराधियों द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दे दिया गया है। लेकिन पुलिस चुपी साधे कर बैठी हुई है। जिसकी चर्चा जोड़ों पर चकमेहसी थाना क्षेत्र में चल रही है।

# जयनगर शहर में त्योहारो को लेकर बाजार में दिख रहा रौनक, रोड़ जाम से लोग होते है परेशान

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर शहर में दीपावली व छठ पर्व को लेकर त्योहारी भीड़ बढ़ने से जाम की समस्या विकराल हो ने लगा है । जयनगर शहर के मैन रोड ,स्टेशन चौक, स्टेशन रोड, महावीर चौक, भेलवा टोल, वॉटर बैज चौक सहित अन्य जगहो पर जाम लग जाने के कारण आम लोगो को आए दिन काफी कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है। वही मुख्य सड़को पर बड़े वाहनो के प्रवेश से घंटो जाम से जूझना पड़ता है। शहर में नो एंट्री की व्यवस्था को सही से लागू नही होने से यह समस्या बनी हुई है। शहर में जाम लगने का मुख्य कारण सड़क पर दोनो किनारे चलंत दुकानदार द्वारा ठेला लगाकर व्यापार करना बड़े वाहनो का प्रवेश टू व्हीलर व फोरव्हीलर की पार्किग सड़क पर व ई-रिक्शा सहित अन्य गाड़ियो का ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करना है। सुबह से ही बाजार में टेपो ई रिक्शा कार लोडर ट्रक बाजारो से गुजरने लगते है। वाहनों के इधर-उधर फंस जाने से राहगीरों के साथ दुकानदारो को भी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। दुकानदारो के द्वारा सही ढंग से पार्किग की कोई व्यवस्था नहीं होने से लोग वाहनो को बाजारो में ले जाकर उन्हे चौराहे सड़क किनारे या दुकानो के सामने खड़े कर चले जाते है। बड़े शापिग सेटरो पर भी पार्किग की कोई व्यवस्था नही है नो एंट्री की व्यवस्था को ना देखने के कारण बड़े वाहन बिना किसी रोक टोक के बाजारो में प्रवेश कर जाते है।

# स्वच्छता कर्मी ने बकाया वेतन भुगतान को लेकर विधायक को दिया आवेदन



विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड के महथी दक्षिण पंचायत में कार्यरत स्वच्छता कर्मी युगेश्वर दास सहित अन्य कर्मी ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित आवेदन बकाया वेतन भुगतान को लेकर स्थानीय विधायक अजय कुमार को दिया है। बताया है पूरे पंचायत में अप्रैल 2023 से स्वच्छता का कार्य चल रहा है। पंचायत में एक स्वच्छता पर्यवेक्षक,दो डब्ल्यू पी यू कर्मी,एक रिक्शा चालक एवं 30 वार्ड कर्मी कार्य कर रहे हैं। ग्राम पंचायत के द्वारा दिसंबर 2023 तक 9 महीने का वेतन भुगतान किया। उसके बाद जनवरी से अभी तक का वेतन हमलोगों को नहीं मिला है ।मात्र तीन हजार रुपया मासिक वेतन हमलोगों को मिलता है जिससे परिवार का भरण-पोषण भी नहीं हो पाता है फिर भी हमलोग पंचायत को स्वच्छ बनाने का काम कर रहे हैं। बताया गया था कि एसबीएम जी से 1 वर्ष का राशि दिया जाएगा उसके बाद 15वीं वित्त आयोग के टाइड निधि से दिया जाएगा जो अभी तक नहीं मिला है। हम लोगों के परिवार के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

# परामर्श केंद्र मधुबनी के द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर दी गई जानकारी



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के अलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र मधुबनी के द्वारा संचालित योजनाओं यथा बिहार स्टूडेट काक्रेडिट कार्ड योजना कुशल युवा कार्यक्रम मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना के व्यापक प्रसार प्रसार एवं काउंसलिंग कार्य आज गवर्नमेंट पॉलिसी मधुबनी में किया गया । कार्यक्रम में लगभाग 450 से अधिक छात्र छत्रा ओ ने बढ़-चाढ़ कर भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में डी आर सीसी मधुबनी के सहायक प्रबंधक -मुकेश कुमार कर्मी जितेन्द्र कुमार के द्वारा विस्तार योजना के लाभ सहित आवेदन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। उक्त जानकारी प्रबंधक डीआरसीसी जब अखिलेश कुमार भारती ने दी ।

# विभूतिपुर में दूसरे चरण 27 नवंबर को होगी 27 पंचायतों में पैक्स चुनाव की मतदान

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

पैक्स चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है। विभूतिपुर में पैक्स चुनाव दूसरे चरण में 27 नंबर को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है ।सूचना का प्रकाशन 28 अक्टूबर को होगी। दो पैक्स खास टभका दक्षिण और विभूतिपुर पूरब में कार्यकाल पूरा नहीं होने के कारण बाद में मतदान कराया जाएगा। वहीं 27 नवंबर दूसरे चरण में विभूतिपुर के 27 पंचायतों में आलमपुर कोदरिया, केराई, कल्याणपुर उत्तर, कल्याणपुर दक्षिण, खास टभका उत्तर, गंगौली मंदा, चकहवीब, चोरा टभका, टभका, देशरी कर्रख, नरहन, पतैलिया, बेलसंडी तारा, बोरिया, भरपुरा पटपारा, भूसवर, महथी उत्तर, महथी दक्षिण, महिषी, मुस्तफापुर, महमदपुर सकड़ा, वाजिदपुर बम्बैया, विभूतिपुर उत्तर, साखमोहन, सिंघिया बुजुर्ग उत्तर, सिंघियाबुजुर्ग दक्षिण, सुरौली दामोदरपुर में पैक्स चुनाव की मतदान होगी। इससे पूर्व 13, 14 एवं 16 नवंबर को नामांकन की तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन की समीक्षा 17 एवं 18 नवंबर को होगी। वहीं 20 नवंबर को नाम वापसी के बाद अभ्यर्थियों का चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। 27 नवंबर को मतदान एवं उसी दिन मतदान के बाद मतगणना या 28 नवंबर को मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। 30 नवंबर तक निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त करने की तिथि निर्धारित की गई है। 27 पंचायतों में पैक्स चुनाव के लिए कुल औपबंधिक मतदाता 41138 है। महिषी पैक्स में सबसे अधिक मतदाता 3073 है, वहीं सबसे कम मतदाता बेलसंडी तारा पैक्स में 616 है।

# सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने सीमा पर किया प्रतिबंधित दवाइयों के साथ एक नेपाली व्यक्ति को गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल48वी वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी पीपरोंन के जिम्मेवारी के इलाके में वाह्य सीमा चौकी पीपरोंन के जवानो द्वारा गस्त डयूटी के दौरान उप निरीक्षक कार्तिक पुनिया के साथ अन्य जवानों द्वारा की गई कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 284/35 से 200 मीटर भारतीय क्षेत्र में दो नेपाली व्यक्तियों अरविंद कुमार उम्र 27 वर्ष सुपुत्र कमेश्वर साह गांव खुटा पीपराधी वार्ड नंबर 1मोतिहारी जनकपुरी नेपाल एवं अविनाश नारायण यादव उम्र 30 वर्ष सुपुत्र उमेश यादव गांव सिंग याही वार्ड नंबर 2 जिला मोतिहारी नेपाल को प्रतिबंधित दवाइयां के साथ गिरफ्तार किया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति मोटरसाईकिल के ऊपर प्रतिबंधित दवाइयां लेकर भारत से नेपाल जा रहे थे स.सी.बल के जवानो को उनके ऊपर संदेह होने पर उनकी रोक कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास उपरोक्त दवाइयों को बरामद किया दवाइया के बाबत पूछताछ करने पर दोनों व्यक्तियों द्वारा दवाइयां के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर जवानों द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया ।जब्त की गई दवाइ यो बरामद मोटरसाइकिल एवं गिरफ्तार संदिग्ध नेपाली दोनों व्यक्तियों को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है । आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा ।गोविद सिंह भंडारी कमांडेट 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है ताकि इस प्रकार की गतिविधियो पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके । साथ ही साथ देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह प्रत्येक प्रयास किया जा रहा है।

# प्रत्येक पंद्रह दिनों में लगाई जाएगी फाईल अदालत : कुलपति

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा । ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने फाईल अदालत लगाकर लंबित संचिकाओं की सुनवाई की। मंगलवार को कुलपति कार्यालय में प्रो चौधरी ने विश्वविद्यालय के परीक्षा, वित्तीय और विधि विभाग से संबद्ध पदाधिकारियों की बैठक आहूत करते हुए लंबे समय से पड़ी संचिकाओं और दस्तावेजों का पुनरीक्षण किया। उन्होंने सिंगल विंडो सिस्टम के तहत फाईलों के त्वरित निपटान करते हुए निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय के कुशल प्रशासनिक व अकादमिक कार्यान्वयन के लिए ऐसी सुनवाई आवश्यक है। फाईल अदालत से न केवल समस्याओं का त्वरित निदान हो सकेगा बल्कि विश्वविद्यालय में वर्षों से लंबित मामलों और संचिकाओं का भी निपटान हो सकेगा। कुलपति ने अपने कुशल नेतृत्व व प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण देते हुए प्रत्येक पंद्रह दिनों में फाईल अदालत लगाकर सुनवाई करने के सख़्त निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण अदालत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजय कुमार पंडित, वित्तीय सलाहकार इंद्र कुमार, वित्तीय पदाधिकारी जानकी रमण निधि, परीक्षा -नियंत्रक डॉ विनोद कुमार ओझा, उप- परीक्षा नियंत्रक डॉ इंसान अली, सिंडिकेट सदस्य और बी एड राज्य नोडल अधिकारी प्रो अशोक कुमार मेहता, विकास पदाधिकारी डॉ विकास कुमार तथा अन्य संबद्ध कर्मचारी उपस्थित थे।

# मंत्री ने राज्यस्तरीय विद्यालय खो-खो बालक प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। खेल विभाग,बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना तथा जिला प्रशासन दरभंगा के संयुक्त तत्वाधान में मिथिला की हृदय स्थली,दरभंगा के ऐतिहासिक गौरवशाली परंपरा तथा कलात्मकता के इंद्रधनुषी रंगों में राज्यस्तरीय विद्यालय खो-खो बालक अंडर 14 खेल प्रतियोगिता जो 22 से 25 अक्टूबर तक नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय, दरभंगा में आयोजित होगा,का उद्घाटन मुख्य अतिथि मदन सहनी मंत्री समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार, सदर अनुमंडल अधिकारी विकास कुमार, सचिव, जिला खेल संघ दरभंगा जितेंद्र कुमार सिंह, सचिव जिला खो- खो संघ रमाशंकर चौधरी,डॉ.महताब आलम अध्यक्ष एथलेटिक्स संघ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में खो-खो खेल के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए दरभंगा जिला के चयन किए जाने पर बिहार सरकार के खेल विभाग को बधाई दी एवं उपस्थित खिलाड़ी,दल प्रभारी एवं उनके कोच तथा तकनीकी पदाधिकारी को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों के बल पर बिहार को गौरवान्वित करने के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। जिला खेल पदाधिकारी श्री परिमल ने इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित खेल प्रेमियों एवं खेल संघ के पदाधिकारी ने इस राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता की संपूर्ण जानकारी दिया। बिहार के सभी जिले से आए प्रतिभागी खिलाड़ियों के बीच 51 मैच एवं उसके बाद नॉकआउट प्रथम क्वार्टर फाइनल ,सेकंड क्वार्टर फाइनल ,थर्ड क्वार्टर फाइनल एवं फोर्थ क्वार्टर फाइनल के उपरांत सेमीफाइनल की प्रतियोगिता होगी और सेमीफाइनल में विजय प्रतिभागी फाइनल की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मार्च पास्ट का निर्देशन एवं संचालन शारीरिक शिक्षा शिक्षक आशीष कुमार एवं देवनंदन झा ने किया। निबंधन की व्यवस्था अरुण ठाकुर शारीरिक शिक्षा शिक्षक,आवासन की व्यवस्था मिथिलेश कुमार दास राकेश कुमार ने संभाल रखी है।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 300 लोगों का हुआ नि:शुल्क उपचार

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता



गांव में स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रखंड के समर्था खरहोर में लोक कल्याणार्थ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पंडित राम निरीक्षण सिन्हा के पुत्र शिक्षाविद डॉ सुरेश नंदन सिन्हा के छठी पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार टाइम्स डेवलपमेंट फाउंडेशन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमेरिका में कार्यरत सुषमा सिंह एवं भाजपा नेता रंजीत निगुर्णी, अजय कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में पटना आईजीआईएमएस से आए चिकित्सकों ने करीब 300 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की। वही 200 से ऊपर महिलाओं के बीच 10-10 के पैक में सेनेटरी पैड का भी निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर ललन सिंह, सतीश कुमार झा, घनश्याम सिंह, राकेश कुमार सिंह, प्रणय कुमार, विमल सिंह, शीलवंत राय, रामप्रीत सिंह, रमाकांत सिंह आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा लोकजनशक्ति पार्टी (रा) के मुंगेर जिलाध्यक्ष बने प्रेम प्रकाश

मुंगेर । युवा लोकजनशक्ति पार्टी (रा) बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय ने कार्यकारी युवा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश के कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए युवा लोजपा (रा.) मुंगेर का युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने प्रेम प्रकाश को नियुक्ति पत्र दिया । जिलाध्यक्ष मनोनीत होने के उपरांत प्रेम प्रकाश ने प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय को धन्यवाद देते हुए कहा की हमारे प्रदेश अध्यक्ष ने जो जिम्मेदारी दी हैं उसको मै सत प्रतिसत पूर्ण करूँगा और मुंगेर मे युवा लोजपा (रा.) का संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करूँगा। जिसका परिणाम आगामी बिहार विधानसभा मे देखने को मिलेगा एवं पार्टी के विचारधारा साथ ही साथ हमारे नेता श्री चिराग पासवान जी के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के विचार को मुंगेर जिला के अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाया जायेगा।

### ग्रामीणों को दे रहा था धमकी, अवैध कट्टा के साथ गिरफ्तार

मुंगेर। मय पंचायत की तौफिर गांव में मुफस्सिल थाना पुलिस ने कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि सोमवार को जय राम कुमार अपने हाथ में अवैध हथियार लिए हुए ग्रामीणों को धमकी दे रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मुफस्सिल थाना को दिया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष ने सीडीपीओ राजेश कुमार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता से जय जय राम के घर की घेराबंदी कर सघन जांच की और उसके पास से अवैध देसी कट्टा बरामद किया। पुलिस गिरफ्तार युवक का अपराधिकी इतिहास खंगाल रही है। आरोपित को पुलिस कस्टडी में लेकर मजिस्ट्रेट के सामने जाकर कोर्ट में जमा किया। मजिस्ट्रेट ने न्यायिक हिरासत में उसे मंडल कला कला मुंगेर भेज दिया है। इस छापेमारी अभियान में दरोगा श्री राम दीपक कुमार सहित अन्य पुलिस जाकर जवान शामिल थे।

# भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेंद्र यादव पर किये गये हमले के खिलाफ महाराष्ट्र का किया पुतला दहन

## संविधान, लोकतंत्र, मानवता विरोधी कायराना कदम, घोर निंदनीय : किरण देव यादव



● नुक्कड़ सभा, निकाला प्रतिरोध मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान के बैनर तले संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, वोट, अभिव्यक्ति बचाओ - देश बचाओ, नारों के साथ प्रतिवाद मार्च निकालकर महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का पुतला दहन किया गया तथा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय पत्रकार सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव को 40 - 50 असामाजिक तत्वों द्वारा महाराष्ट्र के अकोला में संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, वोट की सुरक्षा विषयक सभा को संबोधित करते वक्त मंच पर चढ़कर धक्कम धुक्का, गाली गलौज, मारपीट किया गया, तथा पुलिस द्वारा कार्यक्रम को रद्द करवा दिया गया, जिसे श्री यादव ने उक्त घटना का घोर निंदा करते हुए दुखद, शर्मनाक एवं लोकतंत्र पर हमला करार दिया। उन्होंने उक्त घटना को चिंता जनक, संविधान लोकतंत्र अभिव्यक्ति की आजादी पर कायराना, एवं जनतंत्र विरोधी, मानवता विरोधी हमला बताया।

नुक्कड़ सभा को देश बचाओ अभियान के सचिव धर्मेंद्र कुमार, संयोजक मधुबाला, संयुक्त सचिव कालेश्वर ठाकुर, सानू कुमार, मीडिया मुरली रविदास, रोशन कुमार, सुधा कुमारी, राजन कुमार, मोहम्मद असलम आदि ने कहा कि भाजपा आरएसएस के इशारे पर असामाजिक तत्वों द्वारा उक्त हमला साजिशन किया गया। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम होगा।

# ब्रिटिश कालीन तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा

## अपार समाहर्ता न्यायालय से 32 लोगों को भेजा गया नोटिस

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय स्थित मौनी बाबा मंदिर के समीप स्थित ब्रिटिश कालीन तालाब के अतिक्रमण की सुनवाई के दौरान अपर समाहर्ता मुंगेर की न्यायालय के द्वारा कुल 32 लोगों को नोटिस निर्गत किया है। अपर समाहर्ता के न्यायालय द्वारा पक्षों को आगामी 25 अक्टूबर की सुनवाई में सभी आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है साथ ही अपर समाहर्ता न्यायालय आगाह भी किया गया है कि ऐसा नहीं करने पर जमाबंदी रद्द की जाएगी। विदित हो की संग्रामपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मोनी बाबा मंदिर के समीप यह ब्रिटिश कालीन कालीन तालाब अतिक्रमण की वजह से दिन प्रतिदिन सिकुड़ता जा रहा है। कई समाजसेवी एवं संगठनों के द्वारा इस अति प्राचीन तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए आवाज भी उठाई जा रही थी। इसी संदर्भ में अंचल अधिकारी संग्रामपुर मुंगेर के द्वारा अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी मुंगेर के न्यायालय में जमाबंदी रद्दीकरण वाद संख्या 77/2022-23 दायर किया गया था। इसी मामले की सुनवाई प्रक्रियाधीन है। इसी मामले की प्रक्रिया की सुनवाई के तहत अपर समाहर्ता के न्यायालय से जमीन की विवरणी देते हुए सभी 32 पक्ष को आगामी 25 अक्टूबर को संबंधित न्यायालय में अपने साक्ष्य एवं कागजात के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।अपर समाहर्ता के न्यायालय के द्वारा सभी पक्षों को आगाह भी किया गया है कि अगर वह निर्धारित तिथि को साक्ष्य के साथ उपस्थित नहीं होते हैं तो यह माना जाएगा कि उन्हें इस मामले में कोई अभिरुचि नहीं है एवं एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उनके जमाबंदी को रद्द कर दी जाएगी। इस संबंध में अंचल अधिकारी निशीथ नंदन ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी 32 पक्ष को नोटिस की तामिला करा दी गई है।सुनवाई के बाद अपर समाहर्ता के न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया जाएगा।

# छठ पर व्रतियों को मिलेगी सुविधा, तैयारी पर की जा रही निगरानी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

छठ को लेकर गंगा घाटों पर चल रहे कार्य की निगरानी जिला व अनुमंडल प्रशासन के साथ ही नगर निगम की ओर से भी की जा रही है। गायघाट से लेकर कंगन घाट के बीच गंगा घाटों का निरीक्षण अधिकारियों की ओर से की जा रही है। एसडीओ सत्यम सहाय ने बताया कि घाटों की स्थिति पर निगरानी रखने और सुरक्षित गंगा नदी में अर्घ्य अर्पित करने के लिए काम कराया जा रहा है। नगर निगम अजीमाबाद अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी श्रेया कश्यप ने निरीक्षण के दौरान एप्रोच सड़क की सफाई करने के साथ ही घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा है। उन्होंने बताया कि घाटों पर लगातार सफाई व जमीन को समतल करने, चेंजिंग रूम बनाने, वाच टावर बनाने सहित अन्य कार्य कराया जा रहा है। अंचल के मुख्य सफाई निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि गंगा घाटों व एप्रोच सड़कों पर साफ-सफाई कराने के साथ अन्य कार्य हो रहा है, ताकि व्रतियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। दूसरी और भद्र घाट के पूरब, महावीर घाट और नौजर घाट के पश्चिम के बीच घाट सौंदर्यीकरण का काम बरसात के पूर्व होने को लेकर पत्थर के बड़े-बड़े बोल्डर गिराया गया था। साथ ही पाइलिंग का काम भी किया गया था। मगर गंगा के जल स्तर में हुई वृद्धि के बाद काम को रोक दिया गया था। अब जबकि गंगा का जलस्तर कमतर हो गया है, ऐसे में किनारे में बोल्डर और मिट्टी का टीला खड़ा था। इसे दो दिनों से जेसीबी की मदद से किनारे में रख कर जमीन को समतल बनाने का काम किया जा रहा है। वहीं पटना सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि निगम की ओर से छठ घाटों पर कार्य कराया जा रहा है। छठ तक घाटों की व्यवस्था को व्रतियों और श्रद्धालुओं के लायक तैयार कर दिया जाएगा।

# दीपावली और महापर्व छठ को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर) ।दीपावली काली पूजा और लोक आस्था का महापर्व छठ को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष तारकेश्वर कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीश रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में उपस्थित थाना क्षेत्र के गणमान्य एवं जनप्रतिनिधियों ने दीपावली काली पूजा और छठ पर्व के दौरान अपने अपने क्षेत्र के समस्याओं एवं व्यवस्थाओं से पदाधिकारी को अवगत कराया। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र में नौ जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर काली पूजा मनाई जाती है जहां तीन दिनों तक भव्य मेला का आयोजन भी किया जाता है। इस दौरान कहीं-कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक में उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों को कहा कि काली पूजा में विसर्जन के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा अगर कहीं भी विसर्जन के दौरान डीजे बजाने की शिकायत मिलती है तो संबंधित पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। थाना अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल की तैनाती एवं गस्ती लगातार जारी रहेगी। जिसमें पूजा समिति के सदस्यों के सहयोग अपेक्षित है उन्होंने कहा कि विसर्जन का रूट चार्ट आवेदन में संलग्न कर कर थाना में जमा करें। साथ ही प्रतिमा विसर्जित करने वाले तालाब पोखर नहर जहां अत्यधिक गहरे पानी हैं उसे जगह को चिन्हित कर इसकी सूचना प्रशासन को दें। वही इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सहित क्षेत्र के गणमान्य, जनप्रतिनिधि एवं पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# पानी बहाने के विवाद पर तीन लोगों के साथ हुई मारपीट



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मंगलवार की सुबह थानाक्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह गांव में सरकारी जमीन पर पानी बहाने के विवाद को लेकर एक घर के तीन सदस्यों के साथ उसी के रिश्तेदारों के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट की घटना में घायल की पहचान विजय मंडल, उसकी बेटी पावंती देवी और पत्नी बसंती देवी के रूप में हुई है। जिसे परिजनों के द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां सभी घायलों का इलाज डॉक्टर के द्वारा किया गया। घायल विजय मंडल ने बताया कि सुबह मेरी पत्नी घर के पास पूजा करने के लिए धो रही थी जिसका पानी सरकारी जमीन पर बह रहा था जिसपर मेरे भाई के परिवार ने पानी बहाने को लेकर विवाद करना शुरू कर दिया और मारपीट हमलोगों के साथ करना शुरू कर दिया। घायल ने मारपीट का आरोपं कैलाश मंडल, प्रवीण कुमार, संगीता देवी पर लगाया है।

# डुमरमोह गांव में दो पक्षों की बीच रास्ता के विवाद को लेकर हुई मारपीट में 6 लोग हुए घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मंगलवार की सुबह झाझा थानाक्षेत्र अंतर्गत डुमरमोह गांव में रास्ता के विवाद पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें आधा दर्जनभर से अधिक लोग को चोट पहुंचा जिसमें गंभीर रूप से घायल दोनो पक्षों से कुल छह लोगों को इलाज के लिए सूचना के आधार पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम ने रेफरल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टर के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया। मारपीट की घटना में एक पक्ष से घायल की पहचान हरिहर साव, उसकी पत्नी रीता देवी और बेटा मुकेश कुमार तथा दूसरे पक्ष से घायल की पहचान विनोद ठाकुर, राजू ठाकुर और देवकी देवी के रूप में हुई है। इलाज करवाने के बाद एक पक्ष से घायल हरिहर साव ने बताया कि प्रकाश ठाकुर की मां पांच कड़ी रास्ता आवागमन के लिए रजिस्ट्री किए हुए है। उसी रास्ते पर दूसरे पक्ष के लोग ढलाई कर रहा था जिसको मना करने पर वे लोग मेरी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा और जब मै और मेरा बेटा समझाने के लिए गए तो वे लोग हमलोगों के साथ मारपीट करने लगा। दूसरे पक्ष से घायल के परिजन प्रेम ठाकुर ने बताया हरिहर साव जमीन किसी ओर जगह पर लिया और हमलोगों के जमीन पर रास्ता को लेकर विवाद कर रहा था जिसको समझाने मेरे घर वाले गए तो वे और उनके साथ अन्य तीन लोगों ने हमलोगों के साथ लोहे के रॉड, कुल्हाड़ी से मारपीट करने लगा और मेरे घर के तीन सदस्यों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# उपमुख्य पार्षद एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा छठघाट का किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] छठपूजा में छठ घाट की साफ- सफाई के साथ छठव्रती एवं श्रद्धालुओं को सुविधा उपलब्ध करवाए जाने को लेकर मंगलवार को नगर क्षेत्र के गणेशी मंदिर स्थित छठ घाट, पुरानी बाजार स्थित छठ घाट सहित अन्य छठ घाट का निरीक्षण नप के ईओ डॉ. जर्नादन प्रसाद वर्मा, उपमुख्य पार्षद विपीन कुमार, बीडीओ रविजी, थानाध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान छठ घाट पर साफ- सफाई पर विशेष रूप से चर्चा कि गई। उपमुख्य पार्षद ने नगर क्षेत्र के छठ घाट पर कई तरह की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने को लेकर बीडीओ से चर्चा किया। ईओ ने कहा कि छठघाट पर छठव्रती को कपड़ा बदलने के लिए केबिन बनाया जाएगा। वही गणेशी मंदिर छठ घाट पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है इसके लिए छठ घाट पर सुरक्षा को लेकर टावर वॉच बनाने पर भी चर्चा कि गई साथ ही साथ छठ घाट तक आने वाले मार्गो पर समुचित लाईन की व्यवस्था होने पर चर्चा किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी छठ घाट पर पुलिस फोर्स नियुक्त रहेगे ताकि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी श्रद्धालुओं, छठव्रती को न हो सके। बीडीओ ने कहा कि छठघाट की साफ-सफाई पूर्ण रूप से करवाया जाएगा।

# बंद पड़े जल नल योजना को चालू करने की उठी मांग

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो जमुई : प्रखण्ड के सिमरिया गांव में पिछले दो वर्षों पूर्व से बंद पड़ा जल नल योजना को चालू कराने की मांग तब उठी जब भाजपा जिला मंत्री सह चकाई को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक मनोज पोद्दार सिमरिया गांव मंगलवार को ग्रामीणों के बुलावे पर पहुंचे । ग्रामीणों ने श्री पोद्दार को बताया कि सिमरिया गांव में नल का जल पिछले दो सालों से पुरी तरह से बंद पड़ा है तथा कोई इसका खोज खबर लेने वाला नहीं है । ग्रामीण श्याम सुंदर राम ने बताया कि पाइप लाइन भी अधिकांश जगहों तक नहीं बिछाई गई है । विकास राम ने कहा आज हमें पीने योग्य पानी नसीब नहीं है , पुरषोत्तम पंडित ने कहा कि हमारे गांव में पीने योग्य पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है । वहीं हेमराज साह ने बताया कि अगर यह जल नल ठीक नहीं हो पाएगा तो इस मुहल्ले में कम से कम 5 चापा नल लगवा दिया जाय अन्यथा हमलोग प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे । वहीं लोगों की जनसमस्या सुनने के उपरांत भाजपा नेता मनोज पोद्दार ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी समस्या को जिलाधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी , ताकि समस्या का समाधान जल्द किया जा सके । मौके पर साथ चल रहे पिंकू राय , हेमराज साव , नीरो साव , बहादुर साव के अलावा ग्रामीणों में आशीष साह , गुरदेव राम , ब्रह्मदेव गुप्ता , नंदू साह , राजेश चंद्रवंशी , दीपक साह , पुरषोत्तम पंडित , सागर राम , सहदेव कुमार साह , मनीष कुमार साह , बंजरंगी साह , संतोष साह तथा घनश्याम साह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे ।

# डीएम ने नगर निगम प्रशासन के साथ गंगा घाटों का निरीक्षण किया



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । छठ पूजा को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा जहां सभी गंगा घाटों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है वहीं मंगलवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा स्पीड वोट के माध्यम से सभी गंगा घाटों का निरीक्षण किया गया। डीएम ने कहा कि आगामी 7 एवं 8 नवंबर को छठ महा पर्व निर्धारित है, तथा कद्दू भात के एक दिन पूर्व से ही श्रद्धालुओं द्वारा गंगा स्नान का सिलसिला आरंभ हो जाता है। इसको लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा दुर्गा पूजा समाप्ति के बाद से ही सभी गंगा घाटों पर सफाई एवं मिट्टी हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आज उसी परिपेक्ष्य में सभी गंगा घाटों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त को 30 अक्टूबर तक सभी घाटों पर जमी मिट्टी के उठाव के साथ ही सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही छठ पूजा के अवसर पर सभी घाटों पर रोशनी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावे खतरनाक गंगा घाटों को भी चिन्हित करने तथा गंगा के उचित जल स्तर के बीच श्रद्धालुओं को रखने के लिए बैरिकेडिंग करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही बड़े नावों, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। छठ व्रतियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त अस्थाई चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था का निर्देश दिया गया है। श्रद्धालुओं को सभी समुचित सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

# आत्महत्या नहीं हत्या है चाची और भतीजे का रिश्ता हुआ तार तार

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर पुलिस ने चौकीदार का पक्ष लेते हुए हत्या के मामले को आत्महत्या बताकर लाश को जलाने का घर वालों को आदेश दे दिया ताकि साक्ष्य को खत्म होने पर चौकीदार का परिवार इस हत्याकांड से बच सके। ग्रामीण प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मृतक चाचा हीरो मंडल उर्फ भविष्य मंडल पिता स्वर्गीय गणेश मंडल ग्राम खंड बिहारी की पत्नी से 2 वर्षों से अवैध संबंध था। परिवार में यह राज खुल जाने के बाद चाचा हीरो मंडल ने अपनी पत्नी को मायके पहुंचा दिया था। चौकीदार के बेटे ने अवैध संबंध का वीडियो मृतक के मोबाइल पर भेज कर धमकी दिया कि अगर तुम्हारी पत्नी मेरे साथ संबंध नहीं बनाएगी तो इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। ग्रामीण बताते हैं की घटना की तीन दिन पहले मृतक अपनी पत्नी को खंड बिहारी लाया था । ग्रामीणों के अनुसार लाश को जब स्नान करने लगा तो उसके कलेजे और पंजाडा पर चोट का भारी निशान देखा गया है इससे प्रतीत होता है कि प्रेमी प्रेमिका ने मिलकर हीरो मंडल की हत्या कर लाश को पंखा से लटका दिया था इस कांड में चौकीदार ने चालाकी से थाने में फोन कर पुलिस को बुलाया और कुछ लेनदेन कर लाश को पोस्टमार्टम नहीं होने दिया और लाश को अगरिया नदी के किनारे जला दिया। प्रेमी और प्रेमिका के बीच चाची और भतीजे का रिश्ता है। रिश्ते को तार तार किया गया। ग्रामीणों ने इस घटना की जांच कर चौकीदार और उसके बेटे और प्रेमिका को गिरफ्तार करने की मांग मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक से किया है।

# स्वास्थ्य मंत्री से मिला डिप्लोमा फार्मासिस्ट आर्गनाइजेशन का प्रतिनिधिमंडल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार फार्मासिस्ट संवर्ग संशोधन नियमावली 2024 मंत्रिमंडल से स्वीकृत होते ही वर्षों से फंसा पेंच और राज्य में डिप्लोमा फार्मासिस्टों की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। इसी संबंध में मंगलवार को बिहार डिप्लोमा फार्मासिस्ट आर्गनाइजेशन छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें पुष्प गुच्छ एवं मिठाई भेंट कर आभार प्रकट किया एवं इस पुनीत कार्य के लिए सभी डिप्लोमा फार्मासिस्टों एवं फामेर्सी छात्रों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। नई संशोधन नियमावली 2024 में मूल कोटि पद फार्मासिस्ट के सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 और विज्ञापन वर्ष की 1ली अगस्त को उम्र का निर्धारणार्थ कर दी गई है। फार्मासिस्ट पद पर नियुक्ति लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम और कायार्नुभव के आधार पर की जाएगी। कुल 75 अंकों की परीक्षा होगी और लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को कायार्नुभव के अधिकतम पांच वर्षों के 25 अंक दिए जाएंगे। हर वर्ष के कायार्नुभव के पांच अंक देय है। साथ ही इस संशोधन नियमावली में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वैसे बी फार्म एवं एम फार्म उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी डी फॉर्म उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा, तभी वे इस पद के लिए आवेदन कर पाएंगे। बिना डिप्लोमा इन फामेसी की डिग्री प्राप्त किए अभ्यर्थी इस पद के योग्य नहीं हैं। अनिवार्य तकनीकी योग्यता डिप्लोमा इन फामेर्सी रखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार चौधरी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए साथ ही स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द नियमित नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित कर नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाए। इससे सभी डिप्लोमा फार्मासिस्टों की अस्पतालों में जल्द से जल्द नियुक्ति हो और मरीज एवं राज्यहित में अस्पतालों में सभी डिप्लोमा फार्मासिस्ट अपनी सेवा प्रदान कर सकें। स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा आश्वस्त किया गया कि जल्द से जल्द सभी डिप्लोमा फार्मासिस्टों की नियमित नियुक्ति की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में रजत राज, चेतन कुमार, कपिलदेव महतो, संकित कुमार, ऋषि राज, संत कुमार एवं राहुल कुमार शामिल थे।


**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**
**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 63 वर्ष 2024–25**
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **04.11.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation |
|---|---|
| 01- | Renovation of Chamber, Anty Room and Toilet of Principal Secretary of G.A.D. in Old Secretariat, Patna for the year 2024-25. |
| 02- | S/F/F Furnitures in Chamber of of Principal Secretary of G.A.D. in Old Secretariat, Patna for the year 2024-25. |
| 03- | Annual Maintenance of R.O. in 6A and 6B at Circular Road, Patna for the year 2024-25. (One Year) |
| 04- | Annual Maintenance of Dish T.V. Recharge in 6A and 6B at Circular Road, Patna for the year 2024-25. |
| 05- | Supply and Installation of Sign Board and Fire Safety Signage at Bihar Vidhan Mandal, Patna for the year 2024-25. |
| 06- | A/R to Different Work (Breakfast, Lunch Packet & Tea/Coffee Accessories) in BCD (Secretary Cell) at V. Bhawan, Patna for the year 2024 -25. |

➢ कार्य समाप्ति की अवधि :– क्रमांक– 01, 02, 05 के लिए 01 माह एवं क्रमांक– 03, 04, 06 के लिए मार्च 2025 तक
➢ सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामानों की आपूर्ति की जानी है तथा आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।
➢ विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।
1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 11021 (BCD) 2024-25

**कार्यपालक अभियंता**
**केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# दिल्ली ब्लास्टः कहीं बड़ी साजिश का ट्रायल तो नहीं?

करवा चौथ के दिन और दीपावली त्योहार के समय दिल्ली में ब्लास्ट होने की घटना को सामान्य तो कतई नहीं कहा जाएगा। हो सकता है, इसके पीछे कोई बड़ी साजिश का ट्रायल किया गया हो? शायद दहशतगर्द या आतंकी संगठन ये देखना चाहते हों कि बम के ट्रायल पर दिल्ली की कानून-व्यवस्था कितनी चाक-चौबंद है और जांच तंत्र क्या रिएक्ट करेगा? यह भी हो सकता है कि वो हमारी जांच एजेंसियों की जांच को भी परखना चाहते हों? ऐसी आंशका इसलिए जग रही है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने भी किसी बड़ी साजिश से फिलहाल इनकार नहीं किया है। दिल्ली में पहले भी कई मर्तबा बम ब्लास्ट और आतंकी घटनाएं हुई हैं। पर, उनमें और इस घटना में कुछ फर्क है। 20 अक्टूबर को सुबह फटे बम के बाद दूर-दूर तक धुआं ही धुआं फैल गया। लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। तेज बदबू इलाके में फैल गई। आसपास के घरों की नींव भूकंप की भांति हिल गई। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की खुफिया एजेंसी आईबी के पास इस तरह के इनपुट थे कि त्योहारों के वक्त दिल्ली-एनसीआर में कहीं न कहीं कोई आतंकी घटना घटने की आशंका है। कमोबेश वैसा होता भी दिखाई दिया। खुफिया इनपुट के बावजूद अगर ऐसी घटना घटती है तो कानून तंत्र, खुफिया विभाग, एंटी टेरर विंग पर सवालिया निशान उठना लाजिमी हो जाता है। अगर वह गहरी नींद में न सोते, तो ये हादसा शायद नहीं होता। पर, अकसर होता यही है जिम्मेदार एजेंसियां इस तरह की नाकामी कभी अपने पर नहीं लेतीं। दिल्ली में कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। बॉर्डर पर किसानों का पहरा है। भीड़भाड़ तो सदैव दिल्ली में रहती ही है। इसके अलावा पूरी केंद्र सरकार, ब्यूरोक्रेट लॉबी सभी यहीं बसती है। इसलिए देश की राजधानी दिल्ली में खुफिया एजेंसियों और कानून तंत्र को चौबीसों घंटे चौकन्ना रहना चाहिए। पर, अफसोस ऐसा होता नहीं? दहशतगर्द उनकी नाक के नीचे घटनाओं को अंजाम देकर चुपके से निकल जाते हैं, उसके बाद जांच के नाम पर लाठी पीटी जाती है। फिलहाल, ऐसी बातों पर गौर न कर, मौजूदा घटना की जड़ तक पहुंचने की आवश्यकता है। गनीमत ये समझा जाए कि घटना का दिन रविवार था। जिस सीआरपीएफ स्कूल की बाउंड्री के पास ब्लास्ट हुआ वो बंद था। साथ ही वक्त सुबह का था और स्थानीय लोगों की आवाजाही भी न के बराबर थी। खुदा न खास्ता अगर ये घटना वर्किंग डे में हुई होती, तो जानमाल के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। एकाएक दिमाग में सभी के यही आ रहा है कि कहीं कानून-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा तो नहीं लेना चाहते थे बम ब्लास्ट करके आतंकी? ऐसे अंदेशा पुलिस को भी है। पर जो भी हो, रविवार तड़के स्कूल के बाहर फटे इस बम की तेज आवाज ने पूरी दिल्ली में दहशत जरूर फैला दी है। घटना के वक्त आधी दिल्ली सोई हुई थी। पुलिस ने एहतियातन पूरी दिल्ली को अलर्ट पर रखा है और सर्तकता बढ़ा दी है। यह घटना सुबह करीब 7 बजे के आसपास हुई। एनएसजी, एंटी टेरर विभाग, दिल्ली पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां पड़ताल में एक्टिव हैं। सफेद रंग की कुछ पुड़िया और ज्वलंत पदार्थ सामग्री बरामद की गई है। शुरूआती जांच में बम देशी बताया गया है। लेकिन उसकी क्षमता से एजेंसियों का दिमाग चकराया हुआ है। अमूमन देसी बमों में इतनी ताकत और तेज आवाज नहीं होती। इसलिए हादसा दूसरी ओर भी इशारा करता है। घटना रोहिणी जिले के प्रशांत विहार स्थित सीआरपीएफ स्कूल के बाहर घटी। स्कूल में ज्यादातर छात्र डिफेंस से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के पढ़ते हैं। हादसे के संदेश क्या हैं? ये तो जांच की थ्योरी से ही पता चलेगा? लेकिन दिल्ली वासियों में दहशत अच्छी-खासी पैदा हो गई है।

# अब चांदी ही चांदी, मगर किसकी?

आज कोई पोलटिकल या कम्युनल बात नहीं होगी क्योंकि आज का मुद्दा तेजी से उछल रही चांदी है चांदी को रजत भी कहा जाता है। रजतपट का नाम तो आपने सुना ही होगा। चांदी इतनी तेजी से उछल रही है कि देखने वाले भौंचक हैं। इतना तेज तो हमारे एथलीट भी नहीं उछल पाते चांदी न खाने के काम आती है न आईस्क्रीम बनाने के काम लेकिन चांदी के भाव आसमान छूकर आसमान से भी ऊपर किसी तीसरे -चौथे ग्रह से आगे निकल गए हैं। चांदी आम आदमी की धातु है। आम आदमी से मतलब गरीब-गुरवों की धातु । आदिवासियों की धातु। दवाओं और मिठाइयों को सजाने के लिए वर्क बनाने के काम आने वाली धातु। लेकिन अब इस चांदी को भी बाजार की नजर लग गयी है। चांदी हो या सोना या पीतल हमारे यहां धनतेरस पर खरीदा जाता है। परम्परा है। ज्योतिषी ऐसे योग बता देते हैं कि हैसियत हो या न हो बिना खरीदारी के मन नहीं मानता। अब धनतेरस और दीपावली से पहले जहां सोने की चमक बढ़ती जा रही है, तो वहीं दूसरी कीमती धातु चांदी भी लगातार उछल रही है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को चांदी ने नया मुकाम छू लिया, जी हां, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी मैक्स पर एक किलो चांदी का भाव 1, 00, 000 रुपये के स्तर को छू गया। चांदी के बढ़ते दाम ही देश की तरक्की का सबसे बड़ा प्रमाण हैं तो हमारा देश बिला शक तरक्की कर रहा है। इतनी तरक्की देश ने पहले कभी नहीं की। अब नहीं की तो नहीं की। हमें हकीकत को तस्लीम करना ही चाहिए। हम कोई विपक्ष तो हैं नहीं जो इस तरक्की को खारिज कर दें ! हमें हकीकत का समाना करना आता है। हमें पता है कि हमारी हैसियत अपने परिवार की महिलाओं के लिए सोने के आभूषण खरीदने की भी नहीं है लेकिन अब हम शायद चांदी के आभूषण भी खरीदने लायक नहीं रहे। ये बात और है कि आजकल मोटे-ताजे अखबारों में चांदी के आभूषणों का कोई विज्ञापन नहीं छपता। केवल स्वर्ण और हीरे के आभूषणों के विज्ञापन आते हैं। छात्र जीवन में हमने एक बार चांदी पर निबंध लिखा था। उस निबंध की कुछ पंक्तियाँ हमें आज भी याद हैं। जैसे कि - चांदी सफेद चमकदार धातु है। चांदी ऊष्मा व विद्युत की सबसे अच्छी सुचालक है। चांदी का परमाणु भार 107.88, विशिष्ट घनत्व 10.55 से 9.87 तक, विशिष्ट ऊष्मा लगभग 0.56 तथा रेखीय प्रसारगुणक 1८से 100८सें. के बीच 0.0000194 है। दुनिया का तो पता नहीं किन्तु हमारे देश में चांदी का उपयोग सिक्के व आभूषण बर्तन बनाने के अलावा, फोटोग्राफी में काम आने वाले सिल्वर ब्रोमाइड बनाने में किया जाता है। चांदी के द्वारा अमलगम बना कर इससे दर्पण बनाये जाते हैं व दाँतों में भरने के काम आता है। चांदी से बनी मिश्रधातुयें अत्यधिक उपयोगी होती हैं। आयुर्वेद वाले स्वर्ण भस्म की तरह चांदी की रजत भस्म बनाकर रोगियों कि तमाम रोग भस्म करने का दावा करते है। लेकिन अब चांदी इतनी महंगी हो गयी है की आप न इसे दांत में भर सकते हैं और न शहद लगाकर चाट सकते हैं। मिठाइयों पार इसके वर्क लगाने का तो ख्वाब भी मत देखिये। चांदी के अक्षरों से कोई इतिहास भी तो नहीं लिखा जाता। एक लाख प्रति किलो तक आ पहुंची चांदी हमारे जीवन में ही नहीं बल्कि हमारे साहित्य और कहावतों में भी ससम्मान मौजूद है। हम अक्सर कहते हैं कि - फलां साहब की तो चांदी ही चांदी है। या फलां साहब तो मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए है। ये साहब या फिर फलां साहब तो आजकल चांदी काट रहे है। कभी किसी ने नहीं कहा की फलां साहब का तो सोना ही सोना है या फलां साहब आजकल सोना काट रहे हैं। ये चांदी का वैभव है कि वो लोक जीवन में सोने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। समाज में चांदी की सिल्ली रखी जाती है लेकिन सोना बिस्किट से ज्यादा बड़ा नहीं हो पाया। भले ही किलो कि दाम सोने कि चांदी से ज्यादा हों, लेकिन किलो कि हिसाब से लोग सोना नहीं चांदी खरीदते है। चांदी आखिर सुरक्षित निवेश का भी तो माध्यम है। भारत हालांकि कृषि प्रधान देश है लेकिन यहां चांदी की खपत बहुत ज्यादा है। भारत अपनी जरूरत की चांदी पैदा नहीं कर पाता तो उसे विदेशों से चांदी मंगाना पड़ती है। आखिर जनता का ख्याल तो रखना ही पड़ता है ! भारत में इसका बहुत कम उत्पादन होता है। भारत अक्सर बेल्जियम, ब्रिटेन, इटली, पश्चिमी जर्मनी आदि देशों से चांदी का आयात करता हैं। भारत में चांदी - राजस्थान में जावर माइन्स, कर्नाटक में चित्रदुर्ग तथा बेलारी ज़िले, आन्ध्र प्रदेश में कडपा, गुंटूर तथा कुरनूल ज़िले, झारखण्ड में संथाल परगना तथा उत्तराखण्ड में अल्मोड़ा में मिल जाती है।

# जहरीली होती हवा से गहराता सांसों का संकट

**अभी से दिल्ली की आबोहवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। दिल्ली की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है।**






**ललित गर्ग**
लेखक

दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अभी दीपावली आने में कुछ दिन है, उससे पहले ही जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती। दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता है। उससे निपटने के प्रयासों के दावे भी राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए बना आयोग भी जिम्मेदारी के निर्वाह में नाकाम नजर आता है। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? वैसे प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। सुप्रीम कोर्ट राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर कठोर टिप्पणियां करने के साथ सरकार को कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने के लिये जागरूक करती रही है। हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में पंजाब सरकार की नाकामी पर सख्त टिप्पणी भी की। पंजाब और दिल्ली, दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, इसलिए यह आप और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का मुद्दा भी बनता रहता है। ध्यान रहे कि पंजाब और दिल्ली के बीच स्थित राज्य हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, जिसके पश्चिमी क्षेत्र के किसानों पर पराली जलाने का आरोप लगता रहता है। आम आदमी की सेहत ही नहीं, जीवन से भी जुड़े इस जानलेवा मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस समाधान की राह निकलनी चाहिए। हमारे राजनीति दल संवेदनहीन नहीं बल्कि संवेदनशील बने। दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न किये जाये। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में पिछले कुछ सालों में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। तमाम बंदीशों एवं चेतावनियों के दीपावली की रात आतिशबाजी जमकर होती है, इसके कारण पिछले साल अगले दिन वायु प्रदूषण 999 के बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। यह आम आदमी की सेहत, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 401 से 500 तक के एक्यूआइ को ही ह्यगंभीरह्ण एवं खतरनाक माना जाता है। वायु प्रदूषण से जुड़े आंकडे हमें बार-बार सतर्क एवं सावधान करने के साथ डराते भी है। यह डराने वाला ही आंकड़ा है कि भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों की ही तरह वाहनों एवं भवन-निर्माण से जुड़ा प्रदूषण भी खतरनाक होता है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके। ...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। अभी से हर दिन पराली जलाने की घटनाएं दर्ज होने लगी है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? सच यह है कि इसके लिए कोई प्रभावी कोशिश हो ही नहीं रही है। किसानों से बात करने का साहस कोई भी सरकार नहीं दिखा रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने एवं लोगों के जीवन को संकट में डालने का अधिकार है।

# जनगणना में पहली बार होगी मुस्लिम जातियों की गिनती?

**इस भ्रम के जरिए मुसलमानों में जातीय कुचक्र को अब तक छिपाया जाता रहा है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी इसे कानूनी कसौटी पर परखने का फैसला लिया है। दरअसल मुसलमानों में जातियां तो हैं, लेकिन दस्तावेजों में उनके लिखने का प्रचलन नहीं है। मुसलमानों में यह उदारता कुटिल चतुराई का पर्याय है। यह जांच नौकरियों में आरक्षण का लाभ लेने के सिलसिले में की जाएगी। अदालत का कहना है कि जब सरकारी रिकॉर्ड में जाति के आधार पर प्रमाणीकरण ही न किया गया हो तो फिर आरक्षण का लाभ कैसे मिल रहा है? जब कोई व्यक्ति सरकारी दस्तावेजों में जाति या उपजाति का उल्लेख ही नहीं कर रहा है, तो उसे पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के कोटे में आरक्षण का लाभ कैसे मिल सकता है?**





**प्रमोद भार्गव**
लेखक

जातिवार जनगणना होने की स्थिति में पहली बार देष में मुसलमानों की जातियों की भी गिनती की जाएगी। भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त इस लक्ष्यपूर्ति के लिए तैयारियों में जुटे हैं। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ह्यमुसलमानों में जाति की बात आने पर कांग्रेस के मुंह पर ताला पड़ जाता है, लेकिन हिन्दू समाज की बात आते ही वह चर्चा जाति से करती है। क्योंकि वह जानती है कि जितना हिन्दू समाज बंटेगा, उतना ही उसे राजनीतिक लाभ होगा। ह्य मोदी के इस बयान को हिंदुओं की तरह मुसलमानों में भी जातियों की जनगणना कराए जाने के संकेत के रूप में देख गया था। अब माना जा रहा है कि कोरोना महामारी और फिर लोकसभा चुनाव के कारण अटकी हुई 2021 की जनगणना 2025 में हो सकती है। हालांकि अभी तक केंद्र सरकार ने जनगणना के साथ जातिवार गिनती कराने का निर्णय नहीं लिया है, लेकिन विपक्ष की ओर से जातिवार जनगणना के लिए बढ़ते दबाव और इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने के जारी प्रयास के चलते सरकार इसे कराने का फैसला ले सकती है। भाजपा और केंद्र सरकार दोनों की ओर से बार-बार कहा भी जा चुका है कि वह जातीय गणना के विरुद्ध नहीं है, किंतु इसका इस्तेमाल राजनीतिक लाभ लेने के लिए नहीं होना चाहिए। विपक्ष का ध्येय कुछ भी हो, लगता है अगली जनगणना में जातिवार गिनती संभवतः इसलिए करा ली जाएगी, जिससे विपक्ष का यह मुद्दा हमेषा के लिए खत्म हो जाए। महाराष्ट्र में आभासी माध्यम से विकास परियोजनाओं की आधारषीला रखते हुए, मोदी ने यह आरोप भी लगाया था कि ह्यकांग्रेस किसी भी तरीके से हिन्दू समाज में आग लगाए रखना चाहती है। वह इसी फामूर्ले पर चल रही है। ह्य वाकई कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल अपनी जीत के लिए इसी प्रकार के जातीय विभाजन और गठजोड़ के बेमेल समीकरण बिठाते रहे हैं। मायावती, लालू, मुलायम और नीतीश कुमार ने यही किया। अब कांग्रेस अपनी जीत का आधार इसी फामूर्ले को बना रही है। वर्तमान में कांग्रेस इस हद तक गिर गई है कि न तो उसे सर्वजन हिताय एवं सर्वजन सुखाय की चिंता है और न ही सनातन परंपरा और मूल्यों की? कांग्रेस के राहुल गांधी को याद होना चाहिए कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल 2011 की जनगणना के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक और जातिवार आंकड़े जुटाए गए थे, लेकिन 1931 में अंग्रेजी षासनकाल में हुई जातिवार जनगणना में 4, 147 जातियां थीं, जबकि 2011 में यह संख्या बढ़कर 86.80 लाख से भी ज्यादा हो गई थी। जातियों में इस अप्रत्याषित बढ़ोत्तरी और अन्य अनियमितताओं के कारण मनमोहन सिंह सरकार और फिर बाद में मोदी सरकार ने इसके आंकड़ों को जारी नहीं किया। मुस्लिम धर्म के पैरोकार यह दुहाई देते हैं कि इस्लाम में जाति प्रथा की कोई गुंजाइश नहीं है। जबकि एम एजाज अली के मुताबिक मुसलमान भी चार श्रेणियों में विभाजित हैं। उच्च वर्ग में सैयद, शेख, पठान, अब्दुल्ला, मिर्जा, मुगल, अशरफ जातियां शुमार हैं। पिछड़े वर्ग में कुंजड़ा, जुलाहा, धुनिया, दर्जी, रंगरेज, डफाली, नाई, पमारिया आदि शामिल हैं। पठारी क्षेत्रों में रहने वाले मुस्लिम आदिवासी जनजातियों की श्रेणी में आते हैं। अनुसूचित जातियों के समतुल्य धोबी, नट, बंजारा, बक्खो, हलालखोर, कलंदर, मदारी, डोम, मेहतर, मोची, पासी, खटीक, जोगी, फकीर आदि हैं। मुस्लिमों में ये ऐसी प्रमुख जातियां हैं जो पूरे देश में लगभग इन्हीं नामों से जानी जाती हैं। इसके अलावा देश के राज्यों में ऐसी कई जातियां हैं जो क्षेत्रीयता के दायरे में हैं। जैसे बंगाल में मंडल, विश्वास, चैधरी, राएन, हलदार, सिकदर आदि। यही जातीयां बंगाल में मुस्लिमों में बहुसंख्यक हैं। इसी तरह दक्षिण भारत में मरक्का, राऊथर, लब्बई, मालाबारी, पुस्लर, बोरेवाल, गारदीय, बहना, छप्परबंद आदि। उत्तर-पूर्वी भारत के असम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि में विभिन्न उपजातियों के क्षेत्रीय मुसलमान हैं। राजस्थान में सरहदी, फीलबान, बक्सेवाले आदि हैं। गुजरात में संगतराश, छीपा जैसी अनेक नामों से जानी जाने वाली बिरादरियां हैं। जम्मू-कश्मीर में गुज्जर, बट, ढोलकवाल, गुडवाल, बकरवाल, गोरखन, वेदा (मून) मरासी, डुबडुबा, हैंगी आदि जातियां हैं। इसी प्रकार पंजाब में राइनों और खटीकों की भरमार है। इसके आलावा मुसलमानों में सिया, सुन्नी, अहमदिया, उईगर और रोहिंग्या जैसे बड़े समुदाय भी हैं। कुछ भिन्नताओं के चलते इनमें आपस में खूनी संघर्श भी छिड़ा रहता है। इतनी प्रत्यक्ष जातियां होने के बावजूद मुसलमानों को लेकर यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि ये जातीय दुष्चक्र की गुंजलक में नहीं जकड़े हैं। दरअसल जाति-विच्छेद पर आवरण कुलीन मुस्लिमों की कुटिल चालाकी है। इनका मकसद विभिन्न मुस्लिम जातियों को एक सूत्र में बांधना कतई नहीं है। गोया, ये इस छद्म आवरण की ओट में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर एकाधिकार रखना चाहते हैं। जिससे इनका और इनकी पीढ़ियों को लाभ मिलता रहे। 1931 में हुई जनगणना में बिहार और ओड़ीसा में मुसलमानों की तीन बिरादरियों का जिक्र है, मुस्लिम डोम, मुस्लिम हलालखोर और मुस्लिम जुलाहे। बाकी जातियों को किस राजनीतिक जालसाजी के तहत हटाया गया, इसकी पड़ताल होनी चाहिए? यदि ऐसा होता है तो वास्तविक रूप से मुसलमानों में आर्थिक बद्हाली झेल रही जातियों को सरकारी लाभ योजनाओं से जोड़ा जा सकेगा? वृहत्तर मुस्लिम समाज सामान्य तौर से यह जताता है कि इस्लाम में जाति व्यवस्था नहीं है।

# देश की प्रगति में रोड़ा बनता मधुमेह

**पंकज चतुर्वेदी**

मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन और आइसीएमआर के शोध के अनुसार, चिप्स, कुकीज, केक, फ्राइड फूड और मेयोनीज जैसी चीजों के सेवन से डायबिटीज का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। रिसर्च में कहा गया है कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की वजह से भारत डायबिटीज की राजधानी बनता जा रहा है। भारत की कोई 8.29 करोड़ वयस्क आबादी का 8.8 प्रतिशत हिस्सा मधुमेह की चपेट में है। अनुमान है कि 2045 तक यह संख्या 13 करोड़ से अधिक हो जायेगी। यह वह काल होगा, जब बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ेगी। मधुमेह वैसे तो खुद एक रोग है, पर इससे मरीजों की जेब भी खोखली हो रही है और मानव संसाधन की कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में लोगों ने एक साल में डायबिटीज या उससे उपजी बीमारियों पर सवा दो लाख करोड़ रुपये खर्च किये, जो हमारे सालाना बजट का 10 फीसदी है। बीते दो दशक में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या में 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी बेहद चिंताजनक है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह रोग फिलहाल चिकित्सा जगत के लिए महज कमाई का जरिया है। दर्जनों किस्म के डायबिटीज मॉनिटर, हजारों किस्म की आयुर्वेदिक दवाएं और नुस्खे बेचे जा रहे हैं। लंदन में यदि किसी को मधुमेह है, तो पूरे परिवार का इलाज निशुल्क है। भारत में ऐसा कोई संवेदनशील नजरिया नहीं हैं। एक अनुमान है कि एक मधुमेह मरीज को औसतन 4, 200 से 5, 000 रुपये दवा पर खर्च करने पड़ते हैं। यह रोग ग्रामीण, गरीब बस्तियों और तीस साल तक के युवाओं को भी शिकार बना रहा है। डायबिटीज खराब जीवन शैली से उपजने वाला रोग है, तभी बेरोजगारी, अधिक भौतिक सुख जोड़ने की अंधी दौड़ खून में शर्करा की मात्रा बढ़ा ही रही है, कुपोषण, घटिया गुणवत्ता वाला पैक्ड भोजन भी मरीजों की संख्या बढ़ाने का बड़ा कारक है। लेह-लद्दाख पहाड़ी इलाका है, जहां लोग खूब पैदल चलते थे, मेहनत करते थे, सो कभी बीमार नहीं होते थे। पिछले कुछ दशकों में वहां बाहरी प्रभाव और पर्यटक बढ़े। बाहरी दखल के चलते यहां चीनी का इस्तेमाल होने लगा। अब वहां डायबिटीज जैसे रोग घर कर रहे हैं। दवा कंपनी सनोफी इंडिया के एक सर्वे में डरावने तथ्य सामने आये हैं कि मधुमेह की चपेट में आये लोगों में से 14.4 फीसदी को किडनी और 13.1 को आंखों की रौशनी जाने का रोग लग जाता है, 14.4 प्रतिशत मरीजों के पैरों की धमनियां जवाब दे जाती हैं, जिससे उनके पैर खराब हो जाते हैं तथा लगभग 20 फीसदी लोग दिल की किसी बीमारी के चपेट में आ जाते हैं। इतना ही नहीं, 6.9 प्रतिशत लोगों को न्यूरो यानी तंत्रिका से संबंधित दिक्कतें भी होती हैं। अमेरिकी मानक संस्थाओं ने भारत में रक्त में चीनी की मात्रा को कुछ अधिक दर्ज करवाया है, जिससे प्री-डायबिटीज वाले भी दवाओं के फेर में आ जाते हैं। यह सभी जानते हैं कि एक बार डायबिटीज हो जाने पर मरीज को जिंदगी भर दवा खानी पड़ती है। मधुमेह नियंत्रण के साथ-साथ रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल की दवाएं लेना आम बात है। किडनी बचाने की दवा भी लेनी पड़ती है। जब इतनी दवा लेंगे, तो पेट में बनने वाले अम्ल के नाश के लिए भी दवा जरूरी है, जिसे नियंत्रित करने के लिए कोई मल्टी-विटामिन भी अनिवार्य है। एक साथ इतनी दवाओं के बाद लीवर पर असर पड़ेगा ही। इसमें शुगर मापने वाली मशीनों व दीगर जांचों को तो जोड़ा ही नहीं गया है। दूरस्थ अंचलों की बात तो जाने दें, महानगरों में ही हजारों ऐसे लैब हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट संदिग्ध रहती है। प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के तहत इलाज की निशुल्क व्यवस्था में मधुमेह जैसे रोगों के लिए जगह नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं की जर्जरता की बानगी सरकार की सबसे प्रीमियम स्वास्थ्य योजना सीजीएचएस यानी केंद्रीय कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा है, जिसके तहत पत्रकार, पूर्व सांसद आदि भी आते हैं। इसके तहत पंजीकृत लोगों में चालीस फीसदी डायबिटीज के मरीज हैं और वे हर महीने केवल नियमित दवा लेने जाते हैं। मरीज डॉक्टर के पास जाता है और उसे किसी विशेषज्ञ के पास भेजा जाता है। विशेषज्ञ कई जांच लिखता है और मरीज को फिर अपनी डिस्पेंसरी में आकर जांच कराना होता है। फिर विशेषज्ञ के पास जाना होता है। इस प्रक्रिया में कम से कम पांच दिन लगते हैं, लंबी कतार झेलनी होती है।

# सीओ ने सरकारी जमीन को कराया अतिक्रमणमुक्त

## विगत कई वर्षों से अतिक्रमणकारियों ने जमीन पर कर रखा था कब्जा

- कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप का माहौल कायम है

प्रातः किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के दक्षिणी बराव के विशैनी खुर्द गांव में जितेंद्र चौधरी, सुखदेव पासवान, सत्तार अंसारी, धनंजय पासवान पिछले कई वर्षों से बिहार सरकार की जमीन पर कब्जा जमा रखा था। इस अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गयी। सीओ मधुसूदन चौरसिया, बीडीओ अतुल कुमार गुप्ता और थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों के साथ सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया. इसको लेकर पूरे पूरे इलाके में हड़कंप काम माहौल कायम है. सीओ ने बताया कि पुलिस बल के जवानों की मौजूदगी में राधिका सिंह, बिगन सिंह और मोहन सिंह के द्वारा आठ डिसमिल जमीन पर कब्जा कर चबूतरा बना लिया गया था। जिसको अतिक्रमण हटाया गया। जिसकी जानकारी अंचलाधिकारी ने देते हुए बताया कि परिवादी सत्तार अंसारी के आवेदन के आलोक में अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी के आदेश पर बिहार सरकार की जमीन पर कब्जा जमाए जितेंद्र चौधरी सुखदेव पासवान, सत्तार अंसारी धनंजय पासवान को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया था, लेकिन ये सरकारी आदेश की अनदेखी कर रहे थे। जिस अतिक्रमण के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर अन्य लोगों में हड़कंप का माहौल कायम है। अंचलाधिकारी ने बताया कि सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए अन्य लोगों को भी अतिक्रमण हटाने का निर्देश दे दिया गया है। इसके बावजूद नहीं हटाने पर अब इस दौरान हुआ खर्च भी वसूला जायेगा।

### अधिकारी की देखरेख में कराया गया अतिक्रमण मुक्त

बिक्रमगंज (रोहतास) । बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोटपा में पूर्व के अतिक्रमण में शेष बचे एक मकान के अग्रभाग को अंचल अधिकारी बिक्रमगंज द्वारा पुलिस बल के सहयोग से 21 अक्टूबर को अतिक्रमण मुक्त किया गया । उक्त मकान के मलवा रास्ता पर रह गया था,जिसे घर वालों के द्वारा हटाने की बात कही गयी थी,लेकिन उनके द्वारा नहीं हटाया गया । बाद में दोनों तरफ से आवागमन बाधित होने के कारण लोग आक्रोशित हो गये । सूचना प्राप्त होने पर पुलिस प्रशासन गयी व दोनों पक्षों को समझाया गया । लेकिन दो व्यक्ति बाबुधन कुमार व संतोष राम पिता धरीक्षण राम ग्राम गोटपा निवासी के द्वारा हाथ में ईट लेकर किसी भी कीमत पर रास्ता को चालू नहीं होने देने की बात कहते हुए धमकी देने लगे,जिस शोरगुल को सुनकर आस-पास काफी लोग इकट्ठा हो गये,जिससे विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो रही थी ।

# सेमरा ओपी एवं दिनारा पुलिस ने वाहन जांच अभियान में 30 हजार रुपए का काटा ऑनलाइन चालान

प्रातः किरण संवाददाता



दिनारा(रोहतास) : वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी थाना के थानाध्यक्षों के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है । उसी क्रम में सेमरा ओपी एवं दिनारा पुलिस ने वाहन जांच अभियान थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर चलाया । जिस क्रम में वाहन जांच के दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा हेलमेट, डिक्की,सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर बुक,प्रदूषण जांच सहित अन्य बिंदुओं पर बारिकी से बड़े एवं छोटे वाहनों की जांच की गई । जानकारी देते हुए सेमरा ओपी थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के निरंजनपुर एवं बैरीपुर पुल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया । जिस दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से 20 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा । तो वहीं दूसरी ओर दिनारा पुलिस ने भी थानाध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में धनसुई मोड़,ब्लॉक मोड़ एवं बेलवैया मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाया । थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि स्थानीय पुलिस के द्वारा सभी बिंदुओं पर बड़े एवं छोटे वाहनों की जांच बारिकी से की गई । जिस दौरान पुलिस ने 10 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा । दोनों थाना के थानाध्यक्षों ने बताया कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगे । दोनों थानाध्यक्षों ने सभी वाहन चालकों एवं आमलोगों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट,हेलमेट एवं जूता विशेष तौर पर पहनकर ही वाहन को चलाएं । जिससे निरंतर होने वाली सड़क दुर्घटना से बचा जा सके, क्योंकि जीवन सबसे बड़ा अनमोल है । मौके पर दोनों थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे ।

# सिसौडा गांव के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्तन कैंसर जागरुकता कार्यक्रम सह नि:शुल्क स्तन कैंसर स्क्रीनिंग आयोजित किया गया

प्रातः किरण संवाददाता



कैमूर भभुआ। आईएमए बिहार द्वारा गोद लिए गांव कैमूर जिले के रामगढ़ प्रखंड स्थित सिसौडा गांव के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्तन कैंसर जागरुकता कार्यक्रम सह निशुल्क स्तन कैंसर स्क्रीनिंग आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कैमूर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आर के चौधरी ने किया। जागरुकता कार्यक्रम में आईएमए बिहार के प्रदेश सचिव डॉ संतोष कुमार सिंह, होमी भाभा कैंसर रिसर्च सेंटर की डॉ अंकिता एवं आईएमए कैमूर के अध्यक्ष डॉ डी के सिंह मंटू व सिसौडा पंचायत मुखिया प्रदीप कुमार ने संबोधित किया । डॉ अंकिता कुमारी एवं उनकी टीम ने 21 महिलाओं की जाँच किया जिसमें 2 मरीज को चिन्हित किया गया ।

स्तन कैंसर कोई संक्रामक बीमारी नहीं है, लेकिन इससे प्रभावित लोगों की संख्या देखकर यह कहा जा सकता है कि इस मुद्दे पर जागरूकता की कितनी कमी है। यह जरूरी है लोगों तक स्तन कैंसर से जुड़ी सही जानकारी पहुंचे इसलिए अक्तूबर महीने को पूरे विश्व मे ह्य विश्व स्तन कैंसर जागरूकता ह्य माह के रूप मे मनाते है। भारत मे प्रतिवर्ष स्तन कैंसर से लगभग एक लाख महिलाओं की असामयिक मृत्यु होती है जिसे जागरूकता के माध्यम से कम किया जा सकता है। अगर किसी महिला के स्तन या कांख मे गाँठ हो, स्तन के आकार मे बदलाव , स्तन के ऊपर लालिमा हो, स्तन की त्वचा पर कड़ापन हो, स्तन से मवाद या खून का आना इत्यादि लक्षण दिखे तो तुरंत योग्य चिकित्सक से संपर्क करें। डॉक्टर की सलाह पर मैमोग्राम स्क्रीनिंग करानी चाहिए। अगर रिस्क अधिक हो तो एमआरआई, बायोप्सी इत्यादी करानी चाहिए। कुछ लोगों को प्रारंभिक लक्षण नहीं दिखता इसलिए 40 साल के ऊपर की महिलाओ को साल मे एक बार मैमोग्राम स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए। आमतौर पर स्तन कैंसर होने के निम्न कारण हैं , वजन का बढना, फिजिकल एक्टिविटी नही करना , जेनेटिक बीमारी होना , हार्मोन मे बदलाव, बच्चे पैदा नही करना या देर से पैदा करना, बच्चे को दूध नही पिलाना इत्यादि । ब्रेस्ट कैंसर तेजी से बढता शारीरिक रोग है लेकिन इसको सावधानी एवं उचित परामर्श से टाला जा सकता है । अगर प्रारंभिक स्टेज मे इसको पहचान कर इलाज शुरू होने पर स्तन कैंसर को ठीक किया जा सकता है । ग्रामीण स्तर महिलाओ को स्तन कैंसर के प्रति जागरुक करना अति आवश्यक है।

# उपमुख्य मंत्री सहित कई मंत्रियों का जदयू कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता



गड़हनी। आरा सासाराम मुख्य मार्ग स्थित गडहनी गोला बाजार बलॉक मोड के समीप तरारी विधानसभा उपचुनाव के भाजपा उम्मीदवार विशाल प्रशान्त के नामांकन कार्यक्रम पीरो से पटना जाने के क्रम मे उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विज्ञान और प्रौघोगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह, लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला मंडल, कृषि एवं स्वास्थ मंत्री मंगल पाण्डेय, पंचायती राज्य मंत्री केदार साह, अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति सह विधान परिषद श्रीभगवान सिंह कुशवाहा का फूल माला व अंगवस्त्र से भव्य स्वागत सोशल मीडिया सह सूचना प्रौद्योगिकी सेल, जद (यू.) भोजपुर समन्वयक मो. इमरान अहमद उर्फ सोनू एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष सह उप प्रमुख प्रतिनिधि संजीत चंद्रवंशी के नेतृत्व में जदयू कार्यकर्ताओ के द्वारा किया गया ।इस दौरान कार्यकताओं ने एनडीए गठबंधन जिन्दाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाते रहे।

स्वागत करने वालों मे मोहम्मद इमरान अहमद उर्फ सोनु, कार्यालय प्रभारी सह प्रवक्ता शंभु प्रसाद सोनी, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष सह उप प्रमुख प्रतिनिधि संजीत चंद्रवंशी, राम बच्चन सिंह, राम प्रवेश सिंह कुशवाहा, काउप पंचायत समिति सदस्य मोहन राम, इचरी पंचायत समिति प्रतिनिधि राधेश्याम गुप्ता, हरपुर पंचायत समिति प्रतिनिधि विनय पासवान, श्यामनंदन सिंह, शाहिद अंसारी सहित जदयू के अन्य कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# लोगों ने फिर उठाया हाई स्कूल का मुद्दा

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) प्रखंड मुख्यालय दावथ में बच्चों के लिए हाई स्कूल का अब तक व्यवस्था न हो पाना चर्चा का विषय बना हुआ है। समय-समय पर यहां के समाजसेवियों एवं राजनीतिक दल के नेताओं ने कई बार शिक्षा विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने का काम किया। लेकिन विभाग की निष्क्रियता ने यहां के आठवीं पास बच्चों को 6 किलोमीटर दूर तक जाने के लिए मजबूर कर रखा है। भाजपा प्रखंड के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बगल के पंचायत में दो कमरे में दो-दो स्कूल एक साथ कैसे चलाए जा रहे हैं। मालूम हो कि बगल के पंचायत में दो कमरे में प्लस टू तक विद्यालय चलता है और एक अन्य विद्यालय को उसमें मर्ज कर लिया गया है जो एक गंभीर मामला है और यह जांच का भी विषय है जबकि दावथ प्रखंड मुख्यालय है और यहां स्कूल में दो दर्जन से अधिक कमरे हैं। अपना कई बीघे में फील्ड है ।इसके बावजूद आठवीं पास बच्चों की शिक्षा के व्यवस्था न कर पाना काफी दुःख और निंदा के लायक है । सरकार ने यह निर्देश भी दे रखा है कि आठवीं पास बच्चों को अपने पंचायत के अंतर्गत ही किसी विद्यालय में पढ़ना है ।लेकिन यहां तो स्थिति दूसरी है ।पंचायत में आठवीं के बाद विद्यालय ही नहीं है तो बच्चे करें तो क्या करें ?तो वहीं समाजशावी सलामुद्दीन अंसारी ने कहा कि यह बच्चों के शिक्षा का अधिकार का हनन है। सड़क पर हो रहे दुर्घटनाओं को देखते प्लस टू तक की व्यवस्था यहां होना चाहिए।

# भाकपा-माले की बदलो बिहार न्याय यात्रा पहुंची काराकाट

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । बिहार सरकार के खिलाफ भाकपा माले ने पूरे बिहार में बदलो बिहार न्याय यात्रा का शुभारंभ 16 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 तक चला रही है । न्याय यात्रा सासाराम से नोखा होते हुए सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिला इस यात्रा में शामिल हैं । इस यात्रा का नेतृत्व काराकाट लोकसभा सांसद राजाराम सिंह व विधायक अरुण कुमार सिंह एवं जिला सचिव नंद किशोर पासवान कर रहे हैं । सड़क मार्ग से पैदल जा रहे न्याय यात्रा को क्षेत्र में जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है । बदलो बिहार न्याय यात्रा मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के काराकाट, करूप व गोडारी बाजार पहुंची जहां पर एक सभा आयोजित की गई । सभा को संबोधित करते हुए सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि दो दशकों से बिहार की सत्ता छीन भाजपा-जदयू की सरकार लूट एवं झूठ पर टिकी हुई है । इनके शासनकाल में लूट का बहुत बड़ा साम्राज्य स्थापित हो गया है । इसका आलम आप इसी से जान सकतें हैं कि पन्द्रह से ज्यादा बड़े-बड़े पुलों में घटिया निर्माण करा कर बहुत बड़ी लूट का अंजाम दिया है । आज सभी पुलें स्वयं धाराशाई हो रहें हैं । इन्हीं के शासन काल में सृजन घोटाले हुए । बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर कंपनियों से बहुत बड़ी कमिशन ली गई है । जिनका नतीजा बिहार की जनता भुगत रही है । इस स्मार्ट मीटर का पूरे बिहार में जनता द्वारा विरोध किए जा रहे हैं । जनता को लूटने का एक नया तरीका अख्तियार किया गया है । बिजली विभाग को जनता को लूटने के लिए हीं पूंजीपतियों के हाथों सौंपा गया है । क्योंकि बिजली विभाग सरकारी थीं तो इन लोगों को लूटने का मौका नहीं मिल रहा था । सरकार ने खुद अपने द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में पाया है कि राज्य में 94,33,312 अत्यंत गरीब परिवार है । जिनकी मासिक आय 6 हजार से भी कम है । उन्हें लघु उद्यमी योजना के तहत 2-2लाख रुपए स्वरोजगार करने हेतु राशि दी जाएगी, लेकिन यह भी फिसड्डी साबित हो गई है । अतिपिछड़ों, महादलितों की हिमायती होने का दंभ भरने वाली सरकार लंबे सुशासन के बाद भी उन पंचानबे लाख गरीब परिवारों को गुजारा करने के लिए दिन के 200 रुपए भी नहीं जुटा पा रही है । आज भी केंद्र सरकार के मजदूरी में वृद्धि के बाद भी जीविका,आशा,आंगनबाड़ी, रसोइया तथा लाखों स्कीम वर्करों को तुच्छ राशि पर बेगार के रूप में खटाया जा रहा है । जमीन सर्वेक्षण ने पूरे बिहार में अफरातफरी मचा दी है । अंचलों द्वारा जमीन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गई हैं । पंजी -2 में भारी गड़बड़ियां मिल रही हैं । जब तक सुधार नहीं हो जाता है तब तक सर्वे को बंद रखना चाहिए । भूमि सुधार हेतु परिमार्जन प्ल्स वेवसाईट भी काम नहीं कर रहा है । सरकार इसे जल्द से जल्द सुधार करें । काराकाट विधायक कामरेड अरुण सिंह ने कहा कि दलितों,महादलितों,अल्पसंख्यक समुदायों, महिलाओं पर सुनियोजित तरीकों से हमले जारी है । बहु बेटियों के साथ बलात्कार एवं उसके बाद हत्या के मामले सैकड़ों में घटित हुई हैं । राज्य में शराब माफियाओं का राज कायम हो चुका है । महादलितों का सामुहिक घरों में आग लगा दी जा रही है । दबंगों एवं अपराधियों का राज कायम हो चुकी है । गरीबों की लड़ाई लड़ने वाले नेताओं की सरेआम हत्याएं हो रही है । सरकार ने सामंती-अपराधी ताकतों को खुली छूट दे रखी है और उसने दलित-गरीब-महिलाओं पर खुला हमला बोल दिया है। विकास के सभी सूचकांकों में पिछड़ा हमारा बिहार देश के सबसे गरीब और पिछड़े राज्यों में से एक है । महा नगरीय आबादी वाले उद्योग रहित राज्य में घाटे की खेती,बेरोजगारी और पलायन विकराल रुप में मौजूद हैं । क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने के लिए बिहार को मिल रही लगभग 9 हजार करोड़ रुपए की राशि मोदी सरकार ने बंद कर दी है । लूट के दौर में डेढ़ दर्जन पुल गिर चुके हैं । गरीबों को 5 डिसमिल जमीन अभी तक नहीं मिल पाया है । लेकिन गरीबों के घर उजाड़े जा रहे है । हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां डबल इंजन की ताकत से चल रही लूट व झूठ की सरकार है

# ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न समाज की एकता पर दिया जोर



प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट( रोहतास) : ब्राह्मण समाज सेवा संघ शाहाबाद की बैठक शैलेन्द्र ओझा की अध्यक्षता में मिश्रवलियां गांव की काली मंदिर परिसर में आयोजित किया गाय। कार्यक्रम की मुख्य आयोजनकर्ता राकेश मिश्रा थे, तो वही संचालन रजनी कान्त पाण्डेय ने किया । बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलनों को बढ़ावा देने, समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा समाज की एकजुटता बढ़ाने पर चर्चा की गई। इससे पूर्व बैठक में शामिल सभी लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित व फूल अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज में एक जुटता के अभाव में समाज पिछड़ता जा रहा है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन ज्यादा से ज्यादा आयोजित होने चाहिए। बालकों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने तथा ब्राह्मण के कर्म को बढ़ावा देने पर जोर दिया। समाज में दहेज प्रथा जैसी व्याप्त कुरीतियों के निवारण के लिए समाज द्वारा जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा की गई। जागरूकता अभियान के द्वारा समाज को एक जुट करने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण के लिए गांव-गांव तथा घर-घर जाकर लोगों को जोड़ा जाएगा। वक्ताओं ने कहा की इतिहास गवाह है कि ब्राह्मण ही इस सृष्टि के मूल उद्धारक है । जो सदैव दूसरों की हित के बारे में सोचता है ।

इस धरा धाम पर जितने भी सनातनी लोग है सबकी सुरक्षा व हर कार्यक्षेत्र में सबसे अग्रणी पंक्ति में आगे बढ़चढ़ कर सभी वर्गो के लिए नेक कार्य ब्राह्मण समाज के लोगों ने ही किया है । । इसपर हम सबको विचार करना होगा । साथ ही हमारे समाज के प्रणेता भगवान परशुराम द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर चलना होगा । तभी हमारा समाज अग्रणी की भूमिका में रहेगा । बैठक में अध्यक्ष प्रकाश तिवारी, सचिव चंदन तिवारी, उपाध्यक्ष रजनीश पाण्डेय, नन्द जी पाण्डेय, अमित मिश्रा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज तिवारी, प्रो. अग्रसेन उपाध्याय आदि शामिल थे ।

# चोरी के बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

नासरीगंज(रोहतास) , पातः किरण। कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैथी से चोरी के बाइक साथ एक युवक विक्रम कुमार उम्र 21 वर्ष पिता स्व० विजय कहार ग्राम ओसांव थाना कछवां को गिरफ्तार किया गया है । जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि उक्त युवक मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में गोपालपुर थाना पटना में कांड संख्या 279/24 के आलोक में कांड दर्ज है । इसकी जानकारी कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी ।

# पूर्व शराब कांड के मामले में एक महिला अभियुक्त गिरफ्तार

दिनारा(रोहतास), प्रातः किरण। दिनारा(भानस)थाना कांड संख्या 225/24 दिनांक 18/ 05/24 के आलोक में सुसंगत धारा 30( )बिहार मध निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के प्राथमिकी अभियुक्त लक्ष्मीना देवी उम्र 39 वर्ष पति अरविंद पासवान ग्राम कुंड थाना भानस को गिरफ्तार किया गया । साथ ही जांच के उपरांत गिरफ्तार महिला अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । इसकी जानकारी भानस थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने दी ।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, भेजा जेल

दावथ(रोहतास) । दावथ थाना क्षेत्र के चकचातर गांव से 300 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ शराब कारोबारी डेढ़गांव निवासी रौशन कुमार चौरसिया पिता रमेश कुमार चौरसिया व चकचातर गांव निवासी सुभाष सिंह पिता स्वर्गीय कोमल सिंह को मारुती कार के साथ उत्पाद बिभाग की टीम ने किया गिरफ्तार। जांचोंपरांत जेल भेज दिया गया।

# पीएमजेजेवाई के तहत मृतक के परिजन को मिला दो लाख रुपए का चेक



गडहनी। गडहनी बाजार स्थित पंजाब नेशनल नेशनल बैंक शाखा चरपोखरी के शाखा प्रबंधक बिनोद कुमार सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमाधारक के मृत्यु उपरान्त मृतक के परिजन को दावा राशि 2 लाख रुपए का तत्काल भुगतान किया गया। प्रबंधक श्री सिंह ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा चरपोखरी गडहनी के तहत बैंक खाताधारक जरीना खातून की मृत्यु विगत पिछले महीने 13 सितम्बर को हो गई थी ।खाताधारी उक्त योजना के तहत अपना बीमा करवा रखा था ।बीमाधारक के मृत्यु उपरान्त उनके परिजन चरपोखरी थाना क्षेत्र के बडहरा निवासी लाभूक मोहम्मद शफीक अंसारी को दो लाख रुपए का दावा राशि का भुगतान किया गया है ।उन्होंने बैंक खाताधारियों से अनुरोध किया है कि जो भी खाताधारी अभी तक इस योजना के तहत अपना बीमा नही करा पायें हैं बैंक से सम्पर्क कर योजना का लाभ उठायें ।यह योजना मात्र चार सौ रुपए सलाना जमा कर योजना से जुड सकते हैं।

# माता पिता ही आपके सच्चे मित्र हैं, उनके परामर्शो को अनदेखा नहीं करें : थानाध्यक्ष




प्रातः किरण संवाददाता

आरा। गोढना रोड स्थित आर्यन रेसिडेंसियल पब्लिक स्कूल में अपने रजत जयंती के अन्तर्गत होने वाले त्रैमासिक गतिविधियों की श्रृंखला में संबोधन का दो सत्र चला ।प्रथम सत्र को बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान, पटना से बतौर मुख्य अतिथि आये प्रोजेक्ट डायरेक्टर चितरंजन सहाय व स्वर्ण विजय पाण्डेय ने संबोधित किया। इन्होनें अपने सारगर्भित संबोधन से छात्रों को विभिन्न प्रकार के नशा के दुष्प्रभावों से परिचित कराते हुए तंबाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा) के मुख्य प्रावधानों से विस्तार से अवगत कराया। छात्रों के प्रश्नों का जबाब देते हुए इन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना दण्डनीय अपराध है, शैक्षणिक संस्थानों के सौ गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचना व किशोरवय में इन पदार्थों को बेचना भी दण्डनीय अपराध है ।इन नियमों के उलंघन पर सजा व जुमार्ना का प्रावधान भी है। अंत में धूम्रपान व तंबाकू के विरुद्ध जनजागृति के तहत छात्रों को छात्रा सौम्या कुमारी के द्वारा सामुहिक शपथ दिलाया गया ।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बतौर मुख्य अतिथि पधारीं रश्मि कुमारी, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक एवं अंशु कुमारी, अपर थानाध्यक्ष मुफ्फसिल के द्वारा छात्राओं को समाज में बढते महिला अपराध व पास्को एक्ट के संबध में विस्तार से चर्चा किया गया। इन्होनें अपने संबोधन में छात्राओं को नैतिक उत्थान, स्वावलंबी व चरित्रवान बनने पर बल दिया। प्रश्नोत्तरी के दौरान छात्राओं के प्रश्नों का जबाब देते हुये इन्होंने बताया कि माता पिता ही आपके सच्चे मित्र हैं, आपसब को उनके परामर्शो को अनदेखा नहीं करना चाहिए ।इससे पूर्व दोनों सत्रों में पधारे मुख्य अतिथि का स्वागत प्रधानाचार्य बाबूराम पांडेय, अध्यक्षता विजय कुमार ठाकुर व धन्यवाद ज्ञापन महेंद्र प्रसाद शर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक बृजकिशोर शर्मा, राजन तिवारी, शिक्षिका पशुपति कुमारी, शेफाली कुमारी, सविता कुमारी व तनुजा वर्मा के द्वारा छात्र छात्राओं का मूल्याकंन किया गया ।बताते चलें कि रजत समारोह के त्रैमासिक गतिविधियों की कड़ी में सुलेख प्रतियोगिता एवं छात्र - छात्रा - शिक्षक संवाद का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुका है।

# न्यायपूर्ण नये बिहार के लिए बदलो बिहार न्याय यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास) : दो दशक से बिहार पर शासन कर रही डबल इंजन की जदयू व भाजपा की सरकार लूट एवं झूठ की सरकार साबित हुई है । लूट एवं झूठ की सरकार के खिलाफ भाकपा माले ने पूरे बिहार में बदलो बिहार न्याय यात्रा का शुभारंभ 16 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 तक चला रही है । जिसका समापन नासरीगंज में होगा । न्याय यात्रा सासाराम से नोखा होते हुए सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिला इस यात्रा में शामिल हुए । इस यात्रा का नेतृत्व काराकाट लोकसभा सांसद कामरेड राजा राम सिंह, काराकाट विधानसभा विधायक कामरेड अरुण सिंह एवं जिला सचिव कामरेड नंद किशोर पासवान कर रहे हैं । सड़क मार्ग से पैदल चल रहे न्याय यात्रा को रास्ते में जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है । बदलो बिहार न्याय यात्रा सोमवार की देर संध्या डुमरांव रोड में अवस्थित तेंदुनी मां काली मंदिर बिक्रमगंज के परिसर में पहुंची जहां पर एक सभा आयोजित की गई । जिस सभा की अध्यक्षता जिला सचिव नंद किशोर पासवान ने की । सभा को सम्बोधित करते हुए काराकाट सांसद कामरेड राजा राम सिंह ने कहा कि दो दशकों से बिहार की सत्ता छीन भाजपा-जदयू की सरकार लूट एवं झूठ पर टिकी हुई है । इनके शासनकाल में लूट का बहुत बड़ा साम्राज्य स्थापित हो गया है । इसका आलम आप इसी से जान सकतें हैं कि पन्द्रह से ज्यादा बड़े-बड़े पुलों में घटिया निर्माण करा कर बहुत बड़ी लूट का अंजाम दिया है । आज सभी पुलें स्वयं धाराशाई हो रहें हैं । इन्हीं के शासन काल में सृजन घोटाले हुए । बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर कंपनियों से बहुत बड़ी कमिशन ली गई है । जिनका नतीजा बिहार की जनता भुगत रही है । इस स्मार्ट मीटर का पूरे बिहार में जनता द्वारा विरोध किए जा रहे हैं । जनता को लूटने का एक नया तरीका अख्तियार किया गया है । बिजली विभाग को जनता को लूटने के लिए हीं पूंजीपतियों के हाथों सौंपा गया है । क्योंकि बिजली विभाग सरकारी थीं तो इन लोगों को लूटने का मौका नहीं मिल रहा था । सरकार ने खुद अपने द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में पाया है कि राज्य में 94,33,312 अत्यंत गरीब परिवार है । जिनकी मासिक आय 6 हजार से भी कम है । उन्हें लघु उद्यमी योजना के तहत 2-2लाख रुपए स्वरोजगार करने हेतु राशि दी जाएगी, लेकिन यह भी फिसड्डी साबित हो गई है । अतिपिछड़ों, महादलितों की हिमायती होने का दंभ भरने वाली सरकार लंबे सुशासन के बाद भी उन पंचानबे लाख गरीब परिवारों को गुजारा करने के लिए दिन के 200 रुपए भी नहीं जुटा पा रही है । आज भी केंद्र सरकार के मजदूरी में वृद्धि के बाद भी जीविका,आशा,आंगनबाड़ी, रसोइया तथा लाखों स्कीम वर्करों को तुच्छ राशि पर बेगार के रूप में खटाया जा रहा है । जमीन सर्वेक्षण ने पूरे बिहार में अफरातफरी मचा दी है । अंचलों द्वारा जमीन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गई हैं । पंजी -2 में भारी गड़बड़ियां मिल रही हैं । जब तक सुधार नहीं हो जाता है तब तक सर्वे को बंद रखना चाहिए । भूमि सुधार हेतु परिमार्जन प्ल्स वेवसाईट भी काम नहीं कर रहा है । सरकार इसे जल्द से जल्द सुधार करें । काराकाट विधायक कामरेड अरुण सिंह ने कहा कि दलितों,महादलितों, अल्पसंख्यक समुदायों, महिलाओं पर सुनियोजित तरीकों से हमले जारी है । बहु बेटियों के साथ बलात्कार एवं उसके बाद हत्या के मामले सैकड़ों में घटित हुई हैं । राज्य में शराब माफियाओं का राज कायम हो चुका है । महादलितों का सामुहिक घरों में आग लगा दी जा रही है । दबंगों एवं अपराधियों का राज कायम हो चुकी है । गरीबों की लड़ाई लड़ने वाले नेताओं की सरेआम हत्याएं हो रही है । सरकार ने सामंती- अपराधी ताकतों को खुली छूट दे रखी है और उसने दलित-गरीब-महिलाओं पर खुला हमला बोल दिया है। विकास के सभी सूचकांकों में पिछड़ा हमारा बिहार देश के सबसे गरीब और पिछड़े राज्यों में से एक है । महा नगरीय आबादी वाले उद्योग रहित राज्य में घाटे की खेती,बेरोजगारी और पलायन विकराल रुप में मौजूद हैं । क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने के लिए बिहार को मिल रही लगभग 9 हजार करोड़ रुपए की राशि मोदी सरकार ने बंद कर दी है । लूट के दौर में डेढ़ दर्जन पुल गिर चुके हैं । गरीबों को 5 डिसमिल जमीन अभी तक नहीं मिल पाया है । लेकिन गरीबों के घर उजाड़े जा रहे है । हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां डबल इंजन की ताकत से चल रही लूट व झूठ की सरकार है

# बढ़ते हुए अपराध पर आरक्षी अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। नागरिक समाज एंव आरा के रंगकर्मियों के तरफ से आरा शहर में लागातार अपराधियो के ताण्डव के खिलाफ कल शहर के समाजिक कार्यकर्ता,साहित्यकार,कलाकारों की एक बैठक हुई थी, उसके निर्णय के अनुसार आज जिला आरक्षी अधीक्षक के विहाफ में उप आ-रक्षी अधीक्षक को नागरिक समाज व रंगकर्मियों के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन दिया। उन्होंने पर्तनिधियों से काफी देर विचार विमर्श करने के बाद आश्वाशन दिया कि उच्च अधिकारी से बात कर जल्द हीं कड़ी कार्यवाही की जाएगी ।प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रमुख लोगों में अशोक मानव, जितेंद्र शुक्ला, अनिल तिवारी(दीपू) आशुतोष पांडे, बम ओझा, पूजा कुमारी, ने-हा कुमारी, लड्डू भोपाली, चैतन्य निर्भय, रत्न देवा, किशन सिंह, करन कुमार,मीत यादव, समिल थे।

# जिलाधिकारी ने समाहरणालय में आए जनता की शिकायतें सुनी, अधिकारियों को दिए निर्देश

## ● डीएम ने आवेदनों को यथाशीघ्र जांच कराते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अधिकारियों ने दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया। समाहरणालय परिसर में आये हुए अनेको व्यक्तियों को देख डीएम अपने कार्यालय से निकल कर बारी बारी से आवेदकों से मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है।



प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं।

जिला पदाधिकारी के समक्ष आये आवेदकों में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें।

इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी, पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। जिला पदाधिकारी के समक्ष आये आवेदकों में कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें।

# इस्कॉन मंदिर में रोज हो रहा है दीप दान

प्रातः किरण संवाददाता

गया।कार्तिक महीना के अवसर पर स्थानिअ इस्कॉन मंदिर में श्रद्धालु रोज दीपदान कर रहे हैं। जानकारी देते हुए मंदिर अध्यक्ष जगदीश श्याम दास ने बताया की कार्तिक महीना बहत पवित्र है। कार्तिक शब्द कार्तिकेस्वरी अर्थात राधा रानी का एक नाम से आया है। कार्तिक महीना के अधीश्वरी श्रीमती राधारानी है। वैसे कार्तिक महीना को दामोदर मास भी कहाजाता है। दाम का अर्थ है रस्सी और उदर का अर्थ है पेट। इसी महीने में यशोदा माता ने भगवान जी के पेट को ऊखल से बांध दिए थे। इस अद्भुत लीला सम्पूर्ण के कारण इस महीना को दामोदर मास कहा जाता है। इस महीना में प्रात स्नान अर्थात ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करना चाहिए , हरी जागरण अर्थात सुबह ठाकुर जी को जगाके भोग और आरती करना चाहिए। तुलसी सेवन अर्थात तुलसी जी की सेवा करना चाहिए। दीपदान अर्थात ठाकुर जी को दीपदान करना चाहिए। और दामोदरस्टकम को गाना चाहिए। इस्कॉन मंदिर में साम आरती ६:३० बजे होती है। उसके उपरांत ७ बजे दीपदान किआ जाता है। सभी श्रद्धालुओं के लिए इस्कॉन प्रवंधन घी का दीप निशुल्क व्यवस्था किए हैं। मंदिर को पुरे महीने के लिए रंग विरंगी लाइट से सजाया गया है। विशेष आकर्षण ऊखल बंधन लीला की झांकी है जहाँ यशोदा माता कृष्ण को प्रेम के रस्सी से बांधे हैं।

## उपचुनाव में प्रथम प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र लिए

प्रातः किरण संवाददाता

गया। नामांकन एवं नाम निर्देशन पत्र देने की प्रक्रिया चल रही है ' जो नामांकन,नाम निर्देशन का समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 शाम तक है । नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 तक है।नाम निर्देशन पत्र के संवीक्षा की तिथि 28 अक्टूबर 2024।,अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024।- मंगलवार 22 अक्टूबर को प्राप्त सुचनानुसार बेलागंज विधानसभा के लिये नाम निर्देशन पत्र प्राप्त की संख्या 01 है ' एव इमामगंज के लिये 0 है। एक नाम निर्देशन पत्र लिए है जो तबरेज आलम, पिता अब्दुल हकीम द्वारा किया गया है।
इनका दल सम्बद्धता द नेशनल रोड मैप पार्टी ऑफ इंडिया है। ये भलुआ ग्राम, पोस्ट अग्नि के हैं। इन्होंने बेलागंज विधानसभा उप चुनाव के लिये नामांकन किया है।

# जदयू की हुई समीक्षा बैठक




प्रातः किरण संवाददाता


कुर्था (अरवल) प्रखंड क्षेत्र के कुर्था डाक बंगला मे जदयू के प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व मे जदयू का समीक्षा बैठक हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे कुर्था विधानसभा के पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार प्रशासन कल में अपराधिक हत्याओं के अंकुश लगा है वहीं उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा जदयू की सरकार बनेगी जिलाअध्यक्ष मिथलेश यादव, ने भाग लिया। बैठक मे सभी पार्टी के अधिकारी अपने घर पर पार्टी ध्वज एवं नेम प्लेट लगाने का निर्णय लिया। वहीं बूथ स्तर तक पार्टी कैसे मजबूत होगी उस पर चर्चा हुयी। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डॉ मोहन सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चांद मलिक, अंसार उलहक, जितेंद्र पटेल,कुर्था जद यू की समीक्षा बैठक हुई।

कुर्था -प्रखंड क्षेत्र के कुर्था डाक बंगला मे जद यू के प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व मे जद यू का समीक्षा बैठक हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे कुर्था विधानसभा के पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार प्रशासन कल में अपराधिक हत्याओं के अंकुश लगा है वहीं उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा जदयू की सरकार बनेगी जिलाअध्यक्ष मिथलेश यादव, ने भाग लिया।

बैठक मे सभी पार्टी के अधिकारी अपने घर पर पार्टी ध्वज एवं नेम प्लेट लगाने का निर्णय लिया। वहीं बूथ स्तर तक पार्टी कैसे मजबूत होगी उस पर चर्चा हुयी। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डॉ मोहन सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चंद मलिक अंसार उल हक जितेंद्र पटेल कुर्था प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, जिला अध्यक्ष मिथिलेश यादव,विधानसभा प्रभारी सत्येंद्र पासवान सहित सभी पंचायत अध्यक्ष मौजूद थे।

# सदगुरु को मिला प्रतिष्ठित सीआईएफ ग्लोबल इंडियन अवार्ड

प्रातः किरण संवाददाता



कनाडा इंडिया फाउंडेशन (उक्क्र) ने वर्ष 2024 के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित ग्लोबल इंडियन अवार्ड की घोषणा कर दी है। इस बार यह अवार्ड ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु को दिया जाएगा। सदगुरु पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली 50 हजार कनाडाई डॉलर की धनराशि ह्यकावेरी कॉलिंग संस्थाह्न को देंगे। यह संस्था भारत में नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए कार्य करती है।

कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा यह सम्मान भारतीय मूल के उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ा है। सद्गुरु पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के साथ ही मानव चेतना को आगे बढ़ाने को लेकर संपूर्ण विश्व को जागरूक कर रहे हैं।

कनाडा इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष रितेश मलिक ने कहा कि ह्लहम खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि सद्गुरु न केवल सम्मान स्वीकार किया है बल्कि टोरंटो में होने वाले पुरस्कार समारोह में उपस्थिति के लिए भी सहमति जताई है।

उन्होंने कहा कि सद्गुरु के विचार सम्पूर्ण मानवजाति के लिए प्रेरणादायक है। वे प्राचीन गूढ़ भारतीय आध्यात्मिक ज्ञान को बहुत ही सरल और स्पष्ट तरीके से आम जनमानस को समझाते हैं।

उन्होंने कहा कि सद्गुरु व्यक्ति के पूर्ण व्यक्तिगत विकास के लिए व्यावहारिक समाधान प्रदान करते हैं और साथ ही मिट्टी के क्षरण, जलवायु परिवर्तन और खाद्य गुणवत्ता जैसी विश्वव्यापी चुनौतियों के दीर्घकालिक समाधान भी देते हैं।

रितेश मलिक ने कहा कि ह्लवर्तमान समय में सदगुरु के विचार बहुत ही प्रासंगिक है। सदगुरु के विचारों से कनाडा के निवासी भी लाभ उठा सकता है। सदगुरु के उपदेश व्यक्तिगत कल्याण, स्थिरता और समावेशिता पर केंद्रित होते हैं। बकौल रितेश मलिक ह्लयोग, ध्यान और माइंडफुलनेस पर उनका जोर कनाडा की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, खासकर बड़ी चुनौती बनते मानसिक बीमारी के संदर्भ में।

वहीं, पुरस्कार के लिए चुने जाने पर सद्गुरु ने उक्क्र के प्रति आभार व्यक्त किया है। सद्गुरु ने पुरस्कार में मिलने वाली 50,000 कनाडाई डॉलर की राशि कावेरी कॉलिंग को समर्पित की। यह संस्था भारत की जीवनरेखा कही जाने वाली नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए भगीरथ प्रयास कर रही है। इसका उद्देश्य कावेरी नदी को पुनर्जीवित करना और निजी कृषि भूमि पर 242 करोड़ पेड़ लगाने में सक्षम बनाकर किसानों की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार करना है। इस परियोजना के तहत आज 111 मिलियन पेड़ों को लगाने में सफलता मिली है।

## न्याय यात्रा के तहत किंजर पहुँचे राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य




प्रातः किरण संवाददात

करपी।भाकपा माले के तत्वावधान में बिहार न्याय यात्रा का शुरूआत हों गया है. पदयात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार व राज्य सरकार को अपनी विभिन्न मांगों को रखने का काम किया जा रहा है. बिहार न्याय यात्रा के तहत मंगलवार को किंजर पहुंचा ,निजी प्रकाश मैरेज हॉल में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य और अरवल विधायक महानंद ने पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि वर्तमान केंद्र व बिहार की सरकार मनमाने तरीके से कार्य कर आमजनों को परेशान कर रही है. गरीबों को राज्य सरकार दो लाख रुपये और 5 डिसमिल आवास भूमि और पक्का मकान देने की बात कही थी, लेकिन अब तक पूरा नहीं किया गया. दूसरी तरफ सुशासन की पोल खोलती दलित गरीब महिलाओं अल्पसंख्यकों पर जारी हिंसा भी अनवरत जारी है. जमीन सर्वे के नाम पर गरीबों को बेदखल किया जा रहा है. स्मार्ट मीटर से जनता बेहाल और कंपनी मालामाल हो रही है. स्मार्ट मीटर नहीं बल्कि खून चूसबा मशीन है. उन्होंने सरकार से मांग की है की स्मार्ट मीटर लगाने की अनिवार्यता खत्म किया जाए.

उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में यात्रा के बाद पटना में बदलो बिहार न्याय सम्मेलन से इसका समापन भी किया जायेगा.

## दीपावली एवं छठ के अवसर पर यात्री सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

प्रातः किरण संवाददात

हाजीपुर। दीपावली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने/पहुंचने वाली 105 जोड़ी स्पेशल ट्रेन तथा पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली 37 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इनमें मुजफ्फरपुर, बरौनी, दरभंगा, जयनगर, सीतामढ़ी, सहरसा स्टेशनों से आनंद विहार/नई दिल्ली/दिल्ली के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है - 1. गाड़ी संख्या 05219/05220 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल - गाड़ी संख्या 05219 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल 31.12.2024 तक प्रतिदिन मुजफ्फरपुर से 13.30 बजे खुलकर अगले दिन 06.00 आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 05220 आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर स्पेशल 01.01.2025 तक प्रतिदिन आनंद विहार टर्मिनल से 08.00 बजे खुलकर अगले दिन 00.45 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी ।

2. गाड़ी संख्या 04057/04058 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल - गाड़ी संख्या 04058 आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर स्पेशल 14.11.2024 तक सोमवार एवं गुरूवार को आनंद विहार टर्मिनल से 23.15 बजे खुलकर अगले दिन 21.15 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 04057 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 15.11.2024 तक मंगलवार एवं शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 23.30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी ।

3. गाड़ी संख्या 04021/04022 सीतामढ़ी-आनंद विहार-सीतामढ़ी स्पेशल - गाड़ी संख्या 04022 आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी स्पेशल 29.11.2024 तक बुधवार एवं शुक्रवार को आनंद विहार टर्मिनल से 11.40 बजे खुलकर अगले दिन 15.45 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 04021 सीतामढ़ी-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 30.11.2024 तक गुरूवार एवं शनिवार को सीतामढ़ी से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 18.05 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । 4. गाड़ी संख्या 04031/04032 सहरसा-आनंद विहार-सहरसा स्पेशल - गाड़ी संख्या 04032 आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा स्पेशल 30.11.2024 तक सप्ताह के बुधवार एवं शुक्रवार को छोड़कर शेष दिन आनंद विहार टर्मिनल से 05.15 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे सहरसा पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 04031 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 01.12.2024 तक सप्ताह के गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर शेष दिन सहरसा से 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 16.10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी ।

5. गाड़ी संख्या 04059/04060 जयनगर-आनंद विहार-जयनगर स्पेशल - गाड़ी संख्या 04060 आनंद विहार टर्मिनल-जयनगर स्पेशल 15.11.2024 तक मंगलवार एवं शुक्रवार को आनंद विहार टर्मिनल से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.15 बजे जयनगर पहुंचेगी ।

गाड़ी संख्या 04059 जयनगर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 16.11.2024 तक बुधवार एवं शनिवार को जयनगर से 17.00 बजे खुलकर अगले दिन 19.55 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी ।

## बालू खनन कर रहे एक जेसीबी समेत दो ट्रक्टर को पुलिस ने पकड़ा

प्रातः किरण संवाददात

शेरघाटी।पुलिस ने थाना क्षेत्र के पलकिया गांव के निकट से मोरहर नदी में अवैध बालू के धुलाई कर रहे बालू घाट से उठाव कर रहे एक जेसीबी समेत दो ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा है थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध बालू के खनन कर रहे जेसीबी दो ट्रैक्टर को जपत किया गया है।

जबकि एक चालक को भी गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार चालक के पहचान आमस थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव के रहने संजय यादव रूप में किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध बालू के खनन करने के मामले में संजय यादव पवन यादव समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है वही इसकी सूचना खनन विभाग के पदाधिकारी को भी दी गई है।

## मधुश्रवां मंदिर जाने वाली मार्ग जयबिगहा गांव में सड़क की स्थिति जर्जर



प्रातः किरण संवाददात

अरवल । जिले के ऐतिहासिक मधुश्रवां मंदिर जाने वाली सड़क मार्ग जयबिगहा गाँव में सड़क की स्थिति जर्जर ,आने जाने वाले लोगों को होती है परेशानी छठ पर्व के पहले यहाँ पर सड़क नहीं बनती है तो इस बार छठ पर्व में आने जाने वाले छठ व्रतियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है इस तरह की स्थिति यहां वर्षों से बनी हुई है। रोजमर्रा की जिंदगी भगवान भरोसे चला रहे हैं। परासी बाजार की जोड़ते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस ग्रामीण सड़क की लंबाई लगभग छः किलोमीटर है।संभव है इस रास्ते से दर्जनों गांव की आबादी का आवागमन होता है।सड़क की स्थिति इस तरह खराब हो गई है कि इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। और ऐसी स्थिति लगभग सालों भर रहती है। एक किलोमीटर के दायरे में सड़क पर इतने गड्ढे हो गए हैं कि नहीं लगता है गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढा। इस रास्ते से गुजरने में किसी भी परिस्थिति में कीचड़ में प्रवेश करना पड़ता है। पैदल चलने वाले राहगीरों को होती है।हालांकि अब तक यहाँ पर दर्जनों बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। एंबुलेस भी रास्ता बदलने पर मजबूर हो जाती है। जबकि इस रास्ते से जिले के ऐतिहासिक मधुश्रवां तीर्थ स्थल ,आईटीआई एवं तथा इंजीनियरिंग कॉलेज तक पहुंचने के लिए एकमात्र रास्ता है।

फिर भी शासन का नजर इस पर नहीं पड़ रहा है।

## गरीबों के बीच निःशुल्क रोशनी बांट रहे हैं नेत्र चिकित्सक डॉक्टर संतोष

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) प्रखंड क्षेत्र के गरीब वर्ग के लोगों के बीच इन दिनों निशुल्क रोशनी बांट रहे हैं नेत्र चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार विगत वर्षो से कुर्था प्रखंड के रामचरित्र सिंह महाविद्यालय के सामने स्थित अवधेश कुशवाहा के मकान में प्रत्येक मंगलवार को सीनियर आयोजित कर गरीबों को निशुल्क इलाज करते हैं साथ ही वैसे मैरिज जिन्हें आंखों का ऑपरेशन करने की आवश्यकता होती है वैसे मरीजों को अपने क्लीनिक पटना जिले के पालीगंज स्थित नेत्रालय में ले जाकर निशुल्क आंखों की ऑपरेशन कर निशुल्क रोशनी बाटते हैं इस संबंध में नेत्र चिकित्सा संतोष कुमार ने बताया कि मैं विगत कई वर्षों से कुर्था प्रखंड के रामचरित्र सिंह महाविद्यालय के सामने स्थित अवधेश के मकान में हर मंगलवार को शिविर आयोजित कर गरीब वर्ग के लोगों को निशुल्क आंखों का इलाज करते हैं साथ ही उन्हें मुफ्त दवा दी जाती है।

आने वाले दिनों में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में भी सिविर आयोजित कर लोगों के बीच सेवा करने का अवसर लूंगा उन्होंने कहा कि पूर्व में भी हमने कई गांव में निशुल्क नेत्र जांच लगाकर गरीबों के बीच मुफ्त दवा का वितरण किया था ।

## बड़ी घटना के अंजाम देने के योजना बना रहे तीन अपराधी गिरफ्तार आमस पुलिस को मिली बड़ी उपलब्धि देशी कट्टा,मैजिन समेत कारतूस बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी।आमस थाना क्षेत्र के कालवन टोला आजाद बीघा पहाड़ के निकट कुछ अपराधी तत्व के लोग हथियार के साथ बड़ी घटना के अंजाम देने के योजना बना रहे 3 अपराधियों को आमस पुलिस ने किया गिरफ्तार उक्त घटना के जानकारी देते हुए। शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि बड़ी घटना के अंजाम देने की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान आमिर खान पिता स्व.अनवर खान ग्राम सीहुली एवं रंजीत कुमार पिता स्व. सरदार यादव कालवन थाना आमस वहीं विशाल सिंह पिता




स्वर्गीय विनोद सिंह ग्राम गुनेरी थाना गुरुआ का निवासी है। पूछताछ तीनो अपराधियों के मुंह से शराब की गंध आ रही थी और शराब के नशे में धुत पाए गए। जबकि जांच पड़ताल किया गया तो आमिर खान के पास से एक पिस्टल अनलोड, 40 जिंदा कारतूस एवं दो स्मार्टफोन, रंजीत कुमार के पास से तीन जिंदा कारतूस एवं एक मोबाइल फोन, जबकि विशाल सिंह के पास से एक मैगजीन जिसमें चार जिंदा कारतूस अनलोड एवं एक स्मार्टफोन समेत एक मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया है, अपराधियों ने बताया कि पकड़ा गया मोटरसाइकिल तूफानगंज गांव के रहने वाला एक व्यक्ति का है,

जो छोड़कर भाग गया है, उक्त मामले में आमस थाना कांड संख्या 361/24 धारा 25 व 26/35 आर्म्स एक्ट एवं बिहार मध्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर.

तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए अपराधियों में आमिर खान पिता स्व.अनवर खान सिहुली, रंजीत कुमार पिता स्वर्गीय सरदार यादव ,ग्राम कालवन विशाल सिंह पिता स्वर्गीय विनोद सिंह ग्राम गुनेरी थाना गुरुआ के नाम हैं।

## तलवार से हमला करने के आरोप में चार लोग के खिलाफ तेलपा थाना में एफआईआर दर्ज



करपी। शहर तेलपा थाना क्षेत्र के पांचु बिगहा में आपसी विवाद को लेकर तलवार से हमला कर किया घायल । परिजन ने घायल व्यक्ति सुरेंद्र प्रसाद को इलाज करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करपी ले गए जहां पर चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल अरवल रेफर कर दिया गया । घायल व्यक्ति ने बताया कि सुबह में अपने दरवाजे पर बैठे थे चेयर पर तभी गाली गलौज करने लगे और धारदार तलवार से मुझ पर हमला करने लगे जैसे ही तलवार चलाया तभी अपने हाथ पर थम लिए जिसे पूरी हाथ घायल हो गया उसके बाद जमीन पर गिर पड़े फिर डंडे से वार करने लगे जिससे आंखों में चोट आ गई। वही इस संबंध में शहर तेलपा प्रभारी थाना अध्यक्ष ने बताया कि मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर और पुलिस आगे कार्रवाई में जुटी है। पुलिस ने बताया कि बदमाशों के बक्सा नहीं जाएगा किसी को हाथ में कानून लेने की इजाजत नहीं है

# अमित शाह का वीजन और कार्य शैली हमेशा से प्रेरणादायक रही है : मनीष पंकज मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता

गया। भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय नेता सह भारत सरकार के यशस्वी ऊजार्वान युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत गृह मंत्री परम आदरणीय अमित शाह का60बा जन्मदिन पर भाजपा किसान मोर्चा के डॉ मनीष पंकज मिश्रा के आवास पर बड़े हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया डॉ. मिश्रा ने श्री शाह के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारतीय राजनीति में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं।

अमित शाह का वीजन और कार्य शैली हमेशा से प्रेरणादायक रही है। उन्होंने देश के सुरक्षा और विकास



के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।जो किसानों और आम जनमानस के हित में हैं। डॉ. मिश्रा ने यह भी कहा कि शाह की नीतियों ने कृषि क्षेत्र में भीक्रांति लाई है।जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।इस विशेष दिन पर डॉ. मिश्रा ने उनके स्वास्थ्य, लंबी उम्र और देश की सेवा में निरंतरता की कामना की। उन्होंने यह भी बताया कि श्री शाह के नेतृत्व में भाजपा किसान मोर्चा ने कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनसे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा ने सभी कार्यकताओं से अपील की कि वे शाह की प्रेरणा से कार्य करें और अपने-अपने क्षेत्रों में विकास के लिए योगदान दें। उनका मानना है कि अगर हम सभी एकजुट होकर कार्य करेंगे, तो निश्चित रूप से किसान और देश दोनों का भविष्य उज्जवल होगा।

अमित शाह का जन्मदिन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि देश की प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ने का संकल्प लेकर हम सब जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

बधाई और शुभकामना देने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह सुनील कुमार बंबईया कुंदन सिंह पिंटू कुमार राघवेंद्र नारायण सिंह अनुज कुमार मंटू रजक सहित कई भाजपा नेता उपस्थित हुए हैं।

## इन्व्हीर क्लब द्वारा जंक सेल का आयोजन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया।इनरव्हील क्लब के द्वारा किया गया जंक सेल हर साल की भाँती क्लब ने इस साल भी जंक सेल किया गया है।इस वर्ष ये कार्यक्रम दो दिन किया गया है।। पी डी सी रितु डॉलमिया के सहयोग से न्यू तथा पुराने कपड़े, जूते चप्पल खिलौने साड़ियां इत्यादि को बीस से पचास रुपये में बेचा गया है । इस कार्य में क्लब की से पी डी सी अंजना पोद्दार पी पी सीमा भदानी लीना गुप्ता , नेहा सिंह ने हिस्सा लिया है।क्लब की प्रेसिडेंट तृप्ति गुप्ता ने बताया कि जंक सेल से जमा हुए पैसे को सामाजिक कार्य में लगाया जायेगा।



प्रातः किरण राष्ट्रीय दैनिक
स्पोर्ट्स
पटना, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024

# गौतम गंभीर का स्वीट हेडेक, खिलाड़ियों में टक्कर

**मोहम्मद शमी की वापसी से कैसे बढ़ेगा सिराज पर दबाव**

## शमी वनडे वर्ल्डकप फाइनल 2023 के बाद से वापसी के लिए तैयार



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पर्थ में 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट सीरीज के लिए भारत के दो हफ्ते पहले जाने की उम्मीद है जिससे शमी के पास बंगाल के लिए दो रणजी मैच में खेलने का काफी समय है। बंगाल 26 अक्टूबर से केरल और फिर छह नवंबर से कर्नाटक के खिलाफ खेलेगा। मोहम्मद शमी पिछले साल नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से भारत के लिए कोई मैच नहीं खेले हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में खत्म हुए भारत के शुरुआती टेस्ट के बाद नेट पर गेंदबाजी की। अब भारत का यह अनुभवी तेज गेंदबाज वापसी के लिए तैयार है। आगामी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के चयन के लिए अपना दावा मजबूत करने के लिए उन्हें कम से कम एक या दो घरेलू मैच खेलकर फिटनेस साबित करनी होगी।


**11 खिलाड़ी चुनने के लिए कई प्लेयर्स के बीच कड़ी जंग** – जब 11 खिलाड़ी चुनने के लिए कई प्लेयर्स के बीच कड़ी जंग हो तो कोच और कप्तान इसे स्वीट हेडेक कह सकते हैं। यानी किस खिलाड़ी को खिलाना है और किसे बाहर करना है इसकी उलझन। शमी सिर्फ 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर एडिलेड टेस्ट का हिस्सा रहे थे। तब उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी और वह जानते हैं कि वह टीम की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस वक्त टीम में शमी के अलावा जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और नए गेंदबाज आकाशदीप बढ़िया कर रहे हैं।

सिराज पर बढ़ेगा दबावपिछले कुछ टेस्ट मैचों में मोहम्मद सिराज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं और शमी की टीम में वापसी की खबर से उनपर दबाव बढ़ सकता है। यदि शमी ऑस्ट्रेलिया जाते हैं तो वहां वह जसप्रीत बुमरा के साथ कप्तान की पहली पसंद होंगे। तीसरे पेसर के तौर पर सिराज के अलावा आकाशदीप एक अन्य विकल्प होंगे। आकाशदीप ने मिले मौकों पर अपनी स्विंग गेंदबाजी से प्रभावित किया है। ऐसे में सिराज को न्यूजीलैंड के खिलाफ यदि बाकी बचे दोनों टेस्ट में मौका मिलता है तो उन्हें नई गेंद से विकेट निकालने होंगे। सिराज के लिए यह आसान नहीं होगा क्योंकि रिकॉर्ड यही बताते हैं कि घरेलू मैदान पर उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा है। भारत में उनके नाम 13 मैचों में 192.2 ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 19 विकेट है।

# भारत को करारा झटका

## हॉकी-शूटिंग, क्रिकेट समेत कई इवेंट ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे प्रमुख खेलों को 2026 में होने वाले खेलों के कार्यक्रम हटा दिया है तथा केवल 10 खेलों को इसमें जगह दी गई है। लागत को सीमित करने के लिए टेबल टेनिस, स्क्वाश और ट्रायथलॉन को भी हटा दिया गया है। बर्मिंघम में 2022 में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नौ खेल अगले खेलों का हिस्सा नहीं होंगे। इन खेलों को केवल चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

**23 जुलाई से खेले जाएंगे कॉमनवेल्थ गेम्स** – राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। ग्लासगो ने इससे पहले 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबानी की थी। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने बयान में कहा,'खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, 3×3 बास्केटबॉल और 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल को शामिल किया गया है।

**भारतीय दल को करारा झटका** – बयान के अनुसार, इन खेलों का आयोजन चार स्थलों स्कॉट्सटाउन स्टेडियम, टोलक्रॉस इंटरनेशनल तैराकी केंद्र, एमिरेट्स एरेना और स्कॉटिश प्रतियोगिता परिसर (एसईसी) में किया जाएगा। खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को होटल में ठहराया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेलों का यह कार्यक्रम भारत की पदक संभावनाओं के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने अधिकतर पदक उन खेलों में जीते थे, जिन्हें हटाया गया है। निशानेबाजी को बर्मिंघम खेलों के कार्यक्रम से भी हटाया गया था और उसकी वापसी की कम उम्मीद थी।

**इतने खेलों को एकसाथ क्यों हटाया** – निशानेबाजी को इसलिए कार्यक्रम से बाहर किया गया है क्योंकि 2014 में इस खेल का आयोजन डंडी में बैरी बुडन सेंटर में किया गया था, जो ग्लासगो से 100 किमी से अधिक दूर है। इसके साथ ही तीरंदाजी को भी नजरअंदाज किया जाता रहा है। यह खेल आखिरी बार दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा था। राष्ट्रमंडल खेल 2014 में हॉकी और कुश्ती की मेजबानी करने वाले ग्लासगो ग्रीन और स्कॉटिश प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र को आयोजन स्थलों की सूची से हटा दिया गया है, जबकि सर क्रिस होय वेलोड्रोम, जहां उस वर्ष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इस बार केवल साइकलिंग की मेजबानी करेगा।

**शूटिंग, हॉकी और कुश्ती में था भारत का दबदबा** – हॉकी को बाहर करने का कारण यह भी हो सकता है कि इन खेलों के समाप्त होने के दो सप्ताह बाद 15 से 30 अगस्त तक वावरे, बेल्जियम और एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में हॉकी विश्व कप का आयोजन किया जाएगा। पहले इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था, लेकिन बढ़ती लागत को देखते हुए वह मेजबानी से हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने खेलों की मेजबानी करने के लिए हामी भरी थी। खेलों से हॉकी का बाहर होना भारत के लिए एक बड़ा झटका होगा। भारत की पुरुष टीम ने तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं, जबकि महिलाओं ने 2002 के खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते हैं।

### ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल से यह बाहर हुए स्पोर्ट्स

- एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड)
- तैराकी और पैरा तैराकी
- कलात्मक जिमनास्टिक
- ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग
- नेटबॉल
- भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग
- मुक्केबाजी
- जूडो
- बाउल्स और पैरा बाउल्स
- 3×3 बास्केटबॉल और 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल

बैडमिंटन में भारत ने जीते हैं 10 स्वर्णराष्ट्रमंडल खेलों में बैडमिंटन के इतिहास में भारत ने 10 स्वर्ण, आठ रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 31 पदक जीते हैं। निशानेबाजी में भारत ने 135 पदक जीते थे जिनमें 63 स्वर्ण, 44 रजत और 28 कांस्य शामिल हैं। कुश्ती प्रतियोगिता में देश को 114 पदक मिले हैं, जिनमें 49 स्वर्ण, 39 रजत और 26 कांस्य शामिल हैं। क्रिकेट को 2022 में फिर से राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल कर दिया गया था जिसमें भारतीय महिला टीम ने रजत पदक जीता था। पैरा खिलाड़ी 2002 से इन खेलों का हिस्सा रहे हैं और अगले खेलों में भी बने रहेंगे।

# द हंड्रेड की टीमों के लिए पांच आईपीएल फ्रेंचाइजी ने लगाई बोली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाइंट्स उन आईपीएल फ्रेंचाइजियों में शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की प्रतियोगिता द हंड्रेड में टीमें खरीदने के लिए बोलियां जमा की हैं। रिपोर्ट के अनुसार जीएमआर ग्रुप और मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के सह-मालिक अवराम ग्लेजर ने भी टीम खरीदने के लिए बोलियां जमा की है। बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर थी। ईसीबी ने आठ फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए बोलियां आमंत्रित की थी। इस तरह से ईसीबी ने बड़ा हिस्सा अपने पास सुरक्षित रखा है जिससे उसका प्रतियोगिता पर नियंत्रण बना रहेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि कई आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने शुरू में टीम खरीदने के लिए दिलचस्पी दिखाई थी लेकिन सभी ने बोलियां नहीं लगाई। इसमें कहा गया है, 'पंजाब किंग्स ने बाहर होने का विकल्प चुना, जबकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि पांच बार के आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के मालिक सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने बोलियां जमा की हैं या नहीं।

## केन विलियमसन भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से भी बाहर, अब तीसरे टेस्ट पर नजरें



**पुणे (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन कमर की मांसपेशियों में खिंचाव से अभी पूरी तरह नहीं उबरे हैं जिस कारण वह भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को यह घोषणा की। बेंगलुरु में पहला मैच आठ विकेट से जीतने के बाद न्यूजीलैंड तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। दूसरा मैच गुरुवार से यहां खेला जाएगा। विलियमसन श्रीलंका के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गए थे। वह अभी तक भारत में टीम से नहीं जुड़े हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन की प्रगति अच्छी है लेकिन अभी तक वह पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान में स्टीड ने कहा, 'हम केन की प्रगति पर निगरानी रखे हुए हैं और वह सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं लेकिन अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। हमें उम्मीद है कि उनमें आगामी दिनों में और सुधार देखने को मिलेगा और वह तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा, 'हम उन्हें पूरी तरह से फिट होने के लिए जितना संभव हो सके उतना समय देंगे, लेकिन निश्चित रूप से हम इस मामले में सतर्कता बरतते रहेंगे। तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच एक नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।

# कोहली या स्मिथ नहीं, केवल ये खिलाड़ी कर सकता है जो रूट की बराबरी : एलेस्टेयर कुक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलेस्टेयर कुक का मानना ??है कि 'समय के सटीक क्षण' पर फॉर्म में चल रहे जो रूट की बराबरी केवल न्यूजीलैंड के केन विलियमसन कर सकते हैं। रूट और विलियमसन 'फैब फोर' के प्रसिद्ध चेहरों में से हैं जिसमें विराट कोहली और स्टीवन स्मिथ जैसे दिग्गज भी शामिल हैं। हालांकि समय के साथ, रूट ने धीरे-धीरे अपने शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर टेस्ट क्रिकेट में अपना दबदबा कायम किया है।

अब उन्हें ऐसा खिलाड़ी माना जाता है जो इतिहास की किताबों को फिर से लिख सकता है। 33 वर्षीय खिलाड़ी के वर्तमान रन 12,716 रन हैं, जो भारत के 'क्रिकेट के भगवान' सचिन तेंदुलकर को पछाड़कर टेस्ट इतिहास में सबसे सफल बल्लेबाज बनने से केवल 3,206 रन दूर हैं। हाल के वर्षों में रूट ने हर बार बल्ले से क्रीज पर कदम रखते ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, चाहे उनके सामने कोई भी प्रतिद्वंद्वी क्यों न हो। जैसे-जैसे वह क्रिकेट की दुनिया को अपने अथाह कौशल से मंत्रमुग्ध करते जा रहे हैं, कुक को अपने दोस्त के करीब केवल एक ही खिलाड़ी नजर आता है।



कुक ने आईसीसी द्वारा आयोजित एक राउंड-टेबल इंटरव्यू के दौरान कहा, मुझे लगता है कि इस समय, मुझे जो रूट जितना अच्छा खेलते हुए किसी और को देखना मुश्किल लगता है। पिछले एक साल में तथाकथित 'बिग फोर' के दौरान मुझे लगता है कि विलियमसन और वह शायद इस समय सबसे बेहतरीन फॉर्म में हैं। वे सभी शानदार, वास्तव में शानदार खिलाड़ी, अपने खेलने के तरीकों और तरीकों में सभी बहुत अलग हैं। लेकिन एक चीज जो उन्हें एकजुट करती है, वह है सुधार करते रहने और रन बनाते रहने की भूख और इच्छा।

रूट वर्तमान में पाकिस्तान के खिलाफ चल रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेल रहे हैं। विलियमसन को भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों के लिए न्यूजीलैंड की टीम में चुना गया है। हालांकि कमर में खिंचाव के कारण वह बेंगलुरु में कीवी सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। कोच गैरी स्टीड ने उनकी अनुपलब्धता की पुष्टि की है, जिसके बाद वे दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो जाएंगे। रूट मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ पहले दो टेस्ट के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 104.67 की औसत से 314 रन बनाए हैं। गुरुवार से रावलपिंडी में शुरू होने वाले सीरीज के निर्णायक मैच में वे अपने स्कोर में सुधार करना चाहेंगे।

# भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले बोले कमिंस, हम अपनी गलतियों को सुधारने आए हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में उनकी टीम अपनी गलतियों में सुधार करेगी ताकि एक दशक बाद ट्रॉफी अपने नाम कर सके। दोनों टीमें 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला जीती हैं।



कमिंस ने कहा, 'हमने एक ब्रेक लिया था और अब पांच मैचों की श्रृंखला को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। भारत के खिलाफ पिछली कुछ टेस्ट श्रृंखलाओं में किस्मत ने साथ नहीं दिया लेकिन हमें ऑस्ट्रेलिया में खेलने पर हमेशा गर्व होता है। भारत ने 2020-21 में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती थी जब ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में नाबाद 89 रन बनाए और भारत ने गाबा पर 328 रन के लक्ष्य का पीछा करके जीत दर्ज की थी। इसी श्रृंखला में भारतीय टीम पहले टेस्ट में 36 रन पर आउट हो गई थी।

कमिंस ने कहा, 'पिछली दो श्रृंखलाएं काफी पहले खेली गई और हमें उसे भुलाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते समय प्रशंसकों और मीडिया की अपेक्षाएं काफी होती है। पिछली श्रृंखला काफी कठिन थी और गाबा पर आखिरी सत्र में फैसला हुआ। हम जीत नहीं सके लेकिन हम इस बार गलतियों में सुधार करेंगे।%

उन्होंने पंत को भारत को एक्स फैक्टर कहा लेकिन कहा कि उनकी टीम का फोकस अपनी गलतियों में सुधार करने पर है। उन्होंने कहा, 'ऋषभ ने पिछली बार शानदार प्रदर्शन किया था। वह मध्यक्रम में उनके लिए एक्स फैक्टर है। वह विकेट के पीछे भी लगातार बोलता रहता है और हमें हंसाता है। शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के बारे में पूछने पर कमिंस ने कहा, 'मैने शुभमन के खिलाफ खेला है लेकिन जायसवाल को ज्यादा खेलते नहीं देखा। दोनों युवा खिलाड़ी हैं और अलग-अलग प्रारूपों में काफी रन बनाए हैं। अभी श्रृंखला में समय है तो अभी कुछ कह नहीं सकते कि क्या रणनीति होगी।

# बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने से विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई : साक्षी मलिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। साक्षी इस विरोध प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं, उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब 'विटनेस' में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है।

उन्होंने लिखा कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख शरण सिंह पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने अपने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया।



अंत में साक्षी हिस्सा नहीं ले सकीं लेकिन विनेश खेलों से पहले चोटिल हो गईं और बजरंग पदक जीतने में असफल रहे। साक्षी की आत्मकथा के जोनाथन सेल्वाराज सह लेखक हैं। इसमें साक्षी ने हालांकि उन लोगों के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्होंने बजरंग और विनेश को प्रभावित किया।

साक्षी ने लिखा, 'पहले की तरह स्वार्थी सोच फिर से हावी होने लगी। बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू कर दिया। वे खेलों के लिए ट्रायल्स से छूट लेने की बात करने लगे। उन्होंने लिखा, 'बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने का अच्छा असर नहीं पड़ा। इससे हमारे विरोध प्रदर्शन की छवि बुरी तरह प्रभावित हुई। इससे हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए जिसमें कई समर्थकों ने यह सोचना शुरू कर दिया कि हम अपने स्वार्थ के लिए यह विरोध कर रहे हैं। विनेश और बजरंग दोनों इस महीने के शुरू में हरियाणा विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी से जुड़ गए। विनेश जुलाना विधानसभा से जीत गईं जबकि बजरंग पार्टी की राष्ट्रीय किसान इकाई के प्रमुख बने। साक्षी ने किताब में बताया कि बचपन में ट्यूशन देने वाले शिक्षक से छेड़छाड़ के बारे में वह अपने परिवार को नहीं बता सकीं थीं क्योंकि उन्हें लगता था कि यह उनकी गलती थी।

# पृथ्वी शॉ ज्यादा वजन के कारण मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर, चेतावनी भी मिली

**मुंबई (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ को त्रिपुरा के खिलाफ आगामी रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम से बाहर कर दिया गया है। मुंबई ने आधिकारिक तौर पर बाहर किए जाने का कोई कारण नहीं बताया, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि शॉ को अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए कहा गया है और उन्हें बाहर करने का फैसला 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए एक चेतावनी भी है कि वह अपने अनुशासन संबंधी मुद्दों को सुलझा लें।

शॉ जुलाई में बेंगलुरु में मुंबई के कंडीशनिंग कैंप और चेन्नई में बुची बाबू ट्रॉफी में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने ईरानी ट्रॉफी की दूसरी पारी में शेष भारत के खिलाफ मुंबई के लिए 76 रन बनाकर अपने घरेलू सत्र की शुरुआत की। मैच ड्रॉ रहा और मुंबई ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर ट्रॉफी जीत ली। रणजी ट्रॉफी में शॉ ने बड़ौदा से मुंबई की हार में 7 और 12 रन बनाए और फिर महाराष्ट्र पर 9 विकेट की जीत में 36 गेंदों पर 1 और 39* रन बनाए।

रिपोर्ट के अनुसार मुंबई के चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन को लगा कि शॉ का वजन अधिक है। वे नेट अभ्यास सत्रों को गंभीरता से न लेने के कारण भी उनसे नाराज हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे और भारत के स्टार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर लगातार नेट पर अभ्यास कर रहे हैं, वहीं शॉ कथित तौर पर सत्र छोड़ रहे हैं। जब वे अभ्यास सत्र में शामिल होते हैं, तो वे इसे हल्के में लेते हैं और सस्ते में आउट हो जाते हैं। रहाणे और मुख्य कोच ओमकार साल्वी ने शॉ को बाहर करने के निर्णय में चयनकर्ताओं से सहमति जताई।



एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक शॉ को मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किए गए फिटनेस कार्यक्रम के दो सप्ताह का पालन करने के लिए कहा गया है। टीम प्रबंधन ने एमसीए को बताया है कि 24 वर्षीय शॉ के शरीर में 35 प्रतिशत वसा है। एक समय दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं में से एक माने जाने वाले शॉ का करियर अनुशासन और फिटनेस के साथ संघर्ष के आरोपों के साथ भटक गया है। शॉ कई ऑफ-फील्ड मुद्दों का भी विषय रहे हैं जिसमें फरवरी 2023 में एक नाइट क्लब में हुई मारपीट भी शामिल है और बाद में उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। शॉ को 2019 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने डोपिंग उल्लंघन के लिए कुछ महीनों के लिए निलंबित कर दिया था।

शॉ सचिन तेंदुलकर के बाद रणजी ट्रॉफी और दलीप ट्रॉफी में डेब्यू पर शतक बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उन्होंने अक्टूबर 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अपनी पहली पारी में ही शतक बनाया जिसमें 154 गेंदों में 134 रन बनाए। उस समय 18 साल और 319 दिन की उम्र में शॉ अपने टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय और तेंदुलकर के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले अपने देश के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।

# सरफराज खान बने पिता, भारतीय बल्लेबाज ने शेयर की बेटे की तस्वीरें

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान पिता बन गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी साझा की है। सरफराज ने अपने बेटे के साथ तस्वीरें भी साझा की हैं। सरफराज ने पहली स्टोरी में कहा, 'यह बेटा है।' सरफराज ने पिछले साल अगस्त में रोमाना जहूर से शादी की थी। इस साल की शुरुआत में राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए अपने बहुप्रतीक्षित टेस्ट डेब्यू के समय उनकी पत्नी और पिता मौजूद थे। सरफराज को अनिल कुंबले से भारतीय टीम की कैप प्राप्त करने के बाद अपने पिता और पत्नी के पास भारत की कैप ले जाते हुए देखा जा सकता था, जो दोनों ही भावुक दिखाई दे रहे थे। उन्होंने सीरीज में खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 200 रन बनाए, जिनमें से प्रत्येक में उन्होंने एक अर्धशतक बनाया और उनका औसत 50.00 रहा। सरफराज तब बांग्लादेश के खिलाफ भारत की दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बेंच पर थे और उम्मीद थी कि उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के लिए भी प्लेइंग 11 में शामिल नहीं किया जाएगा।

# बाबरिया अब इस्तीफा देने की बात कर रहे हैं, लेकिन उनको चुनाव से पहले ही ऐसा करना था: कैप्टन अजय यादव



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार को अब तक कांग्रेस पचा नहीं सकी है। इसके अलावा हार के चलते सिर-फुटव्वल भी तेज हो गया है। अब बागी नेता अजय यादव ने राज्य के चुनाव प्रभारी रहे दीपक बाबरिया पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बाबरिया अब इस्तीफा देने की बात कर रहे हैं, लेकिन उनको चुनाव से पहले ही ऐसा करना था। हरियाणा यूनिट के सीनियर लीडर कैप्टन अजय यादव ने सोमवार की पार्टी की हार के लिए सूक्ष्म-प्रबंधन की कमी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अब त्यागपत्र की पेशकश कर रहे प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया को चुनाव से पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। हाल ही में पार्टी से इस्तीफा देने और फिर इसे वापस लेने वाले यादव ने दावा भी किया कि चुनाव के बाद उनके पास भाजपा में जाने का प्रस्ताव था, लेकिन वह नहीं गए। ऐसा इसलिए क्योंकि उनका और उनके परिवार का कांग्रेस से 70 साल पुराना संबंध है। उनका यह भी कहना था कि कांग्रेस नेतृत्व की तरफ से उनकी बात सुनने का विश्वास दिलाया गया जिसके बाद उन्होंने त्यागपत्र वापस लिया। यादव ने कहा कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस में ओबीसी समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। अजय सिंह यादव ने सोनिया गांधी के पार्टी अध्यक्ष पद से हटने के बाद अपने साथ खराब व्यवहार किये जाने का आरोप लगाते हुए गत 17 अक्टूबर को को पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कांग्रेस के ओबीसी विभाग के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया था। हालांकि इसके दो दिन बाद ही अपने फैसले से पीछे हटते हुए उन्होंने कहा था कि वह 'जन्मजात कांग्रेसी' हैं और 'आखिरी सांस तक' कांग्रेसी बने रहेंगे। यादव ने सोमवार को यहां कहा, 'इस्तीफा वापस लेने का कारण है कि मुझसे कहा गया है कि आपकी बात सुनी जाएगी। मैं भाजपा में नहीं जा रहा था, बाकी लोग भाजपा में चले जाते है। मेरे पास तो भाजपा में जाने का प्रस्ताव था। चुनाव के बाद यह प्रस्ताव था।' उनका कहना था, 'मैंने पूरी जिंदगी कांग्रेस में निकाल दी। मेरे बेटा चिरंजीव कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव है। मेरे पिता 1952 में विधायक बन गए थे। हमारा 70 साल का नाता कांग्रेस के साथ है।'

### बाबरिया बीमार थे तो पहले क्यों नहीं दिया इस्तीफा

कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बबारिया के इस्तीफे की पेशकश का हवाला देते हुए यादव ने कहा, 'बाबरिया जी अब कह रहे हैं कि इस्तीफा देने का प्रस्ताव दिया है। पहले क्यों नहीं किया। जब आप बीमार थे तो उसी समय इस्तीफा क्यों नहीं दिया।' उन्होंने हार के कारणों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां पार्टी के स्तर पर सूक्ष्म-प्रबंधन और समन्वय का अभाव था। हरियाणा के पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस विधायक मामन खान के विवादित बयान और भाजपा के 'बंटोगे तो कटोगे' वाले विमर्श का भी असर हुआ। उन्होंने कहा कि ईवीएम को लेकर भी इस चुनाव में संदेह पैदा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कार्य समिति में हरियाणा से सिर्फ जाट और दलित समुदायों को प्रतिनिधित्व मिला है, जबकि भाजपा ने केंद्र में राज्य के कई ओबीसी नेताओं को मंत्री बनाया है। यादव ने कहा कि कांग्रेस के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और ओबीसी विभागों के प्रमुखों को भी विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति का हिस्सा होना चाहिए तथा ओबीसी विभाग के प्रमुख सिर्फ रस्मी पद नहीं होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों में टिकट वितरण में वंचित समाज का ध्यान रखा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र चुनाव लड़ेगा लॉरेंस बिश्नोई? यूबीवीएस पार्टी ने ऑफर देकर कहा-हमें आपमें भगत सिंह दिखते हैं



**मुंबई, एजेंसी।** कुछ दिन पहले एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को चर्चा में ला दिया है। बिश्नोई की गैंग से जुड़े बदमाशों ने सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि अभी और निशाने बनाए जाएंगे। हालांकि मामले में जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि क्या वाकई बिश्नोई गैंग ने ही बाबा सिद्दीकी की हत्या की। इस बीच महाराष्ट्र की एक पार्टी ने बिश्नोई को पत्र लिखकर विधानसभा चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। पार्टी के अध्यक्ष ने बिश्नोई को लिखे पत्र में कहा है कि वे बिश्नोई में भगत सिंह को देखते हैं। बिश्नोई को क्रांतिकारी बताते हुए उन्होंने आग्रह किया कि अगर वे उनके टिकट से चुनाव लड़ें तो उनकी पार्टी उन्हें जीत दिलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

गुजरात की साबरमती सेंट्रल जेल में नौ साल से बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को उत्तर भारतीय विकास सेना (यूबीवीएस) नाम की एक पार्टी से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ने का ऑफर मिला है। उत्तर भारतीय विकास सेना भारत के चुनाव आयोग और महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग के साथ पंजीकृत एक पार्टी है। ऐसी जानकारी मिली है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने लॉरेंस बिश्नोई को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में चुनाव लड़ने का अनुरोध किया है।

उत्तर भारतीय विकास सेना के अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने बिश्नोई को भेजे पत्र में लिखा, हम आपमें शहीद भगत सिंह को देखते हैं। महाराष्ट्र चुनाव के लिए हमने 4 टिकट पहले ही फाइनल कर लिए हैं। लॉरेंस बिश्नोई की हां के बाद 50 और उम्मीदवारों की सूची भी जल्द ही जारी कर ली जाएगी।

उन्होंने बिश्नोई को पत्र में लिखा कि हम आपको महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दे रहे हैं। उत्तर भारतीय विकास सेना के कार्यकर्ता और पदाधिकारी अच्छे प्रदर्शन से चुनाव जीतेंगे। पत्र में यह भी कहा गया है कि हम तैयार हैं, बस आपके जवाब का इंतजार है।

### महायुति में सीट शेयरिंग फाइनल! भाजपा को सबसे ज्यादा, एकनाथ शिंदे 78 सीटें और अजीत पवार को 54 सीटें

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महायुति गठबंधन में सीटों का बंटवारा लगता है फाइनल हो गया है। हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और दोनों डिप्टी सीएम अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस के बीच इसको लेकर बैठक हुई। अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक बैठक में सीट शेयरिंग पर मुहर लग चुकी है। इसके हिसाब से इस बार भाजपा महाराष्ट्र में 156 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। इसके अलावा एकनाथ शिंदे गुट को 78 सीटें और अजीत पवार की एनसीपी को 54 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। बताया जाता है अमित शाह के आवास पर करीब तीन घंटे तक चली बैठक में यह फैसला लिया गया। 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग होगी, जबकि नतीजों का ऐलान 23 नवंबर को होगा। बताया जाता है अभी सीटों के आदान-प्रदान पर बहुत काम किया जाना है। तीनों पार्टियों को सीटें तो लगभग उतनी ही मिलेंगी जितना ऊपर बताया गया है। न्यूज 18 के मुताबिक लेकिन उम्मीदवारों की जीत के आधार पर कुछ सीटें एक्सचेंज हो सकती हैं। इस बीच भाजपा ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 99 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट घोषित कर दी है। इसके मुताबिक डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण पश्चिम की मजबूत पकड़ वाली सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कमठी से मैदान में उतरेंगे। पार्टी ने 13 महिला उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है। इसमें पूर्व कांग्रेसी अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को भोकर से मैदान में उतारा गया है।

## बृजभूषण की जगह लेना चाहती थीं बबीता फोगाट

### बीजेपी नेताओं ने ही करवाया प्रदर्शन; साक्षी मलिक का दावा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** ओलंपिक रेसलर साक्षी मलिक ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि बीजेपी नेता बबीता फोगाट ने ही खिलाड़ियों को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए उकसाया था। उन्होंने कहा कि बबीता बृजभूषण को हटाकर खुद भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) की अध्यक्ष बनना चाहती थीं।

एक इंटरव्यू में मलिक ने कहा कि बबीता ने कई पहलवानों के साथ एक मीटिंग रखी थी। इसके बाद उन्होंने निवेदन किया कि फेडरेशन में चल रही कथित गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन होना चाहिए। साक्षी मलिक ने कहा, बबीता फोगाट का अपना अलग अजेंडा था इसलिए उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए हमें उकसाया। वह खुद डब्ल्यूएफआई की अध्यक्ष बनना चाहती थीं।

उन्होंने कहा, अफवाहें हैं कि कांग्रेस ने इस विरोध प्रदर्शन के लिए हमारा समर्थन किया। लेकिन यह सब झूठ है। दो बीजेपी नेताओं ने ही हरियाणा में विरोध प्रदर्शन के लिए हमें अनुमति दिलाने में मदद की। उसमें बबीता फोगाट और तीरथ राणा का नाम है।

बता दें कि पूर्व बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर पिछले साल महिला खिलाड़ियों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। उनके खिलाफ जांच की मांग लेकर महिला खिलाड़ियों ने कई दिनों तक धरना दिया।

मलिक ने यह भी कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह फोगाट के कहने पर ही नहीं था। यह केवल उनकी सलाह के बाद शुरू हुआ। उन्होंने कहा, विरोध प्रदर्शन आंख मूंदकर नहीं शुरू किया गया था। हमें भी फेडरेशन के अंदर यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ की जानकारी थी। वहीं मुझे भी यही लगता था कि अगर फेडरेशन की चीफ एक महिला खिलाड़ी होगी तो इससे काफी बदलाव आएगा। हमें विश्वास था कि वह हमारे संघर्ष को समझेंगी। लेकिन हमें नहीं पता था कि वह इस तरह का खेल हमारे साथ ही खेलेंगी।

उन्होंने कहा, हमें लगा था कि वह भी हमारे साथ इस प्रदर्शन में बैठेंगी और आवाज उठाएंगी। साक्षी मलिक ने बृजभूषण को लेकर भी कहा कि बृजभूषण कहते थे कि जो उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं वे खत्म चुके हैं। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव में विनेश फोगाट की सफलता से पता चलता है कि बृजभूषण के दावे गलत थे। इसके अलावा विनेश ओलंपिक में गई और एक मजबूत विरोधी के सामने भी हारीं नहीं। अगर विरोध खत्म ही हो गया होता तो विनेश फोगाट को ओलंपिक में कौन हिस्सा लेने देता?

## झारखंड में नीतीश को मिलीं जितनी सीटें उससे ज्यादा मांझी की चाहत



**गया, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में सीटों का बंटवारा फाइनल हो चुका है। भाजपा ने आजसू को 10 सीटें देने के अलावा नीतीश कुमार की जेडीयू को दो और चिराग पासवान की एलजेपी को भी एक सीट दी है। अब बिहार की राजनीति के एक और खिलाड़ी और एनडीए के साथी जीतनराम मांझी ने कहा है कि उन्हें भी शामिल किया जाना चाहिए था। मांझी ने कहा है कि वह कम से कम तीन सीटों के हकदार थे।

गया में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जीतनराम मांझी ने कहा कि सीट नहीं मिलने के बावजूद वह एनडीए के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं और सहयोगी दलों की मदद को भी तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि झारखंड में सीट नहीं मिलने की भरपाई वह अगले साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में करना चाहेंगे। वहां लड़ रही है। जहां तक हम (हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा) का सवाल है, राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे हैं उसने हम बात करेंगे कि उन्होंने दवा पेश किया कि नहीं किया। अगर दावा पेश किए हैं और नहीं मिला है तो दुखद बात है। हमें कम से कम तीन सीटें मिलनी चाहिए थी। तीन सीट पर हम जीत सकते थे।

उन्होंने आगे कहा, जब एनडीए की बात आती है, हम एनडीए के साथ हैं। हम सबकी मदद करेंगे। लेकिन इन लोगों को भी चाहिए था, ईमानदारी का तकाजा यही है था कि जब उन लोगों को सीट मिला है तो हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा को भी मिलना चाहिए था। हम जब वहां गए थे तो कहा था कि हम 10 सीट लेंगे, लेकिन लगता है बात आगे नहीं बढ़ी। हम पार्टी और महागठबंधन के अनुशासित सिपाही है। हमने लोकसभा चुनाव में तीन सीटें मांगी थीं लेकिन एक मिला। हम लोग कहीं कुछ नहीं बोले।

### कपल ने लाल सागर के 60 फीट नीचे किया निकाह, जल संरक्षण का संदेश

रियाद। शादी के लिए युवाओं में खूबसूरत लोकेशन के साथ अजब-अनोखी तरीके तेजी से प्रचलित हो रहे हैं। सऊदी अरब के अबू अल ओला और यास्मीन दफ्तरदार ने निकाह के लिए लाल सागर को चुना। गोताखोरी का शौकीन इस कपल ने समुद्री की खूबसूरती को दशार्ने के साथ ही इसके इकोसिस्टम को बचाने का संदेश दिया। जेद्दा के तट पर कोरल रीफ और समुद्री प्रजातियों के बीच युगल ने निकाह किया।

भारत में 2021 में पहली अंडरवाटर शादी हुई थी। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में आइ-टी इंजीनियर वी. चिन्नादुरई और एस. श्वेता ने समुद्र में करीब 60 फीट नीचे जाकर सात फेरे लिए थे। उन्होंने जल प्रदूषण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए शादी का यह तर-ीका चुना।अबू अल ओला और दफ्तरदार खुद गोताखोर हैं, इसलिए उनके गोताखोर साथियों के समूह ने अनूठे आयोजन को अंजाम दिया। कैप्टन फैजल फ्लेम्बन के नेतृत्व में इस गोताखोरी दल ने आवश्यक उपकरण और सभी जरूरी साजो सामान की व्यवस्था की।

## रेडियो टावर से टकराने के बाद क्रैश हुआ हेलीकॉप्टर, बच्चे समेत 4 लोगों की हुई मौत

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** अमेरिका के ह्यूस्टन में एक हेलीकॉप्टर रविवार रात डियो टावर से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार क बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आर44 हेलीकॉप्टर ह्यूस्टन की एलिंगटन हवाई पट्टी से उड़ान भरने के बाद गभग 15 मील की दूरी पर स्थित सेकंड वॉर्ड में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दसे में मारे गए लोगों की पहचान और उम्र अभी सार्वजनिक नहीं की ई है। दमकल विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अधिकारी र्घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। ह्यूस्टन शहर के काउंसिल सदस्य ारियो कास्टिलो ने बताया, सेकंड वॉर्ड में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर रकारी स्वामित्व वाला नहीं था, बल्कि इसका संचालन एक निजी पर्यटन ंपनी करती थी। हालांकि, कास्टिलो के दावे की अभी आधिकारिक पुष्टि हीं की जा सकी है। स्थानीय में मीडिया में प्रकाशित खबरों में कहा गया कि बड़ी संख्या में आपात कर्मी दुर्घटनास्थल की ओर जा रहे हैं। पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल के पास रहने वाले ोगों से आग्रह किया है कि अगर उन्हें अपनी संपत्ति पर ऐसा कुछ भी मले, जो उनकी जांच में मदद कर सके, तो वे उनसे संपर्क करें।

### यमुना नदी के ऊपर बादलों की तरह छाया जहरीला झाग, स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में यमुना नदी में जहरीले झाग की सफेद चादर सुर्खियां बनी हुई है। इसे अंतरिक्ष से सैटेलाइट इमेजरी में भी कैद किया गया है। तस्वीरों में दक्षिण पूर्वी दिल्ली के ओखला इलाके में करीब तीन किमी दूरी पर स्थित दो बैराजों के पास यमुना नदी में झाग बहता दिखाई दे रहा है। इन दिनों सोशल मीडिया पर इसकी वीडियोज खूब वायरल हो रही है, जिनमें नदी के बड़े हिस्से में झाग दिखाई दे रहा था, जो पानी के ऊपर बादलों जैसा नजर आ रहा था। यूजर्स कह रहे हैं कि जब समंदर का पानी साफ हो सकता है तो यमुना का क्यों नहीं?


बिहार सरकार

भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय
(राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग)

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त जन जागरूकता श्रृंखला – 14

राजस्व नक्शों की डोर स्टेप डिलीवरी सेवा

बिहार सरकार द्वारा दिनांक- 06.09.2022 से राजस्व नक्शों की डोर स्टेप डिलीवरी सेवा की शुरुआत की गई है। इसमें अब तक 27,000 से अधिक रैयतों के घर तक राजस्व नक्शों को सफलतापूर्वक पहुँचाया जा चुका है। राज्य के सभी रैयतों से अनुरोध है कि ऑनलाइन विधि से राजस्व नक्शों का ऑर्डर देकर घर बैठे अपने गांव का नक्शा प्राप्त करें। इससे समय और संसाधनों की बचत होगी साथ ही आप भीड़-भाड़ एवं काउंटर पर लाइन में लगने से बच जाएंगे। नक्शों को ऑनलाइन मंगाने के लिए www.dlrs.bihar.gov.in पर जाकर वहां दिए गए अनुदेशों का पालन करें।

(सर्वेक्षण एवं राजस्व संबंधित विशेष जानकारी के लिए You Tube पर Directorate of Land Records and Survey Bihar सर्च करें)



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव हेतु टॉल फ्री नंबर 18003456215 पर संपर्क किया जा सकता है।

निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

Follow us: RevenueBihar BiharRevenue

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी

PR. No. 011079 (Revenue)D. 2024-25



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129